खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 18 मई 2025 | वर्ष –69 | अंक –182 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ समकालीन कविता में मां ■ युद्ध (कहानी) 04
■ 10 लाख फिलिस्तिनियों को इस देश ... ■ गाजा में जारी युद्ध को लेकर मैं नेतन्याहू से... 09
■ अब शेयर बाजार में उतरेंगे ग्रामीण बैंक ■ वापस लौटे विदेशी निवेशक, मई के पहले... 11
■ नीरज चौपड़ा ने पहली बार... ■ तेंदुलकर के सम्मान में... 10

### आईपीएल में आज

TATA IPL

राजस्थान विरूद्ध पंजाब (जयपुर) 3.30 दोपहर से

दिल्ली विरूद्ध गुजरात (दिल्ली) 7.30 शाम से

## पाकिस्तान हाई कमीशन में डिनर, भारत के खिलाफ साजिश रच रहे कर्मी से संपर्क...

# पंजाब-हरियाणा से महिला यूट्यूबर समेत 6 गिरफ्तार

**सिरसा, नई दिल्ली, एजेंसियां।** हरियाणा की चर्चित यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. इसी के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब और हरियाणा से छह जासूसों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. यह लोग हरियाणा के कैथल, हिसार, नूह और पानीपत के साथ ही पंजाब के मलेरकोटला से पकड़े गए हैं. इन लोगों पर भारत की गोपनीय सैनिक जानकारियां पाकिस्तान को भेजने का आरोप है.



## पाकिस्तान पहुंचाते थे भारत की खुफिया जानकारी

जानकारी के अनुसार इसमें यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं. ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है. ज्योति हिसार की रहने वाली है. आईबी टीम द्वारा ज्योति मल्होत्रा को पूछताछ के लिए सीआईए स्टाफ हिसार कार्यालय में ले जाया गया है. ज्योति ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन में गई थी. वहां उसकी मुलाकात अहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई. उसने दानिश का मोबाइल नंबर ले लिया. दोनों की बातें होने लगी. उसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी. ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली. अली अहवान ने उसके घूमने फिरने और रहने का प्रबंध किया. अली अहवान ने पाकिस्तानी इंटेलीजेंस तथा सिक्योरिटी के अधिकारियों से उसकी मुलाकात कराई. ज्योति ने बताया कि वह राणा शहबाज और शाकिर से भी मिली. उसने शाकिर का मोबाइल नंबर भी लिया और अपने मोबाइल में जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया ताकि किसी को शक न हो. वापस भारत आने के बाद व्हाट्सएप, स्नैप चैट, टेलिग्राम के माध्यम से उन लोगों के संपर्क में रहने लगी. देश विरोधी सूचनाएं उन तक पहुंचाने लगी।

### पंजाब की गजाला भी जासूसी में शामिल

जासूसी मामले में जिन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है, उनमें 32 साल की गजाला भी शामिल है. गजाला दानिश के साथ वित्तीय लेन-देन में शामिल थी और वीजा प्रक्रिया में मदद कर रही थी. इसके अलावा यामीन मोहम्मद भी शामिल है, जो दानिश को हवाला और अन्य माध्यमों से पैसे पहुंचाने में मदद करता था. साथ ही हरियाणा के कैथल से देविंदर सिंह ढिल्लो को अरेस्ट किया गया है. यह पाकिस्तान की यात्रा के दौरान संपर्क में आया था. उसने पटियाला छावनी के वीडियो पाकिस्तानी एजेंट्स को भेजे थे. इसके अलावा हरियाणा के नूंह से अरमान नाम के स्थानीय युवक को अरेस्ट किया गया है, जिसने भारतीय सिम कार्ड्स मुहैया कराए और 2025 में पाकिस्तानी एजेंट्स के निर्देश पर डिफेंस एक्सपो की साइट तक का दौरा किया।

### बड़ी साजिश का खुलासा

यह मामला एक बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है जिसमें ज्योति समेत छह भारतीय नागरिकों को पाक खुफिया एजेंसियों और उच्चायोग स्टाफ के लिए एजेंट या माध्यम के रूप में काम करते पाया गया है. गिरफ्तारियां हरियाणा के हिसार, कैथल, नूंह और पंजाब के मलेरकोटला से हुई हैं.

### अन्य प्रमुख गिरफ्तारियां

यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के अलावा मलेरकोटला, पंजाब ग़ज़ाला (32), एक मुस्लिम विधवा, और यामीन मोहम्मद को दानिश के लिए वित्तीय लेन-देन और वीज़ा प्रक्रिया में मदद करने के आरोप में पकड़ा गया.

**कैथल, हरियाणा**-देविंदर सिंह ढिल्लों, एक सिख छात्र, जो पाकिस्तान यात्रा के दौरान संपर्क में आया और बाद में पटियाला छावनी का वीडियो पाक एजेंटों को भेजा.

**नूंह, हरियाणा**-अरमान नामक युवक ने भारतीय सिम कार्ड मुहैया कराए और खुफिया व फंड ट्रांसफर का जरिया बना. वह रक्षा एक्सपो 2025 की साइट तक पहुंचा था. इस पूरे मामले में जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां नेटवर्क के अन्य हिस्सों को भी खंगाल रही हैं।

### जासूसी की गतिविधियां

- सोशल मीडिया के ज़रिए पाकिस्तान की सकारात्मक छवि दिखाने का काम सौंपा गया.
- भारतीय ठिकानों की संवेदनशील जानकारी साझा की और दिल्ली में रहते दानिश के संपर्क में बनी रहीं.
- सोशल मीडिया प्रभाव का इस्तेमाल खुफिया और प्रोपेगैंडा कार्यों में किया गया.

## कहर बनकर गिरी आकाशीय बिजली

# ओडिशा में 6 महिलाओं सहित 11 की मौत



**कोरापुट।** ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से छह महिलाओं समते 10 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी बात सामने आई है। मरने वालों में कोरापुट में तीन और गंजम, जाजपुर और ढेंकनाल जिलों में दो-दो लोग शामिल हैं। वही गजपति में एक व्यक्ति की मौत हो गई। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को ओडिशा भर में अलग-अलग जगहों पर नॉरवेस्टर (कालबैसाखी) तूफान ने दस्तक दी थी। इस दौरान तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश हुई थी।



### दादी के साथ पोती ने भी जान गंवाई

**कोरापुट में सबसे ज्यादा मौतें**-कोरापुट जिले में अचानक आए तूफान के कारण लक्ष्मीपुर इलाके में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ओडियापेंटा पंचायत के पोडींगुडा गांव की एक बुजुर्ग महिला और उसकी पोती भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक महिला की पहचान 60 वर्षीय बुरुडी मंडिंगा और उसकी पोती काशा मंडिंगा के रूप में हुई है।

**आईएमडी ने जारी किया अलर्ट**-इसके अलावा, कोरापुट के कुंभरागुडा गांव की निवासी अंबिका काशी की भी खेत में काम करते समय बिजली गिरने से मौत हुई है। वहीं, गंजम में, तूफान ने भंजनगर के बेलागुंठा में एक युवती और कबीसूर्यनगर में एक नाबालिग की जान ले ली। इसी तरह, ढेंकनाल जिले के कामाख्यानगर ब्लॉक के कुसुमंडिया गांव में बिजली गिरने से एक और महिला की मौत हो गई। जिले के गोंदिया पुलिस सीमा के अंतर्गत कबेरा गांव में एक युवक की मौत हो गई।

### सार संक्षेप

## पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- प्रदेश भाजपा नेताओं की जुबान इन दिनों फिसलने से रूकने का नाम नहीं ले रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- जिस जुबान कर काफी संभलकर इस्तेमाल होना चाहिए, वह इन दिनों बेहिसाब चल रही है।

### अब फग्गन की जुबान फिसली

## पाकिस्तानी आंतकवादियों को हमारे आतंकवादी बताया

**डिंडौरी।** प्रदेश भाजपा इन दिनों अपने ही नेताओं के बयानों से मुश्किल में घिरती नजर आ रही है। एक तरफ जहां मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान की आग ठंडी भी नहीं हुई थी, वहीं दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के सेना को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी है। अब ताजा मामला सामने आया है भाजपा सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का, जिनके बयान ने पार्टी के लिए एक और मुश्किल खड़ी कर दी है।



डिंडौरी के अमरपुर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के एक कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद कुलस्ते ने मीडिया से बातचीत करते हुए देश की सेना और बेटियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमें सेना पर गर्व है जिसने पाकिस्तान के आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। लेकिन इसी दौरान उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने कह डाला – पाकिस्तान के हमारे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है!उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और विपक्ष ने इसे लेकर हमला तेज कर दिया है। उनके इस बयान को लेकर कांग्रेस और विपक्ष के अन्य नेताओं ने घेराबंदी शुरू कर दी हैं।

### व्यापमं घोटाला

## सीबीआई अदालत ने 11 दोषियों को सुनाई सजा, जुर्माना भी लगाया

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल की विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को बहुचर्चित व्यापमं पीएमटी (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) घोटाले में बड़ा फैसला सुनाते हुए 11 दोषियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने इन सभी दोषियों पर 16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में वर्ष 2009 की एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने का षड्यंत्र रचा गया था।

इनमें 5 उम्मीदवार विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान, प्रवीण कुमार और रवि सोलंकी (अब मृतक) थे। इन आरोपियों ने मेडिकल प्रवेश के लिए सॉल्वर के माध्यम से परीक्षा दी थी। इनके 5 सॉल्वर नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश शर्मा, दीपक ठाकुर ऐसे थे, जिन्होंने असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा दी, जबकि एक बिचौलिया सत्येन्द्र सिंह इस पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था।

विशेष सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया। इसके साथ ही अदालत ने अपनी टिप्पणी की कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे गंभीर क्षेत्र में इस तरह की धोखाधड़ी समाज के लिए खतरनाक है और इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मामले की जांच पहले एसटीएफ के पास थी, जिसे बाद में सर्वोच्च न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया था। मामले में सुनवाई के दौरान पेश किए गए दस्तावेजों, गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा पाने वालों में अभ्यर्थी, उनके स्थान पर परीक्षा देने वाले 'सॉल्वर' और दलाल सत्येंद्र सिंह शामिल हैं। हालांकि, साक्ष्य के अभाव में दलाल ज्ञानेंद्र त्रिपाठी को अदालत ने दोषमुक्त कर दिया।

## तेजी से विस्तार ले रहे नगरीय क्षेत्रों का व्यवस्थित नियोजन जरूरी : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है।

इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के नगरीय निकायों और विकास प्राधिकरणों के प्रबंधन को सशक्त करते हुए संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रस्तावित क्षेत्रों में वर्तमान में पर्याप्त औद्योगिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। मेट्रोपॉलिटन के रूप में विकास से यहां निवेश और औद्योगिक विकास की प्रक्रिया तेज होगी।



### मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन से संबंधित बैठक ली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन एरिया गठन से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नागरीय विकास एवं आवास संजय शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में परस्पर कनेक्टिविटी ब?ाना आवश्यक है। इसके लिए बसाहटों, यातायात, सार्वनिक परिवहन, अधोसंरचना, जल आपूर्ति, सीवरेज, विद्युत आपूर्ति, और प्रकाश व्यवस्था आदि की समन्वित रूप से कार्ययोजना बना कर गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इन वृहद क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, कृषि योग्य भूमि के संरक्षण, वन प्रबंधन, जल ग्रहण और पर्यटन की संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नीतियां निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पंचायतों को आवश्यकतानुसार नगर परिषद के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन के लिए विद्यमान व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।




अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### मौसम — देशभर में चेतावनी

## 29 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई राज्यों में तेज आंधी का असर दिखने लगा है, जबकि कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। पश्चिम बंगाल और झारखंड में बिजली गिरने से जानमाल का नुकसान हुआ है। अगले तीन दिन कई राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना है।

भारत मौसम विभाग ने शुक्रवार को देश के 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य शामिल हैं। कई राज्यों में तेज आंधी और बारिश का असर दिखने लगा है, वहीं कुछ हिस्सों में हीटवेव से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल और झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने से जानमाल का नुकसान हुआ है।

मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बाकी जिलों में लू के हालात बने हुए हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी है, और 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों में पारा 44एष्ट के पार पहुंच गया है, श्रीगंगानगर में तापमान 45.8एष्ट दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में बारिश की चेतावनी और बीकानेर व श्रीगंगानगर में लू का अलर्ट है। दिल्ली में शुक्रवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स301 तक पहुंच गया, जो %बहुत खराब% श्रेणी में आता है। पुणे में तेज आंधी से कई होर्डिंग्स गिर गए, जबकि चंडीगढ़ में रातभर तेज हवाएं और बिजली चमकती रही।



**पश्चिम बंगाल और झारखंड में बिजली गिरने से मौतें**-नादिया और जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और पांच लोग झुलस गए। सभी लोग पेड़ के नीचे खड़े थे तभी हादसा हुआ। झारखंड के चाईबासा में बिजली की चपेट में आने से एक ष्टक्रक्कस्न जवान की जान चली गई।

**अगले तीन दिन का मौसम पूर्वानुमान**-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में आंधी और बारिश की संभावना है। दक्षिण भारत के कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में तेज बारिश जारी रहेगी। गुजरात और महाराष्ट्र में भी हल्की बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर राज्यों जैसे अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय में आंधी-बारिश की चेतावनी है। मध्य और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में तेज बारिश और आंधी के आसार हैं।

# देश-विदेश

## चप्पल से निकला 3.86 करोड़ का सोना

**मुंबई, ( एजेंसियां )।** राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) ने सोने की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अदीस अबाबा से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे चाड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 3.86 करोड़ रुपए मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसे उसने अपनी चप्पलों की एड़ी में छिपाकर रखा था। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद ही चाड के नागरिक को पकड़ा। उसने बेहद चतुराई से चप्पल की एड़ी में सोने के कई 'बार' छुपा रखे थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चाड के नागरिक ने सीमा शुल्क जांच और कानूनी पहचान से बचने के लिए असामान्य तरीके से सोना छिपाया था।

### शांति वार्ता के 24 घंटे में रूस ने यूक्रेन पर फिर बोला हमला

## ड्रोन अटैक में 9 की मौत और 4 घायल



**कीव।** यूक्रेन और रूस का युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, अब यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन अटैक करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन का कहना है कि इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग बुरी तरह से घायल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने आज इस घटना की जानकारी दी है। हाल ही में रूस और यूक्रेन शांति वार्ता के लिए मानें हैं। ऐसे में इस खबर ने एक बार फिर दुनिया की चिंता बढ़ा दी है।

यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने टेलीग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि यह सिर्फ गोलीबारी नहीं बल्कि एक संगीन युद्ध अपराध है। रूस के ड्रोन ने यूक्रेन में एक बस पर हमला किया। इस हमले में यूक्रेन के 9 नागरिकों की मौत हो गई और 4 यात्री घायल हैं।

**रूस ने किया इनकार**-यूक्रेन की पुलिस ने टेलीग्राम पर इस हादसे की तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों एक नीले रंग की वैन दिखाई दे रही है, जिसपर यूक्रेन की पुलिस ड्रोन हमले का दावा कर रही है। हालांकि रूस ने नागरिकों पर हमले की खबर से साफ इनकार कर दिया है।

**सीजफायर पर नहीं बनी बात**-हालांकि रूस का कहना है कि उसने यूक्रेन के सैन्य हथियारों पर ड्रोन हमला किया था। शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के बीच पहली बार इस्तांबुल में बातचीत हुई। हालांकि यह शांति वार्ता विफल साबित हुई। दोनों ही पक्षों में सीजफायर पर सहमति नहीं बन सकी।

**पहली बार हुई थी शांति वार्ता**-फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन का युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार दोनों देशों में बातचीत हुई। यूक्रेन लगातार सीजफायर की गुहार लगा रहा है। हालांकि रूस, यूक्रेन की सीजफायर की शर्तें मानने को तैयार नहीं है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुपर सोनिक मिसाईल ब्रह्मोस की मांग बढ़ी

## 17 देश लगे हैं कतार में

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन के बाद पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति देख ली है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सैन्य हथियारों, मिसाइलों, ड्रोन और फाइटर विमान लगातार सुर्खियों में हैं। खासकर इस संघर्ष में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाली भारत की सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस ऑपरेशन सिंदूर की सुपर हीरो बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अचानक ब्रह्मोस मिसाइल की अंतराष्ट्रीय स्तर पर डिमांड बढ़ गई है। ब्रह्मोस मिसाइल एक वर्सेटाइल और दुर्जेय हथियार है, जिसे जमीन, हवा और समुद्र से लॉन्च किया जा सकता है, जिससे यह कई मोर्चों से हमला करने की क्षमता रखती है।

ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम वर्तमान में भारत की सबसे तेज क्रूज मिसाइल है। इसका पहला परीक्षण 12 जून, 2001 को किया गया था, और इसके बाद इसकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अपग्रेड किया गया। सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस मैक 3 तक की स्पीड से चल सकती है और इसकी स्टैंडर्ड रेंज 290 किमी है, जो इसके एडवांस वर्जन में 500 चद्व या 800 किमी तक बढ़ जाती है।




ये मिसाइल 300 किलोग्राम विस्फोटक अपने साथ ले जाने में सक्षम है। साथ ही ये 15 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर उड़ सकती है। यह जमीन से 10 मीटर ऊपर तक के टारगेट पर हमला कर सकती है, जिससे यह सटीक हमलों के लिए बेहद कारगर है। आपको बता दें कि एक ब्रहमोस मिसाइल की कीमत लगभग 34 करोड़ रुपये है।

**17 देश खरीदना चाहते हैं ब्रह्मोस मिसाइल**-ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस मिसाइल को खरीदने वाले देशों की लाइ लग गई है। 17 देशों ने इस मिसाइल को खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। इंडोनेशिया ने इसके एडवांस्ड वर्जन को खरीदने में रुचि दिखाई है। इसके साथ ही सिंगापुर, ब्राजील, चिली, अर्जेटीना, थाईलैंड, वेनेजुएला, मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, दक्षिण अफ्रीका और बुल्गारिया समेत अन्य कई देशों की इस मिसाइल को खरीदने में रुचि ले रहे हैं। इनमें से कई देशों के साथ भारत की डील लगभग पक्की हो चुकी है।

## मणिपुर पुलिस ने केएसओ अध्यक्ष पर की प्राथमिकी दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने शनिवार को कुकी छात्र संगठन (केएसओ) दिल्ली के अध्यक्ष पाओजाखुप गुइते के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि गुइते ने उस वीडियो में मैतेई को धमकियां दीं जो उखरुल में शिरुई महोत्सव में हिस्सा लेंगे। वीडियो में, गुइते ने लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करते हुए कुकी को सभी मैतेई को मारने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कुकी लोगों को उखरुल में आगामी शिरुई महोत्सव में शामिल होने के लिए मैतेई को बफर जोन पार करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## कोरोना ने फिर दी दस्तक! दो देशों में नए कोविड मामलों ने बढ़ाई दुनियाभर में टेंशन



**नई दिल्ली।** कोविड-19 का दंश दुनिया अभी भूली नहीं है, इस बीमारी के जख्म अभी भरे नहीं हैं, लेकिन ये एक बार फिर पैर पसारने लगी है। एशिया के कई हिस्सों में कोरोना की एक नई लहर फैल रही है। हांगकांग और सिंगापुर जैसे शहरों में वायरस के मामलों में जोरदार बढ़ोतरी देखी जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।

हांगकांग में कोरोना ने बढ़ाई टेंशन

हांगकांग के सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन के संक्रामक रोग के ब्रांच प्रमुख अल्बर्ट आउ ने बताया कि शहर में कोविड-19 के बहुत ज्यादा केस मिल रहे हैं। पिछले साल के बाद से यह अब तक का सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। उन्होंने बताया कि 3 मई तक गंभीर मामलों की संख्या 31 तक पहुंच गई, जो चिंताजनक है। हालांकि ये उछाल पिछले 2 वर्षों की तुलना में कम है, लेकिन अन्य संकेतक बताते हैं कि वायरस तेजी से फैल रहा है। कोविड-19 वायरस सीवेज के पानी में पाया गया है। भारी संख्या में लोग अस्पतालों और क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं, उनमें कोरोना के लक्षण मिल रहे हैं। हांगकांग के मशहूर पॉप स्टार ईसन चान भी कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं, जिसके कारण उन्हें ताइवान में होने वाले अपने कॉन्सर्ट स्थगित करने पड़े।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष 07632-358737
जेम/2025/बी/6205955
ई-मेल-dpepiubalaghat@gmail.com
दिनांक 13.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि ( कार्य की लागत ) ( रु. लाख में ) | अमानत राशि ( ईएमडी ) ( रू.में ) | ठेकेदार/ फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय ( माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/2025/ B/6205955 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत 05 नग छात्रावास भवनों ( दमोह, भण्डेरी, चिखलाबांध, बैहर एवं गढ़ी ) में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य | बालाघाट | 216.40 | 650000.00 | शासन अंतर्गत पंजीकृत निर्माता ( OEM )/ प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13.05.2025 समय दोपहर 03.00 बजे से दिनांक 26.05.2025 समय शाम 7.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग बालाघाट

G-12955/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

### कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला-उमरिया म.प्र.

क्रमांक/1526/नि.सू./2025 उमरिया, दिनांक 15/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु जेम पोर्टल में पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि | अमानत राशि | कार्य की समयावधि | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | GEM/2025/B/ 6205493 Date 08/05/2025 | Steel Roofing Through Sheet or SRT (Steel profiles) as per IS 1079, Strip, Ms square pipe 3*3, Ms square pipe 2*2, Metal Angle Profile Sheet | 960000.00 | 9600.00 | 90 दिवस | 29-05-2025 |
| 2 | GEM/2025/B/ 6197872 Date 05/05/2025 | Crotons Yellow Plant, Akalifa Fire Red plant purple heart plant, Sanchezia plant | 475000.00 | 4750.00 | 90 दिवस | 26-05-2025 |
| 3 | GEM/2025/B/ 6193916 Date 05/05/2025 | Decorative Flag, The Indian National Flag as per IS 1, Vehicle Safety Flag Mast, Bunk Beds as per IS 17636, Sharping Stone, Self Adhesive Flags (V2), The Indian National Flag Polyester, Commutator Grinding Stone, Gaura Stone Products from Mahoba -ODOP, Mauermayer Stone Punch | 970000.00 | 9700.00 | 60 दिवस | 26-05-2025 |
| 4 | GEM/2025/B/ 6199679 Date 05/05/2025 | Professional Painting Service-Removing white or colour wash by scrapping and sand papering and preparing the surface smooth including necessary repairs to scratches etc complete; Professional Painting Service - Finishing walls with Acrylic Smooth exterior paint of required shade Old work on existing cement paint surface; Professional Painting Service-PAINTING OF ART WORK WITH ACRYLIC SMOOTH EXTERIOR FOR BEAUTIFICATION AND BRANDING NOF SBM; | 950000.00 | 9700.00 | 06 माह 15 दिवस | 20-05-2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद उमरिया जिला-उमरिया (म.प्र.)


### पाकिस्तान ने फिर उगला जहर, धमकी देते हुए बोला

## अगर भारत ने तोड़ा सीजफायर तो करार जवाब देंगे

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को 18 मई 2025 तक बढ़ाया गया है। भारत ने पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया है कि अगर बात होगी तो आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर होगी। इस बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार (16 मई 2025) को कहा कि अगर भारत ने फिर से आक्रमण किया तो हम जवाब देंगे।

**शांति चाहता है पाकिस्तान**-पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि हम भारत से आग्रह करते हैं कि वह सीजफायर का पूरी ईमानदारी से पालन करे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान अपने मित्र देशों की भूमिका की सराहना करता है, जिन्होंने सीजफायर करने में मदद की। पाकिस्तान हमेशा बातचीत और शांति बहाली में विश्वास रखता है।

**दुनियाभर में बेनकाब होगा पाकिस्तान**-पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी जनता को खुश करने के लिए दुष्प्रचार करने में लगे हुए हैं। भारत सरकार अब आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को दुनियाभर में बेनकाब करेगी। सरकार पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान के तहत वैश्विक मंच पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह से विभिन्न देशों में कई बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी।

**किसी भी अगली कार्रवाई के लिए पूरी तैयार- भारतीय सेना**-ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद सेना ने दो टूक कहा कि सभी सैन्य अड्डे, उपकरण और प्रणालियां पूरी तरह सक्रिय हैं और किसी भी अगली कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत का नया नॉर्मल है। ऑपरेशन सिंदूर भारत का पहला क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद विरोधी मिशन है जिसमें तीनों सेनाओं ने हिस्सा लिया। सेना ने एलओसी पर हमला किया, वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर टार्गेट्स को हीट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई।

### ट्रम्प ने फिर किया बड़ा दावा

## युद्ध विराम कराने से बड़ी भूमिका थी मेरी

**वाशिंगटन, ( एजेंसियां )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार से निकालने में उन्हें सफलता मिली है और साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अमेरिका के लिए अपने आयात शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार है। फॉक्स न्यूज को दिए गए एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति से जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में उनकी भूमिका के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि युद्ध विराम में मध्यस्थता करने में अमेरिका की भूमिका उससे कहीं अधिक बड़ी है, जिसका श्रेय उन्हें कभी नहीं मिलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी सफलता है, जिसका श्रेय मुझे कभी नहीं दिया जाएगा। इस बीच भारत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने 10 मई को सीधे एक-दूसरे से बात की। श्री ट्रम्प ने कहा, वे प्रमुख परमाणु शक्तियां थीं, ... और वे क्रोधित थे, और अगला चरण शायद, आप देख सकते हैं कि यह जिस तरह से चल रहा था, वह एक दूसरे को जवाब देने जैसा था। उन्होंने कहा, यह संकट गहराता जा रहा था, और अधिक मिसाइलें चल रहीं थीं, हर दिन यह उग्र होता जा रहा था, विकराल होता जा रहा था, एक बिंदु तक जहां अगला चरण था, आप जानते हैं 'एन' शब्द। जिस पर साक्षात्कारकर्ता ने उत्तर दिया, 'परमाणु।'

**भारत अमेरिका के लिए आयात शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार**

**व्यापार का उपयोग एक चाल के रूप में किया था**-अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'एन शब्द एक बहुत ही बुरा शब्द है, यह सबसे बुरी चीज हो सकती है, और मुझे लगता है कि वे परमाणु युद्ध के बहुत करीब थे। नफरत बहुत थी और मैंने कहा, हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं, हम बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं व्यापार का उपयोग हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं।' उन्होंने अपना यह दावा भी दोहराया कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध को टालने में मदद की थी और उन्होंने दोनों देशों को और अधिक शत्रुता में पड़ने से रोकने के लिए व्यापार का उपयोग एक चाल के रूप में किया था।

## नूंह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 बांग्लादेशी नागरिकों को ईंट-भट्टे से गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। सभी एक स्थानीय गांव बाजड़का में स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ईंट-भट्टे पर कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के कार्यरत हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सभी 23 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0005 अ-20(4) वर्ष 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम सुन्दर उर्फ विजय नीखरा आ. जगदीश प्रसाद नीखरा, निवासी-सिविल लाईन्स, सागर के द्वारा अपर कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित भूमि स्वामी स्वत्व की नजूल भूमि शीट क्रमांक 14 प्लाट क्रमांक 7 क्षेत्रफल 2892 वर्गफुट आवेदक के नाम से आवासीय प्रयोजन पर नजूल अभिलेखों में दर्ज है, आवेदक जिसका प्रयोजन व्यवसायिक दर्ज करना चाहते हैं। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, नजूल खसरा एवं नक्शा की प्रतियां । उक्त आवेदन पत्र के तहत प्रकरण संस्थित कर अपर कलेक्टर महोदय द्वारा नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्रेषित किया गया है, जिसके सम्बन्ध में मेरे द्वारा प्रकरण संस्थित कर विचारण में लिया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 30.05.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

जारी दिनांक :- 14.05.2025
सुनवाई दिनांक :-30.05.2025

नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0004 अ-20(4) वर्ष 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रूचि पत्नी राजेन्द सिजारिया, निवासी-गाडरवारा के द्वारा अपर कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित भूमि स्वामी स्वत्व की नजूल भूमि शीट क्रमांक 6 प्लाट क्रमांक 12/2 क्षेत्रफल 650 वर्गफुट आवेदक के नाम से आवासीय प्रयोजन पर नजूल अभिलेखों में दर्ज है, आवेदक जिसका प्रयोजन व्यवसायिक दर्ज कराना चाहते हैं। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, नजूल खसरा एवं नक्शा की प्रतियां । उक्त आवेदन पत्र के तहत प्रकरण संस्थित कर अपर कलेक्टर महोदय द्वारा नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्रेषित किया गया है, जिसके सम्बन्ध में मेरे द्वारा प्रकरण संस्थित कर विचारण में लिया गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 30.05.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक :- 14.05.2025
सुनवाई दिनांक :-30.05.2025

नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा


### दिल्ली में 'आप' को बड़ा झटका

## 'आप' के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश की राजधानी दिल्ली की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) को उस वक्त करारा झटका लगा जब पार्टी के 15 निगम पार्षदों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हेमचंद, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा, सुमन समेत 15 पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने अब एक नया तीसरा मोर्चा (थर्ड फ्रंट) बनाने का ऐलान किया है, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन पार्षदों ने अपने फैसले की जानकारी दी। इस दौरान हेमचंद गोयल को नए फ्रंट का नेता घोषित किया गया। उनके नेतृत्व में यह नया राजनीतिक संगठन आगे की रणनीति बनाएगा और काम करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुकेश गोयल, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार लाडी, सुमन, अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज सहित कई पूर्व निगम पार्षद मौजूद रहे।

इन पार्षदों का कहना है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकट से चुने गए थे। परंतु, 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली नगर निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम निम्नलिखित पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

# देश-प्रदेश

उवाच

## थरूर बोले, सम्मानित महसूस कर रहा हूं

**नई दिल्ली।** प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए नामांकन स्वीकार करते हुए थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद!



मुख्यमंत्री ने बैरसिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में की सहभागिता, कहा-

# भारतीय सेना ने रचा शौर्य और पराक्रम का नया इतिहास

### सैनिकों के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के नारों से गूंजा बैरसिया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है। आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक निरंतर आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के बैरसिया में वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तान को आधी रात में ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान के साथ दुनिया के 200 देश में से सिर्फ दो देश साथ आए- एक तुर्किए और दूसरा अजरबैजान। अब देश की जनता तुर्किए का बहिष्कार कर रही है और भविष्य में अजरबैजान के साथ भी ऐसा ही होगा।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा मार्ग में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया है। आज की यह विशाल तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की गई है। परमाणु शक्ति का डर दिखाने वाला पाकिस्तान 4 दिन में घुटनों पर आ गया। यह भारतीय सेना के पराक्रम और नेतृत्व का कमाल है। सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें हैं। जनता के कल्याण के सभी कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर नवरंग गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

विदेश मंत्री का चौंकाने वाला बयान

# हमने पाकिस्तान को पहले ही दे दी थी हमले की सूचना

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर का चौकाने वाला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन शुरू होते ही पाकिस्तान को यह सूचना दे दी थी कि भारत सिर्फ और सिर्फ आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहा है, न कि पाक सैनिकों पर। उनके इस बयान पर विशेषज्ञों ने आश्चर्य जताया है।



गुरुवार को भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद होने के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा, यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद होना कौन चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें प्राप्त कर लिया। डॉ. जयशंकर ने कहा कि चूंकि मुख्य लक्ष्य प्राप्त हो गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान ने उस अच्छी सलाह को न मानने का विकल्प चुना। जिसका नतीजा यह रहा कि एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से मारा गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा-

### जानकारी नहीं चेतावनी दी थी

विदेश मंत्रालय की ओर से इस मामले में सफाई सामने आई है। सफाई में ये यह बात कही गई है कि तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। जबकि विदेश मंत्री ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती फेज में जानकारी नहीं, चेतावनी दी थी, तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

### विदेश मंत्री के बयान पर राहुल ने कहा- यह अपराध है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर जुबानी हमला बोला। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा कि हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को जानकारी देना अपराध है। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माना है कि भारत सरकार ने ऐसा किया।



# कटड़ा-श्रीनगर रेलवे ट्रेक की 24 घंटे होगी निगरानी

- आतंकियों के निशाने पर है यह रेल लाइन
- अगस्त-सितंबर में चलेगी कश्मीर के लिए रेल

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** हालांकि आधिकारिक तौर पर कटड़ा से कश्मीर तक रेल अभी चलाई नहीं गई है पर इस रेल लाइन पर आपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े हुए खतरे को देखते हुए इसकी सुरक्षा और निगरानी 24 घंअें करने के निर्देश दे दिए गए हैं। रेलवे पुलिस बल को चप्पे चप्पे पर तैनत करनें के साथ ही इसकी सुरक्षा की खातिर ड्रोन का भी सहारा लेने को कहा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि कटड़ा से संगलदान तक रेलवे ट्रैक की ताजा सुरक्षा जांच पूरी हो गई है और कश्मीर घाटी के लिए ट्रेन सेवा शुरू करने से पहले मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए कुछ संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ट्रैक की ताजा सुरक्षा जांच की गई है, जिसमें आतंकवादियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। हालांकि, किसी भी आतंकी हमले को विफल करने के लिए ट्रैक पर पहले से ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, लेकिन अतिरिक्त बलों की तैनाती के साथ उन्हें और मजबूत किया जा रहा है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक पर अतिरिक्त जीआरपी कर्मियों को तैनात किया जा रहा है, जबकि चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और अंजी खड्ड पर भारत के पहले केबल-स्टेड पुल सहित सुरंगों और पुलों की सुरक्षा पर्याप्त पाई गई है।

सूत्रों ने बताया कि सभी सुरंगें सीसीटीवी निगरानी में हैं और पुलों के साथ-साथ चिनाब और अंजी खड्ड पर भी चौबीसों घंटे गश्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि खुले रेलवे ट्रैक पर कुछ समस्याएं देखी गई हैं, खासकर रियासी से आगे के इलाके में, जिन्हें संवेदनशील माना जाता है। यह ट्रैक रियासी से आगे कुछ स्थानों पर अलग-थलग इलाकों से गुजरता है, जहां आबादी वाले गांव बहुत कम हैं और इसे देखते हुए इन सभी इलाकों में अतिरिक्त जीआरपी कर्मियों को तैनात करने का फैसला किया गया है।

सूत्रों का कहना था कि पूरा ट्रैक सुरक्षित कर लिया गया है-चाहे वह सुरंगें हों, पुल हों या कटरा से संगलदान तक के संवेदनशील इलाके हों। रियासी से आगे का ट्रैक भी अब सुरक्षा के लिहाज से साफ है।

### शुरुआत में ट्रेन कटड़ा से बारामुल्ला तक चलेगी

हालांकि, कटड़ा से संगलदान तक रेलवे ट्रैक पर तैनात किए जाने वाले सुरक्षा कर्मियों की संख्या बताने से इनकार करते हुए उन्होंने संख्या को पर्याप्त बताया। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में ट्रेन कटड़ा से बारामुल्ला तक चलेगी। हालांकि, प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाने सहित जम्मू रेलवे स्टेशन पर विस्तार कार्य पूरा होने के बाद, घाटी के लिए ट्रेन जम्मू से परिचालन शुरू कर दी जाएगी, जो संभवत: अगस्त-सितंबर में शुरू होगी।

विवादास्पद बयानों पर सिलसिला जारी

अब विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा-

# संयुक्त राष्ट्र ने सीजफायर का आदेश दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** रीवा जिले के मनगवां से भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। तिरंगा यात्रा के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि भारत ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर संयुक्त राष्ट्र के आदेश पर किया है। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत सरकार खुद साफ कर चुकी है कि उसने किसी बाहरी दबाव में यह निर्णय नहीं लिया। तिरंगा यात्रा की सभा में भाजपा विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने कहा, भारत ने 1973 और 63 की लड़ाई लड़ी। उसमें पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया है। मैं तो ये बात कहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह जो कार्यक्रम आयोजित हो रहा है पाकिस्तान समाप्त कर दिया जाता अगर हम लोगों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा सीजफायर का आदेश न आता। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सीजफायर न होता तो मैं समझता हूं कि मोदी जी ने जो बात कही थी कि बहुत ही तरीके से बहुत ही जल्दी जवाब दिया जाएगा और बहुत करारा जवाब दिया जाएगा।

### मंच से दी सफाई, यूएन की जगह यूएस समझा जाए

अपने भाषण के बाद विधायक प्रजापति ने मंच से ही इस मामले में सफाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे बयान में यूएन को यूएस पढ़ा और समझा जाए।

### तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा भाषण

बाद में उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि मेरे भाषण को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया और पाकिस्तान की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे पाकिस्तान पस्त हुआ और भारत के समक्ष घुटने टेककर सीजफायर की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील विषय पर झूठ फैलाने और बयानों को गलत ढंग से प्रस्तुत करने पर विपक्ष और सरारती तत्वों को बचना चाहिए।

### भाजपा जवाब दे



पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने भाजपा नेताओं द्वारा एक के बाद एक आपत्तिजनक बयानों की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा नेता लगातार सेना को अपमानित कर रहे हैं और सैन्य कार्रवाई को लेकर उनके आपत्तिजनक बयान सामने आ रहे हैं। पहले विजय शाह फिर जगदीश देवड़ा के बयानों के बाद अब विधायक के बयान पर भी भाजपा को जवाब देना चाहिए।

### अविभाजित शिवसेना संग गठबंधन तोड़ने के लिए शाह जिम्मेदार : राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दो दशक से अधिक पुराने भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना (भाजपा-सेना) गठबंधन को तोड़ने का आरोप लगाया। राउत ने दावा किया कि जब शाह दिल्ली आए, तो भाजपा और अविभाजित शिवसेना के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दिवंगत अरुण जेटली ने शाह को दो दलों के बीच दूरियां पैदा करने के खिलाफ समझाने की कोशिश की थी और शाह से कहा था कि शिवसेना उनकी पुरानी पार्टी मित्र है, लेकिन वह अपने फैसले पर अड़े रहे।

# युवा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाएं : सिंह



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज के गौरव बिरसा मुण्डा की 150 वी जयंती चल रही है। उनसे प्रेरणा लेकर नागरिकों के साथ युवा सक्रिय भागीदारी कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में और देश प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

वह आज जनजाति छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा के निमित्त विधान सभा भ्रमण पर आए प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के सौ छात्र-छात्राओं के समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत युवा देश है युवा अपने जीवन का लक्ष्य ऊंचा रखें तथा भारतीय संस्कृति व मूल्यों के संरक्षण के साथ देश को पूर्ण विकसित बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रमुख सचिव द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी युवाओं को विधायिका एवं कार्यपालिका की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके बाद युवा छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया। इस अवसर पर जनजाति युवाओं के साथ रोहित दुबे, प्रांत संगठन मंत्री, प्रमोद प्रभारी, अनिल उपाध्याय, केतन,योगेश गौर उपस्थित थे।

# इसरो के 101 वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू

### भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा

**चेन्नई, एजेंसी।** पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन के रविवार को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शविार सुबह 07.59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है।

तीन सौ इक्कीस टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में कल सुबह 05.59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा। उल्टी गिनती के दौरान इसरो के चार-चरणीय और विश्वसनीय वाहन में प्रणोदक भरने का काम किया गया। यह मिशन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा। इसरो ने कहा, भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मिशन पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को लगभग 549 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा। यह छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फ़िगरेशन का 27वां संस्करण है और यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है। ईवीओएस - 09 के तैनात होने के बाद पीएस4 चरण की ऊंचाई को कम करने के लिए ऑर्बिट चेंज थ्रस्टर्स (ओसीटी) का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद इसके कक्षीय जीवन को सीमित करने के लिए निष्क्रियता की जाएगी, जो जिम्मेदार अंतरिक्ष संचालन के साथ संरेखित है। इसरो ने कहा, उपग्रह पृथक्करण के बाद कक्षा परिवर्तन थ्रस्टर्स (ओसीटी) का उपयोग पीएल-चार चरण की कक्षा की ऊंचाई को कम करने के लिए किया जाएगा, ताकि कक्ष में इसका जीवन कम हो सके, इसके बाद चरण निष्क्रियता होगी। इसरो के अनुसार ईओएस-09 (जिसका मिशन जीवन पाँच वर्ष है) को विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन अनुप्रयोगों के लिए निरंतर और विश्वसनीय रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया।

### हर मौसम में चित्र प्रदान करने में सक्षम

मिशन में एक सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर ) पेलोड है, जो सभी मौसम की स्थिति के तहत विभिन्न पृथ्वी अवलोकन अनुप्रयोगों के लिए चित्र प्रदान करने में सक्षम है। सक्रिय सी-बैंड एसएआर का उपयोग करते हुए, यह सैन्य निगरानी के अलावा कृषि, वानिकी, मिट्टी की नमी, भूविज्ञान, समुद्री बर्फ, तटीय निगरानी, वस्तु पहचान और बाढ़ निगरानी जैसे अनुप्रयोगों में सभी मौसमों के साथ-साथ दिन-रात एसएआर अवलोकन क्षमता प्रदान करेगा। उपग्रह को उसके प्रभावी मिशन जीवन के बाद कक्षा से बाहर निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन आरक्षित किया गया है, ताकि इसे ऐसी कक्षा में उतारा जा सके जो दो साल के भीतर इसके क्षय को सुनिश्चित करे।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0154/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 16/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पूजा चौधरी पति स्व. रीतेश चौधरी निवासी- 773 सराफा बाजार चौधरी मार्केट के द्वारा मौजा सुभाष नगर डायवर्सन सीट नं. 154/ए प्लाट नं. 528/1 स्थित भूमि खसरा नंबर... में से रकवा 1200 वर्गफुट भूमि पर मास्टर दत्तात्रेय पिता शंकर राव की मृत्यु दिनांक .... को जो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 1/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 16/05/25
पेशी दिनांक : 02/06/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

कृति

**शपथ पत्र**

मैं राजनंदनी यादव पिता श्री पूरनलाल यादव, निवासी- 15, उर्दुआ रोड, ग्राम बघेली, नल के पास, सरसवा, जिला (म.प्र.) की शपथपूर्वक कथन करती हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि संघ लोक सेवा आयोग के आवेदन फार्म में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश RAJNANDNI YADAV दर्ज हो गई है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरे नाम की सही स्पेलिंग RAJ NANDINI YADAV है। जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है।
4. यह कि RAJNANDNI YADAV एवं RAJNANDINI YADAV दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के हैं।
5. यह कि RAJNANDINI YADAV के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

स्थान - जबलपुर
दिनांक : 14.05.2025

शपथकर्ता

र.नं.- 474

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0283/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण माखीजा पिता स्व. श्री भारामल माखीजा निवासी आशियाना अपार्टमेंट बी-202 नेपियर टाउन जबलपुर ने ग्राम कंदराखेड़ा स्थित भूमि खसरा नं. 103/1 नया 284 रकवा 0.01 हेक्टेयर भूमि का फौती/वसीयत/ विक्रय पत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरुस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरुस्ती/रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**सुनवाई दिनांक**- 4/06/2025

र.नं. 472

नायब तहसीलदार पनागर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं प्रतीक मालवीय उम्र 44 वर्ष पिता महेश कुमार मालवीय निवासी म.नं. एम.आई.जी. 21 सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड 65 गोविन्द भवन बस्ती, साऊथ सिविल लाईन नजदीक आर.टी.ओ. ऑफिस राजा गोकुलदास धर्मशाला 11 जिला जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्व निम्नलिखित कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्रमांक बी-2017:23-90898-004810 में मेरी पुत्री का नाम आर्ना मालवीय (AARNA MALVIYA) दर्ज हो गया है, व मेरी पुत्री के डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम परिवर्तन कर ऋषिका मालवीय दर्ज किया जाये।

अत: मेरे पुत्री को ऋषिका मालवीय(RISHIKA MALVIYA) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। इसी हेतु नाम परिवर्तन सूचना देने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

र.नं.- 474

शपथकर्ता

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार, एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती नयन श्रीवास्तव पिता श्री सुशील कुमार जैन का अपने पति श्री मयूर श्रीवास्तव से दिनांक 21.01.2025 को द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर के आदेश क्रं. RCHSM/620/2024 द्वारा दोनों के मध्य दिनांक 23/01/2017 को अनुष्ठापित विवाह को, पारस्परिक सहमति के आधार पर विच्छेदित किया गया है एवं एकमात्र पुत्री कु. प्रांशी श्रीवास्तव को श्रीमती नयन श्रीवास्तव सौंपा गया है।

विवाह विच्छेदित के उपरांत सुश्री नयन जैन पिता श्री सुनील कुमार जैन के नाम से जाना वा पहचाना जावेगा। इसी प्रकार कु. प्रांशी श्रीवास्तव को कु. प्रांशी जैन मां सुश्री नयन जैन के नाम से जाना वा पहचाना जावेगा।

| पूर्व का नाम | वर्तमान नाम |
| --- | --- |
| श्रीमती नयन श्रीवास्तव | सुश्री नयन जैन |
| कु. प्रांशी श्रीवास्तव | कु. प्रांशी जैन |

श्रीमती सरिता जैन कोछल ( एडवोकेट )
गोल बाजार, जबलपुर म.प्र.
मोबा.-9406589111

र.नं.- 471


# प्रतिनिधिमंडल पर राजनीति कर रही सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को विदेश तक पहुंचाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के नाम पर राजनीति कर रही है और सर्वदलीय में शामिल होने के लिए जिन नामों की सिफारिश की जा रही है उन्हें नहीं भेज रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के विदेशी दौरे करने की योजना सरकार ने तब बनाई जब उसे एहसास हो गया कि उसकी कूटनीति असफल हो चुकी है। उनका कहना था कि पार्टी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का स्वागत करती है, लेकिन इसमें राजनीति को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2718030Y RANK- SEP NAME-SUMIT UNIT 3 GRENADIERS निवासी VILLAGE- BALWANTI, POST-NOUCH, TEH-KAITHAL, DISTT- KAITHAL, STATE-(HARYANA) PIN 136027 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SHEELA दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SHEELA DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SHEELA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SHEELA
सही नाम- SHEELA DEVI

कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. ARMY NO JC 453434P SUB NAME-MOHAMMAD KALAM KHAN, UNIT- 25 GRENADIERS R/O VILLAGE- KOLAUND, POST-NARAYANPUR, TEH-CHUNAR, DISTT-MIRZAPUR, STATE-UTTAR PRADESH PIN-231305 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम MATIN KHANएवं मेरी माताजी का नाम JAMILA BEEGAM एवं मेरे पत्नी का नाम SHABNAM BEGAM एवं मेरे पुत्री का नाम SAIMA दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम MATEEN KHAN एवं मेरी माताजी का सही नाम JAMILA BEGAM एवं मेरे पत्नी का सही नाम SHABANAM BEGAM एवं मेरे पुत्री का सही नाम SAIMA KHAN है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी एवं पत्नी के एवं मेरे पुत्री इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

कृति

# साहित्य



कहानी

## युद्ध

■ शानी

पाकिस्तान से युद्ध के दिन थे। हवा भारी थी। लोग डरे हुए और सचमुच नीमसंजीदा। आतंक, असुरक्षा और बेचैनी से लदा दिन वक़्त से पहले निकलता और शाम के बहुत पहले यक-ब-यक डूब जाता था। फिर शाम होते ही रात गहरी हो जाती थी और लोग अपने घरों में पास-पास बैठकर भी घंटों चुप लगाए रहते थे।

'सुना! वसीम रिज़वी से चार्ज ले लिया गया है।' दफ़्तर पहुँचते ही शंकर दत्त को एक दिन इसी तरह हतप्रभ रह जाना पड़ा था।

'यानी ? क्या वह नौकरी से...'

'नहीं, नौकरी पर तो है। रिज़वी से वह काम छीन लिया गया है, जो बरसों से करता आ रहा था। डायरेक्टर ने कहा है कि हालात को देखते हुए ऐसा बड़ा काम रिज़वी पर छोड़ना ठीक नहीं। सारे देश का मामला है...'

'क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा!' शंकरदत्त को हँसी आ गई थी। एक तो निहायत बेमानी और सड़ा महकमा और उस पर वह दो कौड़ी का काम, जो रिज़वी करता आ रहा था। अगर विभाग के प्रमुख होने के नाते डायरेक्टर भी चाहता, तो कुछ नहीं कर सकता था, फिर रिज़वी तो एक मामूली कर्मचारी था।

दफ़्तर में मुसलमानों की संख्या कुल मिलाकर चार थी और उस पर भी नोटिस लिए जाने वाले तीन थे। युद्ध छिड़ते ही शहर के मुसलमानों में जो आतंक और भय था, उसका आभास दफ़्तरों में पा लेना सबसे आसान था। दो-एक दिन हर क्षण यह लगता रहता था कि अब कोई दंगा छिड़ा, अब कोई फ़साद हुआ। दरअसल, आम मुसलमान झाड़ियों में दुबके खरगोश की तरह अजीब सकते के आलम में डरा हुआ और चौकस हो गया था। लोग दरवाजे-खिड़कियाँ बंद करके धीमी आवाज़ में रेडियो पाकिस्तान की न्यूज सुनते और जब भी दो या चार आपस में मिलते, खरगोश के अंदाज़ में बातें करते।

इसी बीच एक घटना हुई। सकते के दौरान ही एक रात शहर के संभ्रांत मुसलमानों की एक आम सभा हुई और दूसरे दिन शहर के बीचों बीच एक इमारत पर हिंदी का एक बहुत बड़ा बोर्ड लटका हुआ था-'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ'।

शहर के नामी-गिरामी आदमी हामिद अली, जो दो बार हज करके लौटे थे, इसके प्रेसीडेंट चुने गए थे। हामिद अली के हस्ताक्षरों से मुसलमानों के नाम राष्ट्रीयता की शपथ दिलाने वाली कई बड़ी-बड़ी अपीलें निकाली गई थीं और इन अपीलों को प्रेस तथा अख़बारों तक पहुँचाने का काम क़ुरैशी ने ही किया था।

'क्यों दोस्तो, लाहौर और कितना रह गया?'

युद्ध के बीच के दिनों में लगातार दो दिनों तक जैसे इसी प्रश्न से दफ़्तर खुलने लगा था। टैंकों का नाश हो या आदमियों का, बड़ी अजीब-अजीब और उत्साहवर्धक अफ़वाहें फैलीं हुई थीं। इनमें सबसे बड़ी अफवाह यह थी कि पाकिस्तानी फ़ौज को गाजर-मूली की तरह काटती अपनी फ़ौज लगातार आगे बढ़ती जा रही है और लाहौर पर अब बस क़ब्ज़ा हुआ ही चाहता है।

'क्यों साहब, बहादुरों की किसी फ़ौज को दस-बारह मील का फ़ासला तय करने में कितना वक़्त लगता है?'

उस दिन यह सवाल सबसे पहले क़ुरैशी ने ही किया था। दफ़्तर अभी-अभी खुला था। रिज़वी भी आ चुका था और रोज़ की तरह चुपचाप बैठा वह कोई अख़बार पलट रहा था। क़ुरैशी ने यह सवाल हालाँकि पूरे दफ़्तर से किया था, लेकिन पहले उसने रिज़वी की ओर छिछलती और मानीखेज़ नज़रों से देख लिया था।

'दस घंटे भी लग सकते हैं, दस दिन भी और दस साल भी...'

'अमाँ, दस मिनट कहिए, दस मिनट!' दफ़्तर में अपनी कायरता के लिए प्रसिद्ध एक साहब ने ऐसे जोश में कहा, जैसे वह क्लर्क नहीं, फ़ौज के कप्तान हों।

'यार, लाहौर आ जाए ? बगल की मेज़ से आवाज़ आई, 'हम तो वहीं चलकर बसने की सोच रहे हैं। सुना है कि शहर साला बेहद ख़ूबसूरत है।'

'हाँ, है तो, लेकिन वहाँ करोगे क्या ?'

'क्यों, कुछ भी किया जा सकता है-अखबार है, प्रेस है। क्यों सर, वहाँ चलकर हिन्दी का प्रेस डाल लूँ, कैसा रहेगा?'

'मैं तो भाई होटल खोलूँगा।' एक दूसरे साहब ने पुलकित स्वर में कहा, 'पानी बेचो और पैसा सूँतो ! साली होटल में बड़ी आमदनी है। और कुछ नहीं, तो इस ग़ुलामी से तो पिंड छूटे...'

'कल मैं तेरह रुपए पंद्रह पैसे का मनीआर्डर करने जा रहा हूँ।' सहसा दफ़्तर के बीचों बीच और रिज़वी के सामने घोषणा हुई, 'किसके नाम जानते हो ?' प्रेसीडेंट अय्यूब के नाम ! बेचारा बड़ा ग़रीब आदमी है। पार्टिशन होते ही हमारे तेरह रुपए पंद्रह आने लेकर भाग गया था। यक़ीन न हो तो छिंदवाड़ा मिलिटरी कैंटीन का पुराना खाता देख लो...'

उसी समय रिज़वी, जो अब तक सारी बातों को अनसुनी करता मेज़ पर गर्दन झुकाए बैठा था, सहसा उठा और बिना किसी को देखे हुए चुपचाप गेट से बाहर निकल गया। एक क्षण को तो सब चुप हो गए थे, लेकिन दूसरे ही क्षण क़ुरैशी ने सबकी ओर देखकर आँख मारी थी और लोगों ने एक-दूसरे को कोहनियों से ठेला था।

'देख लिया दत्त जी!' किसी ने सीधे शंकरदत्त पर हमला किया, 'ये अचानक क्या हो गया? क्या मिर्च लग गई ?'

शंकरदत्त हमलावर का मुँह ताकते ही रह गए थे। कि क़ुरैशी ने तपाक से कहा 'अजी, दत्तजी बेचारे क्या कहेंगे ! अभी परसों जब मैं 'राष्ट्रीय मुस्लिम संघ' की अपील लेकर गया था, तो हजरत कहने लगे, काहे की अपील और क्यों?' पट्ठे ने दस्तख़त करने से साफ़ मना कर दिया। कहने लगा, मैं क्या बेईमान हूँ, जो ईमानदारी का सबूत पेश करता फिरूँ...?'

'बत्ती बुझाओ... बत्ती बुजाओ...!

दूर से अभी स्वयंसेवकों की आवाज़ें आ रही थी। बाहर अँधेरा और हैबतनाक ख़ामोशी थी, जैसे समूचे शहर को किसी ने ठंडे और अँधेरे गार में उतार दिया हो। रह-रहकर लड़ाकू हवाई जहाज़ों की आवाज़ सहसा आकाश के किसी कोने में जन्मती, फिर वह शैतानी जवान की तरह लपलपाती हुई मानो प्रत्येक घर की छत-मुँडेरों को चाटती हुई कहीं दूर निकल जाती।

'अब तो शहरों पर भी बम गिराए जा रहे हैं....सिविलियन्स पर!' शंकरदत्त ने साँस भरकर कहा, जैसे अपने आप से बात कर रहे हों। फिर रिज़वी की ओर देखने लगे। वह दोनों घुटने उठाए गुड़ी-मुड़ी-सा बैठा था। कमरे में एक मरियल मोमबत्ती की हलकी सी रोशनी थी, जिसे खिड़की-दरवाज़े बंद करके, या पर्दों को खींचकर रोका गया था। रोशनदान तक के शीशों पर काग़ज़ चिपकाककर उन्हें अंधा किया गया था।

'तुमने आज का अख़बार देखा?' शंकरदत्त को अपनी ही आवाज़ कहीं दूर से आती हुई सुनाई दी, 'सिविलियन्स अस्पताल पर बमबारी और बेग़ुनाह मरीजों के बीमार जिस्मों के परखच्चे उड़ जाना... हरे राम, क्या इस क्रूरता के लिए हमें ईश्वर कभी क्षमा कर सकता है ?' मुझे तो लगता है...'

उसी समय मोमबत्ती की लौ काँपकर टेढ़ी हो गई थी। लगा था कमरे के नीम उजाले फ़र्श को पलटती हुई अँधेरे की कोई लहर आई हो। रिज़वी ने घुटने पर से सिर उठाया। उसके होंठ भी खुले लेकिन वह बोला नहीं। उसने केवल सिर हिला दिया। उठकर शंकरदत्त पास गए और मनाने वाले स्वर में अपनेपन से बोल, 'अमाँ, भूलो भी उसे !'

'किसे?'

'वही सब...?'

'किसे भूलूँ, दत्तजी?'

'क्या वही सब दुहराकर मैं फिर से तुम्हारा मन ख़राब करूँ?' शंकरदत्त ने अत्यंत स्नेहपूर्वक रिज़वी के कंधे पर हाथ रख दिया, वसीम, मैं बराबर यही कहता रहूँगा कि नाइंसाफ़ियों को लेकर मातम करना आज ऐसा ही है जैसे आदमी की मौत पर सिर पटकना। क्या तुम समझते हो कि अपनी बच्चों जैसी ज़िद से लड़कर तुम ऐसी दुनिया से जीत जाओगे, जो युद्ध से कहीं ज्यादा क्रूर है...?'

'बत्ती बुझाओ...!' दूसरे ब्लॉक में से आवाज़ आई थी, लेकिन लगा जैसे वे फिर क्वार्टर के सामने आ गए हों। शंकरदत्त ने उठकर पर्दों को एहतियातन और ठीक कर दिया।

पिछले कई दिनों से शहर में ब्लैक आउट चल रहा था। शहर कैंटोनमेंट एरिया में नहीं आता था, तो भी ख़तरा बना हुआ था। चाहे नागरिकता के फ़र्ज़ के नाते हो या प्राणों के डर से लोग बेहद चौकस और समझदार हो गए थे। ब्लैक आउट बनाए रखने के लिए हर मोहल्ले में स्वयंसेवकों के जत्थे तैयार थे।

रोज़ की तरह आवाज़ लगाते हुए आज भी स्वयंसेवकों के जत्थे आए थे, लेकिन एक जत्था इस ब्लॉक में पहुँचकर आगे नहीं बढ़ा। ऐन रिज़वी के क्वार्टर के सामने आकर रुक गया था। शायद किसी खिड़की का पर्दा ज़रा—सा सरक गया था और रोशनी की शहतीर क्वार्टर से कूदकर सामने की सड़क पर पड़ रही थी।

'बत्ती बुझाओ! किसी ने डपटकर आवाज़ लगाई थी। रिज़वी घर पर मौजूद था। उसने झाँककर भी देखा था, लेकिन कोई असर लिए बिना वह चुपचाप बैठा पढ़ता रहा।

'क्यों साब, बहरे हैं ?' दो नौजवानों ने आगे बढ़कर पूरी ताक़त से कुंडी खटखटाई।

'क्या बात है ?' कुछ क्रोध और कुछ कैफ़ियत तलब करने के अंदाज़ में रिज़वी बाहर निकल आया और बात शायद यहीं से बिगड़ गई थी। 'अपना फ़र्ज़ मैं ख़ूब समझता हूँ, बत्ती बुझी हुई है।' आखि़र में रिज़वी ने कहा था।

'अगर बत्ती बुझी हुई है, तो यह रोशनी कहाँ से आ रही है?'

'वह मोमबत्ती है। मैंने पढ़ने के लिए जलाई है।'

'क्या मोमबत्ती में रोशनी नहीं होती ?'

'उससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता। मैं पर्दे ठीक किए देता हूँ।'

'फ़र्क पड़ता हो या नहीं, आप बत्ती बुझाइए!' कहकर एक उत्साही युवक तीर की तरह दरवाज़े की ओर बढ़ा और जिसे अधबीच में बाँह अड़ाकर रिज़वी ने रोक लिया था।

'वह बत्ती नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'नहीं बुझेगी!'

'बुझेगी !'

'ज़िद बेकार है,' रिज़वी ने कहा था, 'पहले सामने वाले क्वार्टर्स की मोमबत्तियाँ बुझाइए !'

'उनकी उन पर छोड़िए ! हम आपसे बात कर रहे हैं !'

'क्यों छोड़ दूँ ? क्या उन पर हीरे-मोती जड़े हैं !'

एक क्षण को यह युवक नवयुवक हतप्रभ सा देखता रहा, फिर सहसा वह शेर की तरह यों गर्जा कि सारी कॉलोनी गूँज उठी, 'यह बत्ती ज़रूर बुझेगी !'

सन्न, सकता पल-भर का, जिसे तोड़ते हुए अँधेरे में से एक आवाज़ आई, 'मार डालो जासूस को !'

'जासूस ! जासूस !'

कई लम्हों तक रिज़वी काँपता खड़ा रहा, फिर एकाएक अँधेरे में वह उस ओर लपका, जिधर से आवाज़ आई थी।

देर हो चुकी थी, जब तक शंकरदत्त वहाँ पहुँचे और बीच-बचाव किया, काफ़ी देर हो चुकी थी।

'भाईजान!' कोई दस मिनट बाद जब वे दोनों भीतर आकर संयत हुए तो इस रूँधी आवाज़ में शंकरदत्त चौंके थे। भीतरी दरवाज़े की चौखट में यह बेगम रिज़वी की आवाज़ थी, गले में फँसी-फँसी और अवरुद्ध।

'भाईजान, हम पर एक अहसान कीजिए। इनसे कहिए कि मुझे और बच्चों को ज़रा ज़हर देकर सुला दें, फिर चाहे ये दुनिया से जूझते फिरें... हम... हम... हमारा ख़ुदा है...'

आगे उनका स्वर रुलाई में फँसकर डूब गया था. शंकरदत्त ने दरवाज़े की ओर देखा, जहाँ बेगम रिज़वी के दुपट्टे का पल्लू झाँक रहा था, पर कुछ बोल नहीं पाए। रिज़वी के दोनों बच्चे अप्पू और सबा पर्दे से लगे हुए और भयभीत खड़े थे।

ख़ासकर अप्पू जैसी ख़ामोश, कातर और डरी हुई आँखों से अपने पिता की ओर देख रहा था, उससे शंकरदत्त सहम कर रह गए। यक—ब—यक ख़याल आया था कि वे भी हिंदू हैं। इतने बरसों में इस घर में पहली बार... फिर जैसे यह भी पहली बार ध्यान आया कि रिज़वी अब भी उस हुलिए में बैठा हुआ है, 'फटी हुई कमीज, नुचे हुए बिखरे बाल, और निचले होंठ पर चोट का लहू-जमा निशान...'

'अप्पू बेटे!' सहमती हुई आवाज़ में शंकरदत्त ने धीरे से पुकारा, 'बेटे, अपने अंकल के पास आओ !'

अप्पू नहीं आया। एक बार उन्हीं आँखों से घूरकर वह परदे से और सट गया।

'पापा के लिए दूसरे कपड़े ले आओ, बेटे !' उन्होंने हतप्रभ होते हुए कहा था।

थोड़ी देर में कपड़े आए। लेकर अप्पू ही आया था, लेकिन कपड़े रखकर बिना किसी से कुछ कहे वह लौट गया था। शंकरदत्त हाथ बढ़ाकर उसे पकड़ना चाहता था, लेकिन वह मछली की तरह हाथ से फिसलता चला गया था। बहुत हल्के शंकरदत्त को कहीं चोट भी लगी, लेकिन उन्होंने फीकी हँसी हँसकर धीरे से कहा था, 'अप्पू हमसे नाराज़ है !'

पता नहीं रिज़वी ने उनकी बात सुनी थी या नहीं, स्वयं शंकरदत्त उसे देखते हुए भी नहीं देख रहे थे।

क्या अप्पू सचमुच नाराज़ नहीं है ? क्या लोग ठीक कहते हैं कि बच्चों की आँख में अच्छे या बुरे को सहसा भाँप जाने की शक्ति होती है ? लेकिन इतने बरसों में वे यक—ब—यक बुरे कैसे हो गए और क्यों ? और क्यों ? कहीं ऐसा नहीं है कि उन्हें लेकर घर पर इधर कोई बात हुई हो और बच्चे ने चुपचाप उसका असर ले लिया हो ? एक बार यह भी मन में आया था, लेकिन अभी कल तक ?

युद्ध का ग्यारहवाँ दिन चल रहा था। यही ब्लैक आउट और अँधेरा! लेकिन कल भी वे ऐसे ही लुढ़क आए थे, जैसे ढलान की ओर राह ख़ोजता जल... कोई अगर संतानहीन शंकरदत्त से यह पूछता कि अक्सर शामें इस घर में गुजारने के पीछे सचमुच कौन है ? रिज़वी या अप्पू, तो क्या वह जवाब दे सकते थे ? और सचमुच कौन है! रिज़वी की बरसों पुरानी दोस्ती या अप्पू की दहलीज़ पर से ही गले लिपट जाने वाली वह किलकारी, 'अपने अंकल आ गए... अपने अंकल आ गए...!'

कमरे में आग से फूटने वाले काँपते उजाले की तरह जरा-सी रोशनी और बहुत-सा अँधेरा था।

'अपने अंकल !' रोज़ की तरह अप्पू कल भी आ गया था, लेकिन आदत के मुताबिक़ न तो उसने शंकरदत्त के गले में अपनी छोटी-छोटी बाँहों का गजरा डाला था और न...

'अपने अंकल, आपको पता है, यह लड़ाई कब बंद होगी ?

शंकरदत्त बेतरह चौंक गए थे, 'क्यों बेटे?'

'बताइए, कब बंद होगी ?'

'लेकिन क्यों ?'

'अम्मी पूछ रही हैं। कहती हैं, अंकल से पूछकर आओ।'

शंकरदत्त ने भीतरी परदे की ओर देखा। कहीं बेगम रिज़वी तो नहीं खड़ी हैं ? नहीं थीं। लेकिन सवाल अकेले अंकल से क्यों, पापा से क्यों नहीं ? एक पल को उन्हें लगा था, जैसे वह कटघरे की ओर धकेले जा रहे हों। उसके छोटे से बदन को समेटते हुए उन्होंने धीरे से कहा, 'पता नहीं बेटे !'

अप्पू कुछ और कहता कि दूर कहीं उसी आवाज़ ने जन्म लिया। फिर कुछ ही पलों में वह आवाज़ सारे आकाश और सन्नाटे को रौंदती इतनी निष्ठुर और ख़तरनाक होकर पास आने लगी कि अप्पू ने कहा था, 'अंकल, आपको डर नहीं लगता ?'

'लगता है, बेटे !'

'आपको भी ?'

'हाँ, हमें भी।'

'यह जहाज़ लड़ाकू था न अंकल ?'

शंकरदत्त ने सिर हिला दिया।

'यह बम गिराने जा रहा है ?'

'अप्पू, अब अंदर चलो ! बीच में रिज़वी ने टोक दिया।'

'लड़ाई में लड़ता कौन है, अंकल ?'

'सैनिक लड़ते हैं, बेटे।'

'सैनिक कैसे होते हैं ?'

'जो फ़ौज में होते हैं, वे सैनिक कहलाते हैं।'

'अच्छा समझ गए। जैसे हमारे पाकिस्तान वाले मम्मा सैनिक हैं... है न ?'

'हाँ, बेटे वे भी लड़ रहे होंगे।'

'बंदूक से ?'

'हाँ। बंदूकों से, हथगोलों से, टैंकों से।'

'इन्हें फ़ौज में भेजता कौन है अंकल ?'

'देश भेजता है बेटे।'

'देश? देश कौन है ?'

'बेटे... देश...' शंकरदत्त को एक पल सोचना पड़ा था, 'देश वो है जिसमें लोग रहते हैं, जैसे हम...तुम...हमीं देश हैं, बेटे !'

'लेकिन अंकल आप तो कह रहे थे कि आपको लड़ाई से डर लगता है। फिर इन्हें क्यों भेजा?'

'अप्पू !'

रिज़वी ने इस बार डाँटने के स्वर में पुकारा था। अप्पू ने एक लम्हे को अपने पापा की ओर देखा था। फिर उनकी ओर मुड़कर बोला, 'अच्छा अंकल, एक बात और....सैनिक डरते नहीं हैं ?'

'किससे ?'

'लड़ाई में, गोली-वोली से। उनके लगती नहीं है ?'

'लगती है।'

'सच्ची-मुच्ची की ?'

'हाँ।'

'फिर वे मर जाते हैं ?'

'मर जाते हैं।'

'सच्ची-मुच्ची ?'

'हाँ बेटे, सच्ची-मुच्ची।'

अप्पू की छोटी सी पेशानी में बल पड़ा था और उसके छोटे-छोटे होंठ आश्चर्य और चिंता से खुल गए थे। एक पल उन्हें अजीब सी आँखों से घूरने के बाद सहसा पूछा था, 'तो अंकल, उन्हें पुलिस क्यों नहीं पकड़ती ?'

क्या शंकरदत्त उस सवाल का जवाब दे सकते हैं ? अगर रिज़वी ने इस दफा और भी सख़्ती से डाँटकर अप्पू को ख़ामोश कर दिया होता, तो वह क्या कहते ?

'बहुत तंग करता है !' अप्पू के चले जाने के बाद रिज़वी ने धीरे से कहा।

'हाँ, सचमुच तंग करता है !' साँस भरकर शंकरदत्त बोले थे, 'वसीम, तुम्हें उस दिन की याद है...उस दिन की, जब अप्पू ने तुमसे एक सवाल कर दिया था और जिसका तुम्हारे पास बिल्कुल जवाब नहीं था। वह बात आज भी मुझे तंग करती है...'

कोई छुट्टी का दिन था। यही बैठक। यही दोनों। यही देर तक चलने वाली ख़ामोशी। बेगम रिज़वी अंदर थीं। अप्पू बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक जाने क्या हुआ कि खेल छोड़कर वह सीधे पापा के पास आ पहुँचा था और फिर गोली दागने जैसा उसका यह सवाल था।

'पापा, हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'क्यों?' बेतरह चौंकते हुए भी रिज़वी ने उसे टालना चाहा था, 'बाहर खेलो, बेटे ! हमें बात करने दो'

'नहीं, पहले बताइए,' अप्पू मचल गया था, 'हम हिंदू हैं कि मुसलमान ?'

'लेकिन क्यों ?'

'बताइए ?'

'अच्छा, मुसलमान।'

'अल्ला मियाँ कहाँ रहते हैं पापा, ऊपर आसमान में न ?'

'हाँ।'

'और भगवान ?'

'वे भी वहीं।'

'वहीं?' कहते हुए अप्पू की आँखों में एक बहुत गहरा प्रश्न तैर रहा था।

आगे सवाल न पूछे इसलिए रिज़वी ने कहा, 'जाओ, बाहर खेलो...' पर अप्पू कोई अगला सवाल पूछने के लिए उतावला था और वे दोनों अपनी जान बचाने के लिए... रिज़वी ने निगाह बचाने के लिए दालान की तरफ़ देखा।

दालान में टँगे आईने पर बैठी एक गौरैया हमेशा की तरह अपनी परछाई पर चोंच मार रही थी।

**( प्रस्तुति : ज़ाहिद ख़ान, मो. 94254 89944 )**

# 'समकालीन कविता में माँ'

■ डॉ.नीरज कुमार मिश्र

माँ एक ऐसा शब्द है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि की ममता, त्याग, प्रेम और उसका बलिदान समाहित है। इसी मातृत्व की महानता को सम्मान देने और मां के प्रति अपने प्रेम और कृतज्ञता को प्रकट करने के लिए हर साल 'मदर्स डे' मनाया जाने लगा है। यह दिन माँ के प्रति हमारे प्रेम, सम्मान और समर्पण को व्यक्त करने का विशेष अवसर की तरह है। आज माँ को याद करने का दिन है। आधुनिक समय में माँ को प्यार और सम्मान देना किसी कल्पना से कम नहीं है।क्योंकि हम विकास की अंधी दौड़ में इस कदर भागे जा रहे हैं कि अपनी माँ और उसके त्याग को भूले जा रहे हैं। याद कीजिए भीष्म साहनी की कहानी 'चीफकीदावत' और प्रेमचंद की कहानी' बूढ़ी काकी'को।एक तरफ हम इस दिन माँ को याद करते हैं,दूसरी तरफ उनकी ममता,त्याग,प्रेम और बलिदान को भूलकर उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं।

इस दुनियाँ में यदि कुछ भी महान और नायाब तोहफा है,तो वह है-माँ। वैसे माँ को सम्मान और प्यार देने के लिए किसी दिन और तारीख की जरूरत नहीं होती है। फिर भी यदि कोई दिन अलग से माँ के नाम में मनाया जाये तो और भी अच्छा है। ऐसा कहते हैं कि मदर्स डे मनाने की परंपरा प्राचीन यूनान और रोम से जुड़ी हुई है। वहां देवियों की पूजा की जाती थी, जिन्हें मातृत्व का प्रतीक माना जाता था। लेकिन मदर्स डे नाम हमें अमेरिका से मिला है। कहा जाता है कि अमेरिका एक्टिविस्ट एना जार्विस ने मदर्स डे मनाने की प्रथा शुरू की।एना अपनी माँ से बहुत प्यार करती थीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की। वो हमेशा अपनी माँ के साथ रहीं।8 मई, 1914 को अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पारित किया, जिसमें मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे घोषित किया गया। 9 मई 1914 को अमेरिकी राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने नियम बनाया की मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जायेगा। इसे भारत में भी अब मनाया जाने लगा है।

हम और किसी दिन अपनी माँ को याद करें न करें,लेकिन इस दिन बाजारवाद के के असर से जरूर याद कर लेते हैं। यही वजह है की मई के इस विशेष दिवस पर सोशल मीडिया में माँ के प्रति अपार प्यार देखते ही बनता है।

कल सुबह पेपर पढ़ते हुए, ये बात दिमाक में आई कि शायद ही ऐसा कोई कवि हो,जिसने माँ पर कविता न लिखी हो। सुबहमहाविद्यालय के बहुत जरूरी काम से निकलने की वजह से थोड़ा ही लिख पायाथा ।लेकिन दिन भर मन में बेचैनी रही। देर शाम घर पहुँचा। मेरे पास जितने भी समकालीन कवियों की कविताएँ थीं,सभी को निकाल कर देखा। उन्हीं कविताओं के आधार पर माँ को याद करने का ये प्रयासकिया है।

समकालीन हिंदी कविता में अशोक वाजपेयी के 1966 में प्रकाशित पहले कविता संग्रह 'शहर अब भी संभावना है' और 1995 में में प्रकाशित कविता संग्रह 'आविन्यो' पर माँ पर लिखी अनेक कविताएँ हैं।अशोक वाजपेयी अपनी माँ को दीदीआ कहते हैं- 'अनंत में जहाँ तुम हो / पितरों के जनाकीर्ण पड़ोस में / वही अपने ढीले पेण्ट को सम्हालता /मैं भी हूँ गुड्डन / जैसे यहाँ इस असंभव सुनसान में / तुम हो इस कविता,इन शब्दों,इस याद की तरह दीदीआ।' अशोक वाजपेयी अपनी कविताओं में आने वाली माँ को भावात्मक ऊँचाई से नीचे लाकर, उसे वस्तुस्थिति से जोड़कर, सामान्य धरातल में लाकर खड़ा कर देते हैं।इनके यहाँ भी माँ चुप रहती है।दु:ख झेलती है।चुप्पी ही उसका निर्वेद है।चंद्रकांत देवताले जब माँ पर कविता लिखते हैं,तो ऐसा लगता है कि जैसे उनका पूरा कवित्व माँ को समर्पित हो गया हो।उनकी कविता 'माँ जब खाना परोसती थी' उन दिनों की याद दिलाती है,जो अभी भी दबे हैं शायद कहीं गहरे हमारे दिलों में- 'वे दिन बहुत दूर हो गए / जब माँ के बिना परसे पेट भरता ही नहीं था / वह मेरी भूख और प्यास को रत्ती-रत्ती पहचानती थी / और मेरे अकसर अधपेट / खाये उठने पर/ बाद में जूठे बरतन अबेरते / चौके में अकेले बड़बड़ाती रहती थी / बरामदे में छिपे मेरे कान उसके हर शब्द को लपक लेते थे / और आखिर में उसका भगवान के लिए बड़बड़ाना/ सबसे ख़ौफ़नाक सिद्ध होता / और तब मैं दरबाजा खोल / देररात के लिए सड़क के एकांत और /अंधेरे को समर्पित हो जाता है।' कवि नरेंद्र पुण्डरीक ने भी अनेक कविताएं माँ पर लिखीं हैं। इन्होंने 'माँ' कविता में उस माँ की बेबसी को मार्मिक ढंग से रखा है। जिसके बेटे अपनी माँ कोपिता के न होने पर बोझ समझते हैं-' पिता के बाद/हम भाइयों के बीच पुल बनी माँ / अचानक नहीं टूटी/धीरे-धीरे टूटती रही / हम देखते रहे और मानते रहे / कि बूढ़ा रही है माँ / हाथों-हाथ रहती माँ / एक दिन कंधों में आ गई / धीरे-धीरे महसूस करने लगे हम /अपने वृषभ कंधों में/माँ का भारी होना/जब तक जीवित रही माँ /हम बदलते रहे अपने कंधे / माँ आखिर माँ ही तो है/ बार- बार हमें कंधे बदलते देख / हमारे कंधों से उतर गई माँ / और माँ के कंधों से उतरते ही उतर गये हमारे कंधे।' आज लगभग हर माँ की स्थिति ऐसी ही है।माँ कितनी बार टूटती है।इसका भान हम बेटों को नहीं होता।बेरोजगारी की वजह से अपने घरों से महानगर में पलायन आज के समय की सबसे बड़ी त्रासदी है। कैसे माँ और गाँव से दूरी कवि मिथिलेश श्रीवास्तव को कचोटती है।इसकी बानगी उनकी कविता 'सूरज का घर' में देखी जा सकती है-'दो रोटी की व्यवस्था / मेरी माँ / अपने पास ही कर सकने में समर्थ होती / मैं वहीं होता माँ के पास / जहाँ सूरज का घर/दस कदम पर जान पड़ता है/नदी की बेचैनी अपनत्व से भर देती है'। ये महानगरीय टीस केवल कवि की अकेले की नहीं है। ये टीस हम जैसे न जाने कितने लोगों की है,जो अपनी माँ से दूर,इस महानगर की चकाचौंध में अपने गमों को दबाए हुए मशीन हो गए हैं।

कवि दिविक रमेश की कविताओं में माँ अनेक रूपों में आती है। माँ की विड़म्बना को उनकी कविता 'माँ के पंख नहीं होते' में देख सकते हैं- 'माँ के पंख नहीं होते / कुतर देते हैं / उन्हें होते ही पैदा / खुद ही उसके बच्चे।' हर माँ की अपनी चाहतें होती हैं। पूरी होने पर सबके सामने हँस लेती है और न पूरी होने पर अकेले में रो लेती है। इनकी कविता' तू तो है न मेरे पास% में इसी चाहत का बयान है- 'चाह जरूर थी माँ के पास /जैसे होती है जीने के लिए जीती हुई / किसी भी औरत के पास।' कवि सुभाष राय को उनकी माँ के स्पर्श ने तत्क्षण बदल दिया है। माँ के स्पर्श से वह स्त्री हो जाते हैं और उनके अंदर बहने लगती है माँ। 'मेरा परिवार' कविता के माध्यम से वह अपनी माँ को याद करते हैं- 'माँ के नाम पर/मैंने लगाये हैं ढेरों गुलाब/उनकी पंखुड़ियों पर ठहरी बूंदें देखकर बहुत याद आती है माँ।' एक संजीदा कविमन ही सभी स्त्रियों में माँ को देख सकता है।इनकी कविता 'पितरपक्ष और माँ' में ये कविमन प्रखरता से आता है- 'सब मांएं एक जैसी लगती हैं मुझे / प्रेम और करुणा से भरी हुई/जीवन के युद्ध के लिए / बच्चों को पल-पल रचती हुई।' कवि राकेशरेणु की कविताओं में स्त्रियों के विविध रूपों को देखा जा सकता है।उनमें से एक रूप माँ का भी है।इनकी कविताओं में एक तरफ माँ का अकेलापन है,तो दूसरी तरफ माँ के चले जाने का दु:ख भी भी।

'अब जबकि तुम चली गई हो माँ %कविता माँ के चले जाने के बाद के दर्द को बयां करती है।जिनके सर से माँ का साया उठ गया है,वे ही इस दर्द को समझ सकते हैं-' जाड़े के उन्हीं दिनों में/ कौन रखेगा छुपा कर / खेसारी की साग मेरे लिए/ कौन बांधे रख पाएगा परिवार को / कौन बताएगा कि नहीं खाना चाहिए / अमौरियाँ / सतुआनी से पहले किसी भी हाल में? / कौन बताएगा यह सब / जब जबकि तुम चली गई हो माँ?' भरे पूरे परिवार में माँ अकेलपन का किस तरह शिकार हो जाती है। इसकी समूची व्यथा इस कविता में देखी जा सकती है। कवि स्वप्निल श्रीवास्तव के यहाँ माँ करघा के रूम में आती है।जो हम बच्चों को बुनती है।माँ के चले जाने का दु:ख सभी को होता,क्योंकि माँ ही हमें हर मुश्किल घड़ी में बचाती है।इसी दु:ख को स्वप्निल श्रीवास्तव अपनी कविता 'माँ' के माध्यम से व्यक्त करते हैं-'तूफान में हिलते थे घोसले / माँ उसे दिल से थामे रहती थी / अब घोसले की जगह/ तिनके बचे हुए हैं/माँ उड़कर अनन्त में चली गयी है।'

कवि विनय विश्वास ने अपनी कविता 'एक माँ का पुत्र प्रेम' के माध्यम से माँ की उस दबी चीख़ को उभारने की कोशिश की है।जिसमें उसका लड़का उसे छोड़कर चला जाता है। अमेरिका से माँ को लेने उसका लड़का आता है। जाते समय माँ को एयरपोर्ट में छोड़कर चला जाता है- 'जा चुका अमेरिका जाने वाला/ कोई कह गया / माँ का कलेजा धक से रह गया / बेटे का मखमली रास्ता देखते-देखते माँ की नज़र पथरा गई / बेटा नहीं आया रात आ गई।' ये दर्द हर उस माँ का है,जिसके बेटे माँ को महारानी बनाकर विदेश ले चलने का लालच इसलिए देते हैं;ताकि वह उसके नाम के मकान को बेंचकर पैसा हड़प लें।अंत में जब वे अपने मंसूबों में सफल होते हैं तो उसे अकेले यहीं बेसहारा छोड़ जाते हैं।इनकी कविताओं में माँ बचपन के उस होश की तरह है,जिसे हम बड़े होकर भूल जाते हैं । इनकी कविता में ' माँ आज तू उदास है / पर तेरी उदासी देखने का समय किसके पास है / बूढ़ी हड्डियां लिए भले तू पिसती रहे चूल्हे चक्की में।मैं मस्त हूँ अपनी तरक़्क़ी में।' यहाँ ऐसी माँ हमारे सामने नज़र आती है,जो अपने बच्चों के लिए अपना समूचा जीवन रात बना लेती है।और बच्चे हैं कि अपनी तरक़्क़ी के पीछे इतने पागल हैं कि माँ की कोई फ़िकर उन्हें नहीं है।कवि मणिमोहन मेहता अपनी कविता 'कविता भी समझ आनी चाहिए' में कहते हैं- 'समझ में आना चाहिए कविता / जैसे माँ के चेहरे पर लिखी चिंता ,समझ में आती है।' कवि कुमार अनुपम को अपनी कविता' पराये शहर में माँ की याद' में माँ बहुत याद आ रही है।पराये शहर में जब कोई अपनापन न मिले तो सबसे ज्यादा माँ ही याद आती है-'नींद नहीं आ रही और याद आ रही है माँ /लौटता था /पानी से सींचकर भूख का खेत /तो पड़ते ही खाट पर आ जाती थी नींद/ पर जाने क्या बात कि नींद नहीं आ रही / और याद आ रही है माँ।' कवि को लगता है कि उसकी नींद माँ के उपवास की ऊष्म बेचैनी से लथपथ, माँ के पास ही चली गई है।जब हमारे पास माँ का साया होता है तो हम बेखटके आराम से सो पाते हैं। माँ चाहे जैसी और जिस रूप में हो,हमें अच्छी लगती है।उसे समाज यदि बुरा कहता भी है तो भी एक बेटे के लिए माँ सबसे अच्छी होती है।कवि टेकचंद अपनी कविता 'बीड़ी पीती माँ' में इसी बात को बेझिझक कहते हैं- 'मिस्सी मजदूरों के साथ बैठ/बीड़ी पीती/दम लेती/सबको बुरी लगती/पर मुझे सुहाती सुस्ताती मुस्काती,बीड़ी पीती माँ।'

दुनियाँ में माँ का रिश्ता ही सबसे अनोखा है। जो स्वार्थ के नींव पर नहीं टिका।माँ हमेशा दु:ख को सहती हुई अपने परिवार को मजबूत रखती है।परिवार के सामने एक ढाल बनकर खड़ी रहती है। मुन्नवर राणा की इन पंक्तियों से अपनी बात खत्म करूंगा कि-'घेर लेने को मुझे जब भी बलाएँ आ गईं/ढाल बन कर सामने माँ की दुवाएँ आ गईं।' पहलगाव में जिस तरह निर्दोष नागरिकों को उनके परिवार के सामने मारा गया,उससे आज देश में युद्ध का माहौल है।

ऐसे युद्ध के दौर में शहीद हुए बेटों के माँ का कलेजा रोता नहीं है। क्योंकि 'लिपट के रोती नहीं है कभी शहीदों से / ये हौसला भी हमारे वतन की माँओं में है'। यह लेख देश की सभी माँओं कोसमर्पित,उनके लिए मेरी तरफ से एक छोटी सी भेंट है।

# 40 क्विंटल गेहूं , 10 क्विंटल शक्कर के मामले में जिम्मेदार मौन

## राशन दुकान में कालाबाजारी के मामले में खाद्य विभाग के साथ प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज समीप के क्षेत्र की एक राशन दुकान के खिलाफ अरसे से चल रही कालाबाजारी का मामला अप्रेल माह में संज्ञान में आने के बावजूद न तो इस मामले में जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग कुछ बोलने तैयार है न हीं प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई कर पा रहा हैं।

8 अप्रैल को सुर्खियों में आए मामले के करीब 1 माह बाद भी न तो मामले में रिपोर्ट तैयार हो पाई है न हीं आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो पा रही हैं। समूचे प्रदेश में जहां इस तरह के मामलों में युद्धस्तर पर कार्रवाईयां की जा रही हैं ऐसे में हालहीं में जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं अन्य विभागों की मिलीभगत से टीकमगढ़ में भेजे गए गुणवत्ता हीन 25 सौ क्विंटल चावल का मामला हो या फिर राशन दुकानों में कालाबाजारी के मामले प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों की चुप्पी कहीं न कहीं इस बात के संकेत दे रही हैं कि गड़बडि?ां करने वालों का न सिर्फ राजनीतिक प्रश्रय मिल रहा हैं बल्कि प्रशासन का भी वरदहस्त प्राप्त हैं।

### खाद्य विभाग ने की थी कार्रवाई

मामले में दो फूड अफसरों द्वारा जांच कर कथित तौर पर मामले को रफा-दफा किए जाने की चर्चाएं पूरे कलेक्ट्रेट के गलियारों में चर्चाओं में हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय जनों का आरोप हैं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के दो अफसरों ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की 40 क्विंटल गेहूं और 10 क्विंटल शक्कर जब्त भी की लेकिन प्रकरण बनाने के बजाए मामले को रफा-दफा कर दिया।

क्षेत्रीयजनों का आरोप हैं कि मामले में शिकायत उन्होंने फूड कंट्रोलर तक पहुंचाई लेकिन यहां भी वहीं हुआ।

कंट्रोलर ने भी मामले की जांच तो कराई लेकिन कथित तौर पर जांच के बाद जांच रिपोर्ट उजागर नहीं की।

क्षेत्रीय जनों ने राशन दुकान पहुंचे फूड अफसरों के साथ कंट्रोलर की भी मामले में कथित तौर पर संलिप्तता का आरोप लगाया हैं। क्षेत्रीय जनों ने अब इस मामले में कलेक्टर से शिकायत करने का मन बनाया हैं।

### अरसे से चल रही थी कालाबाजारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल क्षेत्र की राशन दुकान क्रमांक 3316344 हंसवाहिनी महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार में अरसे से गरीबों के हिस्से के अनाज की कालाबाजारी चल रही हैं। 11 मार्च को क्षेत्र की प्रभारी अधिकारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (जेएसओ) भावना तिवारी, जेएसओ कुंजन सिंह को लेकर दुकान पहुंची। सूत्रों के अनुसार राशन दुकान में कालाबाजारी कर रखा गया 40 क्विंटल गेहूं एवं 10 क्विंटल शक्कर जब्त तो की गई लेकिन प्रकरण बनाने के बजाए कथित तौर पर लेन देने कर मामला रफा दफा कर दिया गया।

### अब दे रहे गोल-मोल मोल जवाब

इस मामले में पहले जेएसओ कुंजन सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने महिला जेएसओ का क्षेत्र बताकर उन्हीं से चर्चा करने की बात कही। जब जेएसओ भावना तिवारी से चर्चा की गई तो वे पहले तो वे दुकान के विषय में और फिर जानकारी किस तरह मिली इस विषय में पूछताछ करती रहीं बाद में उन्होंने इस विषय में कार्यालय आकर चर्चा करने की बात कही।



# बिलहरी रोड पर देखा गया हिरणों का झुंड

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्यास से भटकते वन्य प्राणियों की स्थिति बड़ी विषम होती जा रही हैं। पानी की तलाश में वन्य प्राणी आबादी वाले इलाकों की ओर आ रहे हैं। शनिवार की दोपहर करीब 3.30 बजे कैंट के बिलहरी में जंगल से भटककर आए हिरणों के झुंड को देखा गया। मुख्य मार्ग के समीप हिरणों को चहलकदमी करते हुए देखा वहीं थम गया। कुछ राहगीर तो अपने वाहन से उतर वन्य प्राणियों को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद करने लगे। जानकारी के मुताबिक गोराबाजार-बिलहरी मार्ग पर स्थित शारदा मंदिर के समीप झाडि?ों में करीब 7 से 8 हिरणों को देखा गया। काफी लंबे अर्से बाद हिरणों के झुंड को यहां भरी दोपहरी में देखा गया होगा। क्योंकि हिरण को शर्मीला वन्यजीव माना जाता है। जिसके चलते वे आबादी वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रहते हैं। लेकिन जंगलों के सिमटते दायरे और गर्मी के दिनों में जल स्त्रोतों के सूख जाने के कारण वन्य प्राणियों को शहरी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आना पड़ जाता है।

### नहीं है पर्याप्त इंतजाम

वन्य प्राणी विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष गर्मी के पूर्व वन्य क्षेत्रों में जिम्मेदार विभागों द्वारा वन्य पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की जाती हैं जो इस बार नहीं की गई। यही वजह है कि वन्य प्राणी पानी के लिए आबादी वाले इलाकों का रुख कर रहे हैं।

# दो बहनों के पास नानी के अंतिम संस्कार के लिए नहीं था पैसा, मदद करने पहुंचे इनायत अली

**जबलपुर, देशबन्धु।** दो बहनों के ऊपर उस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा, जब लकवा की वजह से उनका सहारा रही 65 वर्षीय नानी साबित्री बाई विश्वकर्मा का दोपहर के वक्त निधन हो गया, अब ऐसी स्थिति में दोनों बहनों के पास नानी का अंतिम क्रियाकर्म करने तक का कोई इंतजाम नहीं रहा और वह सभी की ओर अपनी नानी का अंतिम संस्कार करवाने के लिए मदद की नजर से देख रही थीं, जिसके बाद गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली को इस संबंध की जानकारी लगी और वह अपने सभी निजी कामकाज छोडकर उनकी मदद करने पहुंच गए और शिवानी विश्वकर्मा से नानी का अंतिम क्रियाकर्म करियापाथर



मुक्तिधाम में करवाया।

इस संबंध में 24 वर्षीय शिवानी विश्वकर्मा ने बताया कि वह किराए के मकान में चर्च के पीछे गुरंदी बाजार, भर्तीपुर जबलपुर में अपनी 19 वर्षीय बहन रागनी विश्वकर्मा और नानी साबित्री बाई विश्वकर्मा के साथ रहती है, शनिवार को अचानक लकवा की बीमारी की वजह से उनकी नानी साबित्री विश्वकर्मा का निधन हो गया, जिससे उनके सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा और अब ऐसे में वह असहाय हो गई और उनका सहारा रही नानी को खोने की वजह से वह बहुत दुखी हो गई, फिर उन्होंने सभी से नानी के अंतिम क्रियाकर्म करने के लिए मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद कुछ लोग उनकी मदद करने पहुंचे और फिर जब इस संबंध की जानकारी गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली को लगी तो वह तत्काल उनकी मदद करने के लिए पहुंच गए।

### बीमारी की वजह से खो चुकी है माता-पिता

वहीं शिवानी विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी मम्मी पीलिया की बीमारी की वजह 8 वर्ष पहले खत्म हो चुकी हैं, तो वहीं उनके पिता को भी अटैक आ जाने के कारण वह उन्हें खो चुकी है और अब उनका सहारा रही नानी भी लकवा के वजह से इस दुनिया से चली गई हैं, वहीं शिवानी ने बताया कि वह प्राईवेट काम करके अपने घर का लालन पालन करती हैं, उसी से उसका गुजारा होता है।



# रिछाई औद्योगिक क्षेत्र स्थित धान मिल में लगी आग

**जबलपुर, देशबन्धु।** पारे में आए उछाल से अग्नि दुर्घटनाओ मे बढ़ोत्तरी हो रही है, इसी कड़ी में आज शाम 7.30 पर अग्निशमन विभाग को सूचना मिली कि रिछाई औद्योगिक क्षेत्र मे अशोक परियानी के धान मिल मे आग लग गई है, तत्काल मौके पर गाड़ियां भेजी गईं, और एक गाड़ी आई एस बी टी से भेजी गई, तथा एक बारह हज़ार लीटर का टैंकर भी बुलवाया गया, लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद अगिशम्न विभाग के कर्मचारियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। पर तब तक काफ़ी नुकसान हो चुका था, नुकसान की सही जानकारी आंकलन के बाद मिल सकेगी।

# देशभक्ति गीतों पर थिरके कैडेट्स



**जबलपुर,देशबन्धु।** 4 एमपी सीटीआर के तत्वावधान में आयोजित कैम्प का समापन किया गया। आयोजन में कैडेट्स ने थल सैनिक कैम्प में चयन के लिए विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल अमृता सिंह के निर्देशन में कैडेट्स को थल सैनिक कैम्प में चयन से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई। मुख्य अतिथि सत्य नारायण प्रजापति, शालवी प्रजापति, प्राचार्या अपर्णा चौबे रहीं। कार्यक्रम में कैडेट्स ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रंग दिखाया।

**ग्रुप डांस, सॉन्ग और स्किट**- कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ तो ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, स्किट, माइम आदि की प्रस्तुति दी गई। कैम्प रिपोर्ट कैम्प एडजुटेंट कैप्टन डॉ. प्रदीप दुबे ने किया। इसके साथ ही वक्ताओं ने कैडेट्स को अनुशासन की राह पर चलते हुए सफलता की मंजिल पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

**देशभक्ति गीतों का दौर**- आयोजन में कैडेट्स ने देशभक्ति गीतों पर कई प्रस्तुतियां दी। आयोजन में एनसीसी अधिकारी शिवम श्रीवास, योगेश बागरी, ओमप्रकाश पटेल, अनिल झरिया, तेवाराम धुर्वे मौजूद थे। कैम्प में सूबेदार रामाश्रय सिंह, नायब सूबेदार एमके यादव, नायब सूबेदार एसके जेना, जीसीआइ प्राची साहू, हवलदार गीते, हवलदार अमरीक सिंह, हवलदार कुशवाहा, हवलदार गुरजीत सिंह, हवलदार हसन्त सिंह, हवलदार बृजेश कुमार, हवलदार बीजे खान, हवलदार सपन कुमार, नायक धर्मेन्द्र कुमार मौजूद थे।

# रांझी बड़ा पत्थर श्मशान घाट में अधजले शव को नोंच रहे था कुत्ता तस्वीरें वायरल होने के बाद जागा प्रशासन



**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी में शनिवार को लोगों ने वो मंजर देखा जिसे देखकर सभ्य समाज के लोगों की रूह कांप जाए। रांझी बड़ा पत्थर श्मशान घाट की वायरल हो रही कुछ तस्वीरों को देखकर लोगों में आक्रोश भड़क रहा है। बताया जा रहा है कि तस्वीरों में साफ-साफ नजर आ रहा है कि एक कुत्ता अधजले शव को नोच रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उक्त तस्वीरें शुक्रवार की है। हालांकि स्थानीय लोगों की नजर पड़ते ही कुत्ते को भगाया और नगर निगम को इसकी सूचना दी गई।

### नगर निगम ने कराया संस्कार

जिसके कुछ देर में पहुंचे निगम कर्मियों ने अधजले शव का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया। कुत्ते द्वारा शव को नोचने की तस्वीर शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। यह घटना न केवल स्थानीय लोगों में आक्रोश और दुःख का कारण बनी, बल्कि प्रशासन की लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटना पहली बार सामने नहीं आई है, पिछले 15 दिनों में यह चौथा मामला है, जब श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के बाद अधजले शवों को कुत्ते खींच ले जाते हैं। यहां तक कि कुत्ते शवों के अंग लेकर इधर-उधर घूमते भी देखे गए हैं।

### सूर्यास्त के बाद किया गया था संस्कार

क्षेत्रीय पार्षद निशांत झारिया ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही उन्होंने ने शमशान घाट में काम करने वालों से पूछताछ की। जिसमें यह बात सामने आई कि सूर्य अस्त के बाद घाट में कोई भी अंतिम संस्कार नहीं होता है। जिसके चलते अमला घाट से चला जाता है। घटना के एक दिन पूर्व सूर्य अस्त के बाद एक दाह संस्कार किया गया था। संभवतः परिजनों के रात में जाने के बाद कुत्ते शव को खींचकर लाएं होंगे। लेकिन घटना दुखद है,भविष्य में ऐसा भी न हो इस बात की हिदायत दी गई है। वही अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस का प्रहार, आरएसएस कार्यालय जबलपुर को सौंपा गया प्रार्थना पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज 17 मई को शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा भारतीय सेना और भारतीय सेना की जांबाज़ महिला अधिकारियों के सम्मान में एक ऐतिहासिक और शांतिपूर्ण विरोध मार्च आयोजित किया गया। यह मार्च गौ माता चौक, राइट टाउन से प्रारंभ होकर केशव कुटी (आरएसएस कार्यालय) पहुँचा, जहाँ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संघ प्रमुखों को एक सशक्त प्रार्थना पत्र सौंपा।



आज के इस कार्यक्रम में सौरव नाटी शर्मा,दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, कमलेश यादव, इंदिरा तिवारी, अनुराग गड़वाल, अयोध्या तिवारी, अतुल बाजपेई, सतेंद्र चौबे ,प्रमोद पटेल, यूकुब अंसारी,विजय जैन चुन्ना,वकील अंसारी, संतोष दुबे पड़ा, दिनेश तामसेतवार, अनुपम, जैन, अख्तर अंसारी,राजेश तिवारी ,आजम अली खान,कलीम खान, गुड्डू चौबे, रज्जू सराफ, प्रशांत मिश्रा, झल्ले लाल जैनराजा पाण्डेय अनुभव शर्मा, आरिफ बेग,गुड्डू नवी, लखन प्रजापति , रविन्द्र कुछवाहा, अमर चंद, रितेश गुप्ता बंटी बाबरिया, राजेंद्र पिल्लै,अकबर खान,,भावना निगम, देवकी पटेल, बलविंदर मान, मुकेश सराफ,रविंद्र कुशवाहा, कलीम खान, ताहिर अली, बहार अंसारी,अवधेश गुप्ता, राजेश पटेल,, समर्थ अवस्थी, सुरेंद्र यादव,अरशद अली, रिजवान कोटी, राहुल बघेल, शिशिर नन हरिया, बादल पंजवानी, सागर शुक्ला ,आलोक गुप्ता, आसिफ इकबाल,समर्थ मिश्रा, अभिषेक पाठक,मुख्तार अंसारी,अदनान अंसारी, फारूक खान, नरेंद्र गुप्ता, सुधीर जैन, आलोक गुप्ता, रोशन आनंद संदीप जैन ,अनुज श्रीवास्तव, रिंकू बदलानी ,एजाज अंसारी ,सक्षम गोस्वामी ,मलखान पटेल ,आयुष लाल शाकिर कुरैशी, साहिल खान, अभ्युत बाजपेई सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# दिनचर्या से योग के लिए निकालें 15 मिनट




**जबलपुर,देशबन्धु।** संगिनी जबलपुर संगिनी सेवा संगठन के तत्वावधान में योग कार्यशाला आयोजित हुई। आयोजन में सुशीला शर्मा ने जीवन में योग के फायदे और योग से निरोग रहने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिनचर्या में योग गतिविधियों का शामिल किया जाना जरूरी है। महिलाओं को प्रतिदिन 15 से 20 मिनट योग एवं ध्यान करना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष किरण सराफ, सचिव नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष विभा पटेल, निधि गुप्ता, सोना, कविता, निधि मिश्रा, आभा जैन मौजूद रहीं।

# बैंक ऑफ इंडिया ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ इंडिया ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है, जिसके तहत आईटीबीपी कर्मियों और भूतपूर्व सैनिकों को बीओआई रक्षक वेतन पैकेज दिया जाएगा। इस समझौता ज्ञापन में विशेष लाभ शामिल हैं, जिसमें निशुल्क व्यापक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर (पीएआई), टर्म इंश्योरेंस और डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और कई अन्य ऑफर शामिल हैं।

समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान के लिए समारोह 07 मई, 2025 को आईटीबीपी मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। आईटीबीपी के महानिरीक्षक (प्रशासन) श्री एस. सी. ममगैन ने समारोह की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया की महाप्रबंधक श्रीमती शम्पा सुधीर बिस्वास और दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

श्री. एस. सी. ममगैन - आईजी आईटीबीपी ने आईटीबीपी के सभी कार्मिकों और भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सेवाओं का गुलदस्ता प्रदान करने के लिए बीओआई को धन्यवाद दिया और कहा कि आईटीबीपी इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीमती शम्पा सुधीर बिस्वास, जीएम बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, हमें आईटीबीपी के साथ जुड़ने पर गर्व है और हमारी रक्षक वेतन योजना के लाभों को विस्तारित करने में खुशी है। उन्होंने अत्याधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित सर्वोत्तम बैंकिंग उत्पादों और ग्राहक सेवा का आश्वासन दिया। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से उन्होंने आईटीबीपी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहली बार है कि बैंक ऑफ इंडिया ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

बीओआई की रक्षक वेतन योजना विशेष रूप से तैयार की गई वेतन खाता है जो रक्षा बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस के साथ काम करने वाले कार्मिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 100 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, 200 लाख रुपये का हवाई दुर्घटना कवरेज और कई अन्य प्रदान करता है।

# ग्लोबल यूथ फेस्ट 2.0, धरती पर उतर आए चारों युग

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कालेज के यूथ फेस्ट 2.ह्व के दूसरे दिन 17 मई को प्रतिभागियों ने गीत, संगीत, नृत्य के माध्यम से चारों युगों का जीवंत चित्रण कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान ऐसा लग रहा था मानो चारों युग सतयुग (सत्ययुग), त्रेतायुग, द्वापरयुग, और कलियुग धरती पर उतर आए हों। मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों ने त्रेतायुग में धर्म और सत्य की हानि को रेखांकित किया। द्वापरयुग में अधर्म और अन्याय बढ़ने तथा धर्म और नैतिकता के घटते प्रभाव तथा कलियुग में अधर्म, अन्याय और हिंसा का बोलबाला का मंचन किया। चारों युग का वर्णन कर यह संदेश दिया कि युग कोई भी हो, ईश्वर किसी न किसी रूप में हमारे साथ होते हैं। इस दौरान भारतवर्ष के वीर, वीरांगनाओं का रूप धारण कर उनकी शौर्यगाथा और पराक्रम के मंचन तथा देवी, देवताओं के रूप में प्रतिभागियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को उत्साह से भर दिया। 24 घंटे के राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन का समापन हुआ, जिसमें ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर के प्रतिभागी अव्वल रहे। प्रोजेक्ट एग्जीबिशन, फन



गेम्स, तकनीकी गेम्स में भी कॉलेज के विद्यार्थियों ने हुनर दिखाया। अंत में धमाल पार्टी ने रंग जमाया, जिसमें प्रतिभागियों ने जमकर डांस किया। बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कालेज के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने प्रतिभागियों की मेहनत और उनके तकनीकी ज्ञान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. राजीव खत्री, रजिस्ट्रार प्रो. पूर्णानंद दुबे, एचआर हेड डॉ. निहारिका यादव, प्रो. वंदना पाठक, डॉ. प्रतीक मिश्रा, डॉ. सुनील पटेल, प्रो. मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे। शावा शावा बैंड और डीजे नाइट की प्रस्तुति से रविवार को यूथ फेस्ट का समापन होगा।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई में श्रमिकों के बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में 8 व्यवसाय में पर अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पात्र पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्थान में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास संस्थान की वेबसाइट 222.स्ह्र्ह्यस्र.द्वश्च.द्द्रश1.द्बठ्ठ के माध्यम से 31 मई तक पंजीयन करा सकते हैं।

प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सूर्यकांत सिरवैया से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान में तकनीशियन मैक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशयन एवं सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के दो वर्षीय तथा फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एंड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी एवं वेल्डर के एक वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इनमें वेल्डर ट्रेड में प्रवेश लेने हेतु आवेदकों का आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा शेष सभी साथ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## दिव्यांग लगातार हो रहे उपेक्षा का शिकार



**जबलपुर, देशबन्धु।** दिव्यांगों के प्रति मध्य प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन उदासीन रवैया को देखते हुए मध्य प्रदेश से लेकर जबलपुर में भी दिव्यांगों को हर जगह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि जीता जागता उदाहरण जबलपुर सिटी गंजीपुरा लार्डगंज थाना थाने में दिव्यांगों के प्रशिक्षण एवं मीटिंग हॉल पूर्व सीसी हरिओम शर्मा जी एवं जेडीए अध्यक्ष विशाल पचौरी जी की याद में निर्मित किया गया था जो की उन दोनों के पद पर ना रहने के बाद उसे बंद कर दिया गया और वहां से दिव्यांगों को भगा दिया गया और उसके अंदर में कबाड़ कचरा भर दिया गया उसे उपयोगी केंद्र में जहां दिव्यांगजन आकर अपने सुझाव रखते थे अपना प्रशिक्षण प्राप्त करते थे और एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल हुआ करते थे इसी तरह जबलपुर के अनेकों इमारतें जो कि बध रहे होना चाहिए पर नहीं है और अभी कुछ दिन पहले सामाजिक न्याय जिला प्रशासन को खाना पूर्ति करते हुए इसमें अवार्ड प्राप्त हुआ है जबकि जबलपुर में ऐसा कुछ भी नहीं है जबलपुर के कई लोकप्रिय बिल्डिंग हैं जहां दिव्यांगों के आवा जाही के लिए कोई भी उपकरण उपलब्ध नहीं है ना ही रैंप बना हुआ है, यहां तक की लिफ्ट की व्यवस्था भी नहीं है और ना ही दिव्यांगों को सुगम वातावरण। सुगमता भारत सरकार की योजना को पलीता लगा रहे हैं।जिला प्रशासन सिर्फ कागजी कार्रवाई कर अवार्ड ले रहे हैं जिसमें सहयोग जबलपुर के कुछ पदाधिकारी गण कर रहे है। और यही नहीं दिव्यांगो की पैंशन का भी यही हाल है,। और दिव्यांगों के रोजगार के लिए भर्तियां भी नही निकाल रही सरकार, अभी नगर निगम मे भर्तियां निकली थी मगर उसकी कोई जानकारी नहीं, की क्या हो रहा है। आज तो हाल ये है कि प्रदेश में दिव्यांग कमिश्नर की पोस्ट भी खाली है। दिव्यांग समस्याएं कहे भी तो किससे।

## सायबर सुरक्षा पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स में हुआ सेमीनार



**जबलपुर,देशबन्धु।** वर्ल्ड टेलिकम्युनिकेशन एंड इनफॉर्मेशन डे के मौके पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स जबलपुर लोकल सेंटर ऑनलाइन सेमिनार हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जेंडर इक्वलिटी इन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर वक्तत्व दिया। इसके साथ ही तकनीक, शिक्षा और सामाजिक विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता इंजी. विवेक अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल दुनिया में समावेशिता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। जब तक महिलाओं को तकनीकी क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त नहीं होंगे, तब तक किसी भी राष्ट्र का समग्र विकास अधूरा रहेगा। आयोजन में लोकल सेंटर के चेयरमैन इंजी. संजय मेहता, सचिव डॉ. राजीव जैन, इंजी. एसएस पवार, इंजी. दीक्षा मेहता, संयोजक इंजी. मनीष कटारे, समन्वयक इंजी. एसएस पवार मौजूद थे। सभी वक्ताओं ने डिजिटल शिक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला उद्यमिता, और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण के विषयों पर विशेषज्ञों ने वक्तत्व दिया।

## जैन महिला परिषद का समर थीम सेलिब्रेशन



**जबलपुर,देशबन्धु।** समर थीम पर लेडीज ने मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। किसी ने गेम में बाजी मारी, तो किसी ने सरप्राइज गेम में उपहार जीते। इस दौरान स्किन केयर और समर सीजन में बरती जाने वाले सावधानियों को साझा किया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद पारस समिति के तत्वावधान में समर थीम सेलिब्रेशन हुआ।

### कॉटन ड्रेसकोड किया फॉलो

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लेडीज ने कॉटन ड्रेसकोड फॉलो किया। इस दौरान फ्लावर प्रिंट सूट और साड़ी पहनकर लेडीज ने सीजन में कम्फर्टेबल लुक दिखाया। इसके साथ ही समर सीजन में हेल्दी रहने के लिए लिक्विट डाइट फॉलो करने की दी सलाह।

**हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय-** तरह-तरह की आइसक्रीम बनाने की विधि और सीजन स्किन केयर की जानकारी शेयर की गई। इस मौके पर सुषमा, अलका, सीमा, मनीषा, अर्चना, नम्रता, जूली, विकास, डॉली, पूजा, छाया, मंजुला मौजूद रहीं।

## पं. कुंजबिहारी ने कविताओं से जगाई राष्ट्रप्रेम की अलख




**जबलपुर,देशबन्धु।** स्पष्टवादिता के साथ मूल्यों के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक समर्पित थे। उन्होंने कविताओं से राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने का काम किया है। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए जेल की यातनाएं तक सही है। उनका जीवन राष्ट्रप्रेम एवं परहित सेवा के लिए समर्पित रहा है। यह बात वक्तातों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक के स्मरण कार्यक्रम में कहीं। आयोजन बिदामबाई गुगलिया स्कूल में हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी मदन तिवारी थे। अध्यक्षता डॉ. आनंद तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि प्रो. एचबी पालन, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव थी। इस मौके पर प्रतुल श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, यशोवर्धन पाठक ने संस्मरण सुनाए। समारोह में स्कूल की दो बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। इस मौके पर डॉ. पीएल मिश्रा, विजय जायसवाल, मनीषा गौतम, रीता पाठक, सुधीर पाठक, इंदिरा पाठक तिवारी, राजीव गुप्ता मौजूद थे।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा एवं मंत्री विजय शाह का पुतला दहन

**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस द्वारा मालवीय चौक जबलपुर में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री विजय शाह के पुतले जलाए गए। हाल ही में दोनों मंत्रियों द्वारा दिए गए विवादित बयान जिसमें की भारतीय सेना एवं भारत की जनता का अपमान किया गया। दोनों मंत्रियों के इस्तीफा की मांग की गई। युवा कांग्रेस नेता समर्थ अवस्थी ने बताया कि जिस तरह उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना और भारतीय जनता को मोदी के चरण वंदन करने को कहा गया उससे सेना का अपमान हुआ है जिसे कांग्रेस और भारत देश कदापि सहन नहीं करेगा, वैसे ही घटिया शब्द भाजपा मंत्री विजय शाह ने देश की शान सेना की सम्मानित अधिकारी सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन कहा गया इससे यह जाहिर होता है कि भाजपा मंत्रियों में प्रतिस्पर्धा चल रही है कि कौन सेना को कितना अपमानित कर सकता हैं और कितना मोदी की चाटुकारिता करता है। ऐसे मंत्री के खिलाफ जबलपुर हाइकोर्ट ने खुद एफ.आई.आर करवाई है। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज मुख्यमंत्री से दोनों मंत्रियों के इस्तीफे की



मांग की है। अगर जल्द ही इनसे इस्तीफा नहीं लिए गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। आज पुतलदहन में युवा कांग्रेस नेता समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में मुख्य रूप से शिशिर ननहोरिया,अमित मिश्रा,नीलेश महार, सौरभ गौतम, सचिन रजक, राहुल बघेल, ऋषिकांत पटेल, आमिर पहलवान, अभ्युत बाजपेई, साहिल यादव,यश गुप्ता, यश दुबे, शिवम् सैनी, प्रतीक शुक्ला एवं अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## साइंस कॉलेज में नए पाठ्यक्रम की शुरुआत

**जबलपुर,देशबन्धु।** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई। उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से अप्रेंटशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के अंतर्गत बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ने यह कवायद की जा रही है।

एईडीपी पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि इसमें विद्यार्थियों को यूजी के लास्ट ईयर में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। न्यूनतम 8000 का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी भाजपा नेता का पुतला जलाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** जब भारतीय सेना सीमाओं पर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा कर रही है, तब मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रीगण सेना का अपमान करने से भी नहीं चूके रहे। इसको लेकर आम आदमी पार्टी में आज 17/05/2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे आदिशंकराचार्य चौक, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर जबलपुर में मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, रामकिशोर शिवहरे, रीतेश सिंह, चंद्रमणि वर्मा, आदेश दुबे, दिनकर शुक्ला, डॉ. राजू विश्वकर्मा, भूपेन्द्र दुबे, मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रशांत चौकसे सहित सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता शामिल थे।

## दैनिक राशिफल

रविवार 18 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की षष्ठी, नक्षत्र- उ.षा.।

**मेष** आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ** परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन** महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह** परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या** अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला** आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक** घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु** काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर** आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ** आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है।

**मीन** भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म. 233-229

4,5,7,9-04,25,67,89,43,53,71,95

## पर्यावरण संरक्षण का उठाया जिम्मा



**जबलपुर,देशबन्धु।** वनएमपी कम्पनी सिग्नल एनसीसी के अंतर्गत विभिन्न यूनिट के जेडी जेडब्ल्यू एससी, एस डब्ल्यू कैडेट्स शामिल हुए। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल अंकुर वशिष्ट के निर्देशन में थल सैनिक कैम्प के लिए कैडेट्स की ड्रिल, ट्रेनिंग और पौधरोपण की गतिविधियां करवाई जा रहीं हैं। इसके साथ ही प्रायोगिक परीक्षाओं से जोड़ा गया। दिनचर्या में कैडेट्स ने गौरीघाट में महाआरती की। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का जिम्मा उठाते हुए पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण की शपथ ली। कैम्प संचालन में नायब सूबेदार देवेंद्र, ट्रेनिंग एनसीओ, सीएचएम अनिल साहू, हवलदार उपेन्द्र तिवारी, महेन्द यादव, जीसीआइ हर्षिता सिंह का सहयोग रहा।

## ग्रीष्म कालीन समर कैम्प करो योग रहें निरोग

**जबलपुर,देशबन्धु।** हमारी दिनचर्या हमारे स्वास्थ्य का दर्पण है। भारतीय संस्कृति के अनुसार योग को जीवन शैली में लाकर दीर्घ आयु और स्वास्थ्य काया पाई जा सकती है। उक्त विचार मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेन्ट कम्पनी के द्वारा पतांजलि के हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्य कालीचरण पण्डा, रामलाल रजक द्वारा तरंग प्रेक्षागृह में सुबह 6 बजे से 7.30 तक चल रहे समर कैम्प में व्यक्त किये प्रणाम, ध्यान, आसन, सूर्य नमस्कार द्वारा शारीरिक मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## रैक मैन के निधन पर एस.बी.आई. ने दी 1 करोड़ रुपये की सहायता

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे विभाग में भीमाल गोंदी में रैक मैन के रूप में पदस्थ राजकुमार भल्लावी का दिसम्बर 2024 में निधन हो गया था। उनके परिवार को भारतीय स्टेट द्वारा आर.एस.पी. (रेलवे सैलरी पैकेज) योजना के तहत 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल के जीएम कुंदन ज्योति और डीजीएम लोकेश चंद्रा के साथ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक डी व्ही ए एस आशीष मित्तल और शाखा प्रबंधक अनंत नायक तथा छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन मास्टर हेमराज़ मीना की मौजूदगी में भारतीय स्टेट बैंक की गंज शाखा ने उनकी पत्नी वर्षा भल्लावी को रेलवे सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 1 करोड़ रुपए की राशि का चेक प्रदान किया।

## अजाक्स संघ नगर निगम द्वारा आयुक्त को डीए और एरियर्स भुगतान के लिए सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुक्त महोदया के द्वारा नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को किया जावेगा 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि की तृतीय किश्त का भुगतान एवं 1 करोड़ रूपये ग्रेच्युटी राशि का भुगतान, साथ ही एन.पी.एस., जी.पी.एफ. राशि एवं सोसायटी की राशि की गया भुगतान अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम जबलपुर एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के द्वारा निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि म.प्र. शासन के द्वारा आदेश पारित किया गया जिसमें 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि का भुगतान चार किश्तों में किये जाने हेतु सुनिश्चित किया गया किंतु आज दिनांक तक कर्मचारियों को एरियर्स राशि की तृतीय चौथी किश्त का भुगतान



नहीं किया गया। साथ ही संघ के द्वारा आयुक्त महोदया को बताया गया कि नगर निगम से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान काफी समय से नहीं किया जा रहा है, नगर निगम द्वारा सोसायटी की राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है एवं नगर निगम जबलपुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन से एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. राशि की कटौती तो की जा रही है किंतु कर्मचारियों के एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. खाते में वह राशि जमा नहीं की जा रही है। संघ के द्वारा की जा रही मांगों को गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत आयुक्त के द्वारा संघ की मांगों को स्वीकार करते हुये वित्त अधिकारी प्रशांत गोटिया को को निर्देशित किया गया कि कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि की तृतीय चौथी किश्त का भुगतान कराया जावे। साथ ही निगमायुक्त के द्वारा उपादान राशि का भुगतान करने हेतु 1 करोड़ रूपये ग्रेच्युटी की राशि प्रदान की गई, इसके सहित निगमायुक्त द्वारा सोसायटी की राशि का भी भुगतान किया गया एवं कर्मचारियों के एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. खाते में एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. की संपूर्ण राशि जमा करने हेतु वित्त अधिकारी को आदेशित किया गया। अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, प्रशांत गौंटिया, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, जगदीश नन्हेट, नरसिंहमलू, सामियल, दयाराम ध्रुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**प्रभा पाण्डेय-** रामेश्वरम कालोनी निवासी राज किशोर पाण्डेय (रिटायर्ड चीफ अकाउंटस आफीसर बीएसएनएल) की पत्नी और अनिल पाण्डेय, डॉ.अरविंद पाण्डेय एवं आशुतोष पाण्डेय की माता जी थी। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निज निवास म.नं. 110 रामेश्वरम कालोनी असाटी भवन के पास से रानीताल के लिए रवाना होगी।

**श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा-** भरतीपुर निवासी श्री रामचरन विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दास सराफ-** सराफा खटीक मोहल्ला रोड निवासी श्री भगवान दास सराफ (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा बाथरे-** गोपालबाग निवासी श्री महेश बाथरे की धर्मपत्नी श्रीमती रमा बाथरे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री-** हैड पोस्ट आफिस के पास साउथ सिविल लाइन निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मानक राव-** चौधरी मोहल्ला रामपुर निवासी श्री मानक राव (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा-** बेलबाग निवासी श्री प्रकाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# सवा लाख के गांजे के साथ दो तस्कर पकड़े

## क्राईम ब्रांच व माढ़ोताल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही



**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने माढ़ोताल पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए कटंगी रोड सोना मैरिज गॉर्डन के पास से दो तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने छह किलों 920 ग्राम गांजा कीमती एक लाख 38 हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर कटंगी रोड स्थित सोना मैरिज गॉर्डन के समीप दबिश दी। जहां दो व्यक्ति पिट्ठू बैग लिये दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम क्रमशः अंकुश राठौर उम्र 38 वर्ष निवासी सोना मैरिज गार्डन के पीछे माढ़ोताल एवं प्रदीप झारिया उम्र 26 वर्ष चमन नगर माढोताल बताये। पुलिस ने आरोपी अंकुश सिंह राठौर के कब्जे में रखे पिट्ठू बैग से चार पैकेट तथा प्रदीप झारिया के कब्जे में रखे पिट्ठू बैग से दो पालीथीन के पैकेट बरामद किये। जिन्हें खोलकर देखने पर उसमें गांजा पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से कुल छह किलों 920 ग्राम गांजा कीमती एक लाख 38 हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# दो भाईयों पर चाकूओं से जानलेवा हमला

## मदन-महल चंद्रिका टावर के समीप वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदन महल थाना अंतर्गत चंद्रिका टॉवर के समीप बीती रात दो बदमाशों ने दो भाईयों पर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल विक्टोरिया में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि गोरखपुर रामपुर छापर निवासी 23 वर्षीय आयुष दुबे की चंद्रिका टॉवर मदन महल में होटल है। बीती रात करीब साढ़े दस बजे जब आयुष अपनी होटल में था, उसी समय उसके भाई आकाश दुबे का फोन आया कि नीचे आ जाओ। जैसे ही आयुष नीचे पहुंचा तो देखा कि एक स्कूटी में उसका भाई आकाश दुबे बैठा था, जिसके पीछे यश शुक्ला और गौरव दाहिया बैठे थे। उसे देखते ही यश कहने लगा कि आज आयुष को जान से मार देंगे कहते हुए उसके भाई आकाश पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे आकाश के बाएं पैर की जांघ में गंभीर चोट आ गई। इसके बाद यश ने उस पर हमला कार बायीं पसली व कमर के नीचे चोट पहुंचा दी, आसपास के लोगों की भीड़ आता देख गौरव दाहिया ब्लूम चौक की ओर भाग गया, वहीं यश भी मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायल भाईयों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# सालीवाड़ा गांव में पलटा मवेशियों से भरा ट्रक

**जबलपुर,देशबन्धु।** गौर थाना क्षेत्र के सालीवाड़ा गांव में आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा उस समय हुआ जब मवेशियों से भरा एक ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि चालक और परिचालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह ट्रक भारी संख्या में जिंदा मवेशियों को लेकर जा रहा था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मवेशी कहां से लाए गए थे और ट्रक का गंतव्य क्या था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गौर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर मवेशियों की तस्करी की आशंका के दृष्टिगत जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक काफी तेज गति से जा रहा था, जिससे अचानक नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में भरे मवेशियों की कराहट सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। कुछ मवेशी घायल भी हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए पास के पशु चिकित्सालय भिजवाया गया है।

पुलिस को आशंका है कि यह ट्रक अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी कर रहा था। यदि जांच में यह साबित होता है तो पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा सकता है। गौर चौकी प्रभारी का कहना है कि ट्रक चालक और परिचालक से पूछताछ की जा रही है और ट्रक के दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है।

## सर्प के काटने से युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत ग्राम दिबरी में एक जहरीले सर्प ने 18 वर्षीय ज्ञानी भूमिया को काट लिया। जिसे परिजनों ने तत्काल ही उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# पलक झपकते ही शातिर चोर मोबाइल कर देता था पार

## क्राइम ब्रांच ने दबोचा, आधा दर्जन मोबाइल जब्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से आधा दर्जन चोरी के मोबाइल जब्त किए गए है। पकड़ा चोर रेल्वे स्टेशन से यात्रियों और उनके परिजनों के मोबाइल पलक झपकते ही पार कर देता था।

क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा ने बताया कि रांझी क्षेत्र अंतर्गत सुमन नगर रिछाई निवासी अनीश खान पिता शेख सलीम 20 वर्ष निवासी सुमन नगर रिछाई को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 6 चोरी के मोबाइल कीमत करीब 150000 रुपए के जब्त किए गए हैं आरोपी द्वारा उक्त मोबाइल रेलवे स्टेशन से चोरी करना स्वीकार किया गया है।

# जहरीली वस्तु के सेवन से महिला की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट पुलिस को ग्राम तेवर निवासी 26 वर्षीय नरेन्द्र मेहरा ने सूचना दी कि बीती रात करीब 11 बजे उसकी मॉ 48 वर्षीय मिथलाबाई ने अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां देर रात उपचार दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

# नशीले इंजेक्शन का कारोबार करते आरोपी पकड़ाया

## घमापुर पुलिस की कार्यवाही, 55 इंजेक्शन बरामद



**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर पुलिस ने मरघटाई क्षेत्र के पास से एक आरोपी को नशीले इंजेक्शन का अवैध कारोबार करते हुए दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 55 नग नशीले इंजेक्शन व बारह सौ रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मरघटाई क्षेत्र में दबिश दी गई। जहां एक युवक राजश्री गुटके की पत्नी में नशीले इंजेक्शन रखकर बेचने की फिराक में खड़ा था। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर धर दबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम अजय वंशकार उम्र 40 वर्ष निवासी पानी की टंकी भोला नगर हनुमानताल बताया। जिसके कब्जे में रखी दोनों पन्नियों को चैक करने प्रतिबंधित इंजेक्शन एविल फेनिरामिन टैबलेट आईपी के 30 नग एवं ब्युप्रेनोर्फिन इंजेक्शन 25 नग तथा नगदी 1200 रूपये बरामद किये। पुलिस ने इंजेक्शन व नकदी जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# बुलट-बाइक में टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत व्हीकल फैक्ट्री के पास बुलेट और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई और मासूम बच्चे समेत तीन घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक व्हीकल फैक्ट्री के पास रात करीब दस बजे बुलेट और मोटरसाइकिल में टक्कर हुई। हादसे में बुलेट चालक सिद्धार्थ चौहान 19 वर्ष निवासी रांझी की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक में सवार एक मासूम समेत गंगा राय वंशकार एक अन्य घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाडियाँ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में बुलेट सवार सिद्धार्थ चौहान ने मौके पर ही दम तोड़ था जबकि गंगा राय एवं अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुंडम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाने के बाद दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कुंडम थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय बालिका ने रिपोर्ट कि गांव में रहने वाले सतीश परस्ते 24 वर्षों से उसकी दोस्ती 2024 में हुई थी जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। दिसम्बर माह में जब वह घर में अकेली थी तभी परस्ते उसके घर पर आया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो वे वादे से मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# अवैध निर्माण कर अतिक्रमणकारी ने की मारपीट



**जबलपुर,देशबन्धु।** कैंट क्षेत्र में बिना अनुमति हो रहे अवैध निर्माण को हटाने पहुंचे कैंट बोर्ड के कर्मचारियों के साथ अतिक्रमणकारी ने मारपीट कर दी बंगला नंबर 44 महावीर कंपाउंड में अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसके बाद सीईओ के निर्देश पर एक टीम मौके पर भेजी गई थी। जिसने पाया कि वजीउद्दीन आत्मज स्व. नज्मउद्दीन द्वारा मकान बनाया जा रहा है। टीम ने पाया कि इसके पूर्व भी संबंधित व्यक्ति को अधिनियम 2006 की धारा 248(1) के अंतर्गत नोटिस 1 मई को दिया गया था, लेकिन वजीउद्दीन द्वारा नोटिस के पालन तो दूर की बात है उसने ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पूरा कर दूसरी मंजिल तानने की तैयारी कर ली है। जब कैंट बोर्ड के अमले ने काम रोकने के निर्देश दिए तो अवैध निर्माण कर्ता ने उन पर हमला बोल दिया। जिसके बाद कैंट सीईओ ने एक लिखित शिकायत पुलिस को दी है। कैंट बोर्ड सीईओ द्वारा पुलिस को भेजी गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि 15 मई को समय शाम 5.05 कार्यालय के स्थाई कर्मचारी नितेश पटेरिया पद-ड्राफ्ट्समैन व सुशील कल्याण पद-चौकीदार के साथ ऐसे अवैध निर्माण कार्य जिनके विरुद्ध धारा 248(1) के नोटिस जारी किए जा चुके हैं, उनके स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया था। दोनों कर्मचारी जब वजीउद्दीन मौके पर पहुंचे तो देखा कि वजीउद्दीन द्वारा अवैध निर्माण जारी रखते हुए दूसरी मंजिल पर आरसीसी पिलर, सेंटिंग का कार्य किया जा रहा था। जैसे ही स्थल के छायाचित्र लेने के लिए कर्मचारियों ने मोबाइल फोन निकाला तो वजीउद्दीन एवं उनकी पत्नी द्वारा उक्त दोनों कर्मचारियों को फोटो नहीं लेने दी गई। वहीं अश्लील गालियां दी गईं एवं उन्हें भयभीत करने के उद्देश्य से आपराधिक हमला कर धक्का-मुक्की की गई।

## महिला से छेड़छाड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे ने महिला से छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामपुर निवासी नवीन ने उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की है।

# जनता के बीच विभाग की छवि बचाने निलंबन की कार्यवाही अनुचित

## हाईकोर्ट ने निरस्त किया आदेश

जबलपुर,देशबन्धु। स्कूल शिक्षा विभाग में मूल्यांकन का कार्य ठेके में किये जाने संबंधित मामले जांच के बाद निलंबित किये जाने को चुनौती देते हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था जांच रिपोर्ट में अनुसार अनियमितताओं में वह सीधे तौर पर शामिल नहीं था। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी ने निलंबन के आदेश को निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि ऐसा प्रतीक होता है कि जनता में विभाग की छवि बचाने याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की गयी है। अनियमितताओं के लिए याचिकाकर्ता प्रत्यक्ष रूप से दोषी नहीं था।

याचिकाकर्ता डॉ राकेश कुमार वर्मा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वह शासकीय शहीद भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया जिला नर्मदापुरम में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ था। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान अनियमितताएं के संबंध में सोशल मीडिया पर खबर वायरल हुई थी। जिसकी जांच के लिए समिति का गठन किया गया था। जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर पुस्तिका क्रमांक-13206-2025, जिसका मूल्यांकन सुश्री खुशबू पगारे अतिथि संकाय द्वारा किया जाना था। जिसका मूल्यांकन लैब टेक्नीशियन पन्नालाल पठारिया के द्वारा किया गया था। जांच रिपोर्ट में सुश्री खुशबू पगारे ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए उन्होंने राकेश कुमार मैहर नामक व्यक्ति को 7000 रुपए दिए थे।

राकेश कुमार मैहर ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बदले उन्होंने पन्नालाल पठारिया को 5000 रुपए दिए थे। जांच रिपोर्ट समिति ने प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता और राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. रामगुलाम पटेल को कथित अनियमितता के लिए दोषी माना। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग ने याचिकाकर्ता को निलंबित कर दिया। याचिका में कहा गया था कि बिना सोचे-समझे यांत्रिकी तरीके से निलंबन का आदेश पारित किया गया है। कथित अनियमितता में याचिका की प्रत्यक्ष संलिप्तता नहीं होने के बावजूद भी उसके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही अनुचित है। सरकार की तरफ से याचिका का विरोध करते हुए याचिकाकर्ता के पास आदेश के खिलाफ अपील का प्रावधान उपलब्ध था। इसके बावजूद भी याचिकाकर्ता ने सीधे कोर्ट में याचिका दायर कर दी। एकलपीठ ने सरकार की दलील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता

को नोडल अधिकारी होने के कारण कथित अनियमितता के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में निलंबन का आदेश पारित किया जाता तो स्पष्ट तो यह माना जाए कि प्राधिकारी किसी तरह याचिकाकर्ता को रोजगार से बाहर रखने की कोशिश कर रहा है। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि याचिकाकर्ता कथित अनियमितता में सीधे तौर पर शामिल नहीं था। याचिकाकर्ता को निलंबित करने का आदेश केवल जनता के बीच विभाग की छवि बचाने तथा यह दर्शाने के लिए पारित किया गया है कि कथित अनियमितता के लिए समुचित कार्रवाई की गई है। दूसरों की संतुष्टि किसी कर्मचारी को निलंबित करने का मुख्य उद्देश्य नहीं है। निष्पक्ष तरीके से जांच पूरी करने के बाद ऐसा किया जाना चाहिए था। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता के पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किये।

## सरफेसी एक्ट मामले में कोर्ट सख्त

### अंतरिम रोक के साथ ईओडब्ल्यू से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में वित्त मंत्रालय के सचिव, ईओडब्ल्यू डीजी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सरफेसी एक्ट की धारा-13 की वैधानिकता को चुनौती देने वाले मामले में उक्त निर्देश दिये है। इसके साथ ही युगलपीठ ने बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई




पर अंतरिम रोक लगा दी है।भोपाल के रघुनंदन सिंह चौहान की ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता की फर्नीचर बनाने की औद्योगिक इकाई है। बैंक का लोन नहीं चुकाने पर उनकी परिसंपत्तियां नीलाम कर दी गई। अब बैंक सरफेसी एक्ट के तहत उन्हें दिवालिया घोषित करना चाहती है, जिसके लिये उन्हें नोटिस भेजा गया है।

दलील दी गई कि केन्द्र सरकार के गजट नोटिफिकेशन व रिजर्व बैंक निर्देशों के अनुसार किसी भी लघु व मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाई के बैंकिंग लोन की किस्तों में अगर डिफॉल्ट होता है तो उसे बैंक द्वारा वित्तीय विनियोजन का मौका पहले दिया जाना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि उसे दिवालिया होने से बचाया जा सके। यदि वित्तीय विनियोजन असफल होता है तभी नीलामी की कार्यवाही की जा सकेगी। तर्क दिया गया कि धारा-13 सरफेसी एक्ट के तहत बिना वित्तीय पुनः सरंचना का मौका दिए बिना परिसंपत्तियों की नीलामी करने का बैंक का अधिकार असंवैधानिक है। दलील दी गई कि बैंक ने याचिकाकर्ता की लगभग 70 करोड़ की संपत्ति को 6 करोड़ 42 लाख में नीलाम कर दी, जबकि वित्तीय धोखाधड़ी है। इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू में भी की गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये है।

## आधार सर्वेक्षण के लिए साथी समिति गठित

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर ने आधार सर्वेक्षण के लिए जिला साथी समिति का गठन किया है। यह जानकारी सचिव शक्ति वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सडक़ों पर या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान करना है, जिनके पास आधार नहीं है। समन्वित कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं में उनके पंजीकरण और समावेशन को सुगम बनाने हेतु समिति के सदस्यगण के साथ प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस शशि भूषण शर्मा, सचिव शक्ति वर्मा व जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत मौजूद थे।

## रिटायर्ड प्राचार्य व शिक्षकों को अवकाश नकदीकरण का लाभ दें : हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त प्राचार्य व शिक्षकों के हक में अवकाश नकदीकरण का लाभ प्रदान करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके लिए 90 दिन का समय दिया है। याचिकाकर्ता सागर निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य मनोज कुमार कोष्टी सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक भगवती प्रसाद नागाइच व हरिनारायण खरे की ओर से अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी व सुमित्रा तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता अवकाश नगदीकरण के लाभ के लिए सर्वथा पात्र हैं। इसके बावजूद लाभ अकारण रोका गया है। जिसे लेकर अभ्यावेदन दिये गये, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।

## हाईकोर्ट में 47 पैनल काउंसिल नियुक्त किए गए

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंद्र शासन के लॉ एंड जस्टिस मंत्रालय लीगल अफेयर्स विभाग ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 47 पैनल काउंसिल नियुक्त किये हैं। हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर में 21 सीनियर पैनल काउंसिल बनाये गये हैं। खंडपीठ ग्वालियर के लिए इनकी संख्या 12 रखी गई है। इसी तरह मुख्यपीठ व खंडपीठ के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त हुए हैं। ये सभी हाईकोर्ट में केंद्र शासन की ओर से पक्ष रखेंगे। सहज, सुलभ व त्वरित न्यायदान प्रक्रिया को अपेक्षाकृत द्रुतगति प्रदान करने की मंशा से यह कदम महत्वपूर्ण है।

## सभी वर्गो को पुजारी पद पर नियुक्ति देने के मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर

जबलपुर। हाईकोर्ट में अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) द्वारा एक जनहित याचिका दायर कर राज्य शासित धार्मिक स्थलों में सभी वर्ग के लोगों को पुजारी के पद पर नियुक्ति में अवसर प्रदान करने की मांग की गई है। जनहित याचिका में मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट मंदिर विधेयक 2019 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है।

इस याचिका में विभिन्न गंभीर को विषयों उठाते हुए जबलपुर निवासी विवेक तिवारी ने हस्तक्षेप आवेदन पेश किया है। आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता निशांत मिश्रा ने बताया कि याचिका में एक वर्ग विशेष के लिए आपत्तिजनक दलीलें दी गई हैं। पुजारी के पद के लिए भी विशेष योग्यताएं निर्धारित रहती हैं। पुरातन काल से ही मंदिरों में श्रेष्ठ ब्राह्मण ही मुख्य पुजारी बनते हैं। यह दलील देना कि अन्य नियुक्तियों की तरह पुजारी की नियुक्ति भी जाति के आधार पर नहीं वरन योग्यता के आधार पर की जाए, पूरी तरह अनुचित है।

# प्रा.व मा. शिक्षक भर्ती की नियुक्ति याचिका के अधीन

## हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा के तहत होने वाली नियुक्तियों को इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इस अंतरिम आदेश के साथ जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण, आयुक्त आदिवासी विभाग व कर्मचारी चयन आयोग के संचालक को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दरअसल सतना निवासी प्रदीप कुमार पांडे की ओर से आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद हेतु भर्ती प्रक्रिया में पात्रता नियमों में अचानक संशोधन कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2023 में आयोजित माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में सफलता प्राप्त की थी और सभी आवश्यक योग्यताएं भी पूरी की थीं। लेकिन राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में नया परीक्षा संचालन मैनुअल जारी किया, जिसमें माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद के लिए पात्रता शर्तों में संशोधन कर दिया गया। करीब 10 हजार पदों पर नियुक्ति होना है। वर्ष 2018 के नियमों के अनुसार माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) पद के लिए शास्त्री उपाधि (द्वितीय श्रेणी) संस्कृत साहित्य-व्याकरण के साथ अनिवार्य थी। इसी आधार पर याचिकाकर्ता ने 2023 में आयोजित पात्रता परीक्षा में भाग लिया और उसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। वर्ष 2024 में जारी नए पात्रता मानदंड को संशोधित करते हुए संस्कृत साहित्य को ही मुख्य विषय के रूप में तीन वर्ष अध्ययन करने की अनिवार्यता लागू कर दी गई। इस बदलाव के कारण याचिकाकर्ता और अन्य समान योग्यता वाले उम्मीदवार अचानक अयोग्य हो गये। दलील दी गई कि पात्रता में अचानक बदलाव करना न केवल अनुचित है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद-14 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि भर्ती प्रक्रिया के बीच में पात्रता मानदंड में बदलाव करना उम्मीदवारों के अधिकारों का हनन है और यह प्रक्रिया की पारदर्शिता के खिलाफ है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

### भारत माता के लगे जयकारे, भूतपूर्व सैनिकों का किया सम्मान

**सिहोरा, देशबन्धु।** पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पाकिस्तान के खिलाफ सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के नायक देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करते हुए तथा देश की एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से एक साथ दो तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें पहली राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले महाराजपुर से निकाली गई जिसका समापन सिहोरा में हुआ यहीं से क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों की तिरंगा यात्रा को गिदुरहा के लिए रवाना किया।



**सांसद ने दिखाई हरि झंडी** - भारतीय सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले निकली तिरंगा यात्रा को सांसद आशीष दुबे,जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया,बरगी विधायक नीरज सिंह,पनागर विधायक सुशील इंदू तिवारी,भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल आदि ने महाराजपुर से हरि झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। जो करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय करके यात्रा के बरनू तिराहा गोसलपुर पहुंचने पर विधायक संतोष बरकडे के नेतृत्व में अनेक लोगों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नंदनी मरावी,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, राजा मोर,राजेश दाहिया, संदीप शुक्ला, पुष्पराज सिंह बघेल, राजमणि सिंह बघेल, अंजना सराफ, कुमार नीरज, सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी, शिशिर पांडे, माधव मिश्रा, नीरज पांडे, अभिषेक परौहा उपस्थित थे।

**गिदुरहा के लिए रवाना हुई यात्रा-** क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों ने भी अपने हाथों में देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लेकर विजय कुमार मिश्रा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई सिहोरा अध्यक्ष के संयोजन में तिरंगा यात्रा निकाली जिसको सिहोरा से गिदुरहा के लिए रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा सिहोरा खितौला के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए गिदुरहा में शहीद मुन्नालाल काछी के शहीद स्मारक में संपन्न हुई।

## विद्युत मंडल की आंख-मिचौली से परेशान नगरवासी

**बरेला, देशबन्धु।** विद्युत मंडल द्वारा नगर में व्याप्त विद्युत सप्लाई की अव्यवस्था को लेकर नगरवासी इस भीषण गर्मी में अत्यधिक परेशान है। नगर में लाइट व्यवस्था अव्यवस्थित है 24 घंटे में कब लाइट बंद हो जाए और कितने टाइम तक बंद रहे इसका कोई भरोसा नहीं है। अधिकारी एवं कर्मचारियों से बात करने पर उनके फोन या तो बंद रहते हैं या फिर रिसीव नहीं किए जाते और ना ही लाइट बंद की सूचना पूर्व में दी जाती है, जिससे पूरे नगर वासी इस भीषण गर्मी में परेशान रहते हैं। विगत दिवस रात्रि में तीन से चार बार लाइट बंद हुई कभी आधे घंटे के लिए तो कही डेढ़ से 2 घंटे तक बंद रही। इस भीषण गर्मी में रात्रि में लाइट का बंद होना बच्चों और बुजुर्गों में जान लेना जैसा साबित होता है।

## अटल बने मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जबलपुर के जिलाध्यक्ष पद पर अटल उपाध्याय के निर्वाचन के साथ ही पूरे संभाग में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर, सिहोरा तहसील इकाई के अध्यक्ष के.जी. पाठक और ब्लॉक अध्यक्ष सुशील दहिया, योगेन्द्र मिश्रा, संजू उरमलिया ने विशेष रूप से अटल उपाध्याय को बधाई दी।

सिहोरा इकाई के अन्य प्रमुख सदस्यों, जिनमें संजय उरमलिया, योगेंद्र मिश्रा, मनजीत सिंह, मनोज राय, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी, विवेक जैन, नितिन गर्ग, हेमंत साहू, आशीष पहाड़िया, आशीष दुबे, नरेंद्र शर्मा, राजू ठाकुर, पवन दुबे, गगन राज दुबे, संदीप तिवारी, अनीता उपाध्याय, प्रशांत शर्मा, आप राय, जे. एस. राठौर, संदीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, बलराम उपाध्याय, प्रदीप राय, गंगाराम गुप्ता, ललित तिवारी, सुषमा पांडे, ममता दुबे, अनंत श्रीवास्तव, शेष राम धुर्वे, मंगल मिश्रा और राजेश मिश्रा शामिल हैं, ने भी श्री उपाध्याय को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अटल उपाध्याय के नेतृत्व में संगठन की प्रगति और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के प्रति पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। उनका मानना है कि श्री उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में संघ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाएगा। सिहोरा इकाई के सदस्यों ने एकजुट होकर श्री उपाध्याय को अपनी शुभकामनाएं भेजीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जबलपुर और सिहोरा की कर्मचारी इकाइयां मिलकर प्रदेश के कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य करेंगी।

## सार-समाचार

### सफाई अभियान मे बडी संख्या में शामिल हुए छात्र-छात्राएं

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड समन्वयक की उपस्थिति में प्रस्फुटन ग्राम गोसलपुर में हनुमान जी महाराज के अतिप्राचीन मंदिर के समीप स्थित रामसागर तालाब में छात्र छात्राओं, परामर्श दाताओ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों व ग्रामवासियों के साथ श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की गई जिसमें विकासखंड समन्वयक आशीष जैन,परामर्शदाता प्रवीण गौतम,सुरभि कोरी,रजनीश उपाध्याय, लक्ष्मीकांत परौहा, सचिन नामदेव, नवांकुर संस्था से हेमचंद असाटी,अर्पित चौबे,मनीष पालीवाल राज पटैल रविशंकर श्रीवास्तव छात्र एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### सर्वर की समस्या से परेशानी बैंक उपभोक्ता हो रहे परेशान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर नगर में संचालित राष्ट्रीयकृत बैंक यानि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पिछले दो-तीन दिनों से सुबह से लेकर दोपहर तक तकनीकी समस्या के चलते सर्वर न मिलने के कारण बिकराल समस्या पैदा हो रही है बैंक उपभोक्ता दूर-दूर से बैंक में अपना जमा निकासी व अन्य भिन्न-भिन्न कार्यों से अपना काम धाम छोड़कर बैंक पहुंचते हैं परंतु पिछले दो-तीन दिनों से सर्वर की समस्या के चलते बैंक उपभोक्ताओं को शाखा से मायूस होकर बैरंग लौटना पड़ता है या फिर लंबा इंतजार करना पड़ता है इस संबंध में बैंक के कर्मचारियों का कहना है की तकनीकी समस्या के चलते यह समस्या ग्राहकों को असुबिधा हुई है लोगों का कहना है की इस भीषण गर्मी में दूरस्थ अंचल से आने वाले नौकरी पैसा व्यापारी किसान दिव्यांगजन महिलाओं को ऐसी स्थिति में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### रक्तदान शिविर आज

**बरेला, देशबन्धु।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत निरंकारी सत्संग भवन धनपुरी में चौथा रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी लोगों से रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

### पनागर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, दो मंत्रियों का पुतला दहन

**पनागर,देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिनांक 18 मई 2025 को शाम 5ः00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन के दो मंत्रियों, कैबिनेट मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला दहन किया जाएगा।

कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ, ब्लॉक पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, पार्षद गण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, युवक कांग्रेस, छात्र संगठन, महिला कांग्रेस, सेवा दल, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग के सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।- डॉक्टर नीलेश जैन, जिला ग्रामीण अध्यक्ष,संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पनागर,राजेश पटेल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विमल जैन जी के ऑफिस समयः शाम 5ः00 बजे- दिनांकः 18 मई 2025 किया जाएगा।

### ब्राह्मण सभा की बैठक आज 4 बजे से होगी



**पनागर,देशबन्धु।** भगवान श्री परशुराम जी मंदिर में आज शाम 4 बजे से ब्राह्मण सभा पनागर की बैठक आयोजित होगी उक्त जानकारी सभा के नितिन गौतम ने दी है जिसमें मंदिर निर्माण कार्य पर हुई आबक जाबक एवं आगे के कार्यों को लेकर चर्चा होगी जिसमें समस्त ब्राह्मण साथियों से उपस्थित होने की अपील ब्राह्मण सभा ने की है।

### हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**डिंडोरी , देशबन्धु।** हत्या के एक मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, थाना शहपुरा के अप. क्र. 39/2024 सत्र प्रकरण क्रमांक 29/2024 के आरोपी प्रकाश साहू पिता नर्बद प्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बिलगांव थाना शहपुरा को पीडित की डंडा से मारकर हत्या कारित करने के मामले में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषी मानते हुए 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं दो हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नर्मदा जल से फिर बहने लगी हिरन, गांव-गांव पहुंचा नदी में पानी

### जलसंकट की स्थिति से सजग हुआ प्रशासन



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** अंचल की जीवन रेखा हिरन नदी बरगी बाँध की दाँयी तट नहर से छोड़े गये नर्मदा जल से पुनर्जीवित हुई हिरन नदी भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे तटवर्ती ग्रामों की सवा लाख से अधिक आबादी और मवेशियों के लिये जीवनदायिनी साबित हो रही है। अप्रेल माह की गर्मी के चलते सूख जाने व कई स्थानों पर जलविहीन हो जाने से हिरन नदी के लगे अनेकों ग्रामों में जलसंकट उत्पन्न हो गया था। लगातार जल के दोहन के कारण हिरन नदी पूरी तरह सूख चुकी थी, जिससे गांव गांव जलस्तर के नीचे खिसकने एवं पेयजल स्रोत बंद होने जैसी समस्याएं आने लगी थी।

**उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शासन**-प्रशासन ने इसे संज्ञान में लेते हुए पान उमरिया के पास आरबीसी नर्मदा नदी दांयी तट मुख्य नहर का पानी हिरन नदी में छोड़ा है जिससे हिरन नदी में निर्मल जल की कलकल धारा पुनः बहने लगी है।हिरन नदी के सभी मुख्य घाट के अलावा अब गांव गांव पानी पहुंच चुका है। ऐसे में हिरन नदी से लगे ग्रामों के लोगो मे खुशी होना जाहिर सी बात है।

**पिछले वर्ष बनी थी ऐसी ही स्थिति**---गत वर्ष मई माह में पड़ी भीषण गर्मी के चलते हिरन नदी पूरी तरह सूख गई थी।इस वर्ष अप्रेल माह से ही नदी में पानी नहीं था,हाल ही में पान उमरिया के पास बरगी दायीं तट नहर से पानी हिरन नदी में छोड़े जाने से पानी लगातार बहने लगा है।

**हिरन नदी के पानी से होगी सब्जियां**-अब जब हिरन नदी में पानी आ गया है, इसीलिए हिरन नदी के किनारे हरी सब्जीयों,ककड़ी व चीमडी,कलींदर तरबूज की भी खेती को पानी मिल सकेगा।

**इन ग्रामों में पहुंचा पानी**-- बरगी दांयी तट नहर से हिरन नदी में पानी छोड़ने से हिरन नदी के किनारे व आसपास के ग्रामों में खिन्नी, कैथरा,चन्नौटा, मल्हना,कूड़ा, कंजई, घाटसिमरिया, मोहतरा,ताला,देवरी,शहजपुरा पानी पहुंचा है।

*पहले साल भर पानी रहता था अब रेत खनन से जल्दी सूख जाती है-- जबलपुर जिले के कुण्डम ग्राम से निकली नर्मदा की सहायक नदी हिरन में कुछ बरस पहले तक बारहों महीने पानी प्रवाहित होता था किन्तु गर्मी के प्रारम्भ और अँधाधुँध रेत खनन से बने भीषण हालात के चलते अप्रेल माह के प्रारंभ में ही हिरन नदी सूखने लगी थी और तटीय ग्रामों में जल-स्तर काफी नीचे चले जाने से जलसंकट उत्पन्न होना प्रारम्भ हो गया था। हैण्ड-पम्प और अन्य जल-स्रोतों के सूख जाने से जल-संकट जैसी स्थिति निर्मित होने लगी थी।

### इनका कहना है

नर्मदा नदी में हिरण नदी से 8 क्यूमेक प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आरबीसी पान उमरिया के पास से हिरण नदी में मंगलवार शाम को 8 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड नर्मदा जल छोड़ा गया है।

सचूली के पास से हिरण नदी में नर्मदा जल छोड़ा गया, जो तीसरे दिन गुरुवार शाम हिरण नदी के खितौला घाट पहुंचा। पान उमरिया के पास आरबीसी से 8 क्यूमेक (क्यूसेक मीटर) प्रति सेकंड पानी हिरण नदी में छोड़ा जा रहा है। एनवीडी (नर्मदा विकास प्राधिकरण) के अधिकारियों के अनुसार बरगी दायीं तट नहर में सुधार कार्य के चलते पानी छोड़ने में परेशानी आ रही थी। वर्तमान जलसंकट व ग्रीष्मकालीन फसलों उड़द,मूंग की सिंचाई,तालाबों को भरने में मदद मिलेगी।

**अनिल तिवारी,** ईई, नर्मदा विकास विभाग, सिहोरा संभाग

## सोहागी घाटी में पुट्टी लोड ट्रेलर पलटा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** प्रयागराज हाईवे के सोहागी घाटी में एक बार फिर सड़क हादसा हुआ है यहां पुट्टी लोड ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया है। इस दौरान चालक और खलासी ट्रक की चपेट में आ गए थे जिसमें से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।



घटना के संबंध में सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताएं कि आज सुबह तकरीबन 6ः30 बजे उन्हें सूचना मिली कि रीवा से प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर सोहागी घाटी में पलट गया है जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रेलर में पुट्टी लोड है और ट्रक के स्टेरिंग सहित केबिन में दो लोग फंसे हुए हैं जिन्हें जेसीबी की मदद से बाहर निकल गया और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया । जहां मोनू राय उम्र 30 वर्ष निवासी मऊ उत्तर प्रदेश की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार अभी जारी है हादसे का कारण क्या है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## जन्मकल्याणक के दिन हुआ प्रभु का जन्म, गजरथ पर सवार होकर निकल रही महाआरती

### सर्व समाज के लोग हुए सामिल

**पनागर, देशबन्धु।** आचार्य समय सागर जी महाराज के सानिध्य में हो रहे भव्य पंचकल्याणक में प्रातः 6 बजे भगवान का जन्म हुआ तत्पश्चात हर्ष उल्लास से भगवान का जन्म कल्याणक के बाद बजरिया जैन मंदिर के लिए विशाल जुलूस रवाना हुआ और पांडुकचल अभिषेक कराया गया।

पूज्य समय सागर जी ने अपने प्रवचनों में जन्म कल्याणक को एक मुख्य कल्याणक बताते हुए कहा कि भगवान के जन्म से संसार मे पूण्य का उदय होता है और



गजरथ पर सवार होकर राजा महाराजा इंद्र सभा आदि भगवान को भर्मण कराते है यही पूण्य का उदय कहलाता है एवं सायं काल गजरथ महाआरती पुण्यअर्जक परिवार शरद रश्मि खजांची के यहां से महाआरती जिलूस प्रारम्भ किया गया जिसमें समस्त समाज के लोगो ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमे बरगी विधायक नीरज सिंह तहसीलदार विकास जैन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल जितेंद्र सिंह ठाकुर रीना जैन ज्योति विमल जैन आनंद जैन राजेन्द्र सोनी तुलसी कुशवाहा टिक्कू कुशवाहा प्रदीप चौधरी प्रमोद पटेल बहादुर राय रोशन तिवारी बाबू खान रोहित खेटपाल प्रदीप नायक आनंद कुशवाहा नितिन गौतम स्वप्निल ठाकुर गुरल खत्री रामनिवास गौतम अनिल गौतम सहित सभी समाजो के लोगो ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी श्री जैन प्रबंधकरणीय सभा व गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा पंपी मंत्री अभिनंदन चौधरी स्वागत अध्यक्ष आनंद जैन मिचु गौरव अध्यक्ष पवन लसगरी कार्य अध्यक्ष संतोष चौधरी ने समस्त लोगों से आज 18 को भगवान के दीक्षा समारोह में सम्मिलित होने की अपील की है।

## भूख प्यास से तड़प रहे गौवंश की दीवार तोड़कर बचाई जान, जर्जर भवन में फंसे थे गौवंश

- कई दिनों से भवन के भीतर फंसे थे गौवंश, दुर्गंध आने पर हुई ग्रामीणों को जानकारी





**रीवा देशबन्धु।** एक बार फिर इंसानों ने बेजुबान जानवरों की जान बचाकर मानवता का परिचय दिया है। यहां जर्जर हो चुके पुराने भवन के भीतर फंसे तीन गोवंश जो कई दिनों से भूख और प्यास से तड़प रहे थे उन्हें ग्रामीणों ने भवन की दीवार तोड़कर न सिर्फ सुरक्षित बाहर निकाला बल्कि उनकी जान बचाई। दरअसल मामला जिले के गढ़ थाना क्षेत्र का है, जहां थाने के ठीक बगल में ग्राम पंचायत के पुराने भवन के अंदर फंसे तीन गोवंश को जागरूक नागरिकों ने दीवार तोड़कर बाहर निकाल। वही भवन के भीतर से तेज दुर्गंध आने के कारण लोग जर्जर भवन के मालवे के नीचे कई और मवेशियों के भी दबे होने की आशंका जाहिर कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गंगेव जनपद अंतर्गत गढ़ ग्राम पंचायत के पुराने भवन की लगभग 6 दिन पूर्व छत गिर गई थी। शुक्रवार को यहां से तेज दुर्गंध आने पर जब लोगों ने देखा तो भवन के भीतर तीन गोवंश फंसे हुए थे जो छत का मालवा गिरने की वजह से बाहर नहीं निकल पा रहे थे, ऐसे में तीन स्थानीय युवकों ने उनकी जान बचाने के लिए सबल उठाई और दीवार को तोड़कर तकरीबन 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बताया गया कि स्थानीय जागरूक नागरिकों में रामचंद्र तिवारी, सलीम खान और गौरव पांडे ने जर्जर भवन के भीतर फंसे गोवंश को बाहर निकालने के लिए जिस तरह से पसीना बहाया है उसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। फिलहाल यह गोवंश भूख और प्यास से तड़प रहे थे, जिन्हें बाहर निकालने के बाद तुरंत भोजन और पानी की व्यवस्था कराई गई।

देशबन्धु
विविध

## सलमान रुश्दी की आंख में चाकू मारने वाले को 25 साल की सजा

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** सलमान रुश्दी की आंख पर चाकू से हमला करने वाले अपराधी को शुक्रवार को 25 साल की सजा सुनाई गई। सलमान रुश्दी की आंख पर हमला करने वाले अपराधी हादी मतार को हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए न्यूयॉर्क की मेविल अदालत में जज डेविड फोले ने सजा सुनाई। रुश्दी पर हमला यहीं हुआ था। हादी को फरवरी में राज्य के कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया था, और उस पर संघीय कानूनों के तहत अलग-अलग आतंकवाद के आरोप हैं। 27 वर्षीय मतार को भी सात साल की सजा मिली है जो मुख्य सजा के साथ-साथ चलेगी। चौटाउक्वा काउंटी के जिला अभियोजक जेसन शिमट ने सजा सुनाए जाने के बाद कहा, मैं जज द्वारा लगाई गई सजा से खुश हूं। मतार के वकील नाथनियल बैरोन ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करेंगे। मतार ने अगस्त 2022 में चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में मंच पर सलमान रुश्दी पर हमला किया था। रुश्दी की दाईं आंख पर कई बार चाकू से हमला किया गया। इस वजह से उन्हें यह आंख गंवानी पड़ी थी।

# 10 लाख फिलिस्तीनियों को इस देश में बसाने की योजना बना रहा अमेरिका? हैरान करने वाला दावा

गाजा को लेकर अमेरिका का एक चौंकाने वाला प्लान सामने आया है। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी से करीब 10 लाख फिलिस्तीनियों को स्थायी रूप से लीबिया भेजने की योजना बना रही है। ट्रंप प्रशासन इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रहा है और इस संबंध में लीबिया के नेतृत्व के साथ चर्चा भी कर चुका है। इस योजना के तहत, लीबिया को उन अरबों डॉलर की धनराशि को जारी करने का प्रस्ताव दिया गया है, जो अमेरिका ने एक दशक से अधिक समय पहले फ्रीज कर दी थी। एनबीसी न्यूज ने पांच सूत्रों के हवाले से लिखा है कि इस योजना पर पिछले कुछ समय से अमेरिका तथा लीबिया की लीडरशिप के बीच बातचीत चल रही है। इन चर्चाओं की जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने ह्रक्ष्ट को बताया कि इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका लीबिया की अरबों डॉलर की संपत्ति को वापस देने पर विचार कर रहा है। हालांकि, अमेरिकी सरकार के एक प्रवक्ता ने इन रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए कहा, ये रिपोर्टें असत्य हैं। जमीन पर हालात ऐसे किसी प्लान के अनुकूल नहीं हैं। ऐसी कोई योजना चर्चा में नहीं रही और इसका कोई तर्क नहीं बनता।

**कई सालों से अस्थिरता से जूझ रहा लीबिया**- 2011 में मुअम्मर गद्दाफी की हत्या और शासन के पतन के बाद से लीबिया लगातार अस्थिरता का सामना कर रहा है। देश पूर्व और पश्चिम में दो भागों में विभाजित हो गया है, जहां विभिन्न सशस्त्र गुट सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीनी नागरिकों को वहां पुनर्वासित करना एक व्यवहारिक और मानवीय चुनौती बन सकती है।

**ट्रंप की फिलिस्तीनियों को अन्य अरब देशों में बसाने की इच्छा**- जनवरी में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वे चाहते हैं कि जॉर्डन, मिस्र और अन्य अरब देश गाजा से फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अधिक संख्या में स्वीकार करें, ताकि इस तबाह हो चुके इलाके को साफ किया जा सके और एक नया शुरुआत दी जा सके।

### गाजा में भीषण हमले, 100 से अधिक की मौत

इधर, इजरायल ने शुक्रवार को गाजा में दर्जनों हवाई हमले किए, जिनमें स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार 108 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इजरायल का कहना है कि ये हमले हमास पर दबाव बनाने और बंधकों की रिहाई के लिए युद्ध को अगले चरण में ले जाने की तैयारी का हिस्सा हैं। इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर भी हमले किए, जिनके बारे में उसका दावा है कि वहां से हूती विद्रोही हथियारों को ट्रांसफर कर रहे थे। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि इन हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए।

### हमास ने बंधक सौदे के बदले युद्ध रोकने का प्रस्ताव दिया

हमास के गाजा प्रमुख और इजरायल के साथ अप्रत्यक्ष वार्ताओं में शामिल खलील अल-हय्या ने टेलीविजन पर दिए एक भाषण में कहा कि उनका संगठन सभी बंधकों के बदले इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए तत्पर है- बशर्ते युद्ध को पूरी तरह समाप्त किया जाए। उन्होंने अंतरिम संघर्षविराम के किसी भी प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

# दो घंटे में ही खत्म हो गई रूस-यूक्रेन शांति वार्ता

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच बीते तीन साल से जारी युद्ध के बीच पहली बार दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच शांति वार्ता हुई। हालांकि यह वार्ता दो घंटे से भी कम समय में ही खत्म हो गई। दोनों देशों के बीच युद्धविराम पर कोई सहमित नहीं बन पाई। वहीं रूस और यूक्रेन के रुख ने टेंशन जरूर बढ़ा दी है। रूस युद्धविराम पर बात करने को तैयार नहीं है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि बिना दोनों तरफ से बंदूकों के शांत हुए शांति की बात भी नहीं की जा सकती है। बता दें कि तुर्किए में होने वाली इस शांति वार्ता में पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की भी शामिल होने वाले थे। वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने भी वार्ता में शामिल होने के संकेत दिए थे। हालांकि ऐन वक्त पर पुतिन और ट्रंप दोनों ही पीछे हट गए। ऐसे में वार्ता दोनों देशों के सीनियर अधिकारियों के बीच ही सिमटकर रह गई।

यूक्रेन का कहना था कि वार्ता के लिए कम से कम अस्थायी सीजफायर जरूरी है। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि रूस ने उसकी शर्त नहीं मानी। वहीं रूस की तरफ से वार्ता में शामिल हुए व्लादिमीर मेदिन्स्की ने कहा कि वह इस वार्ता से संतुष्ट हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, फ्रांस, जर्मनी, यूके और पोलैंड से यही अपील की है कि अगर मॉस्को बिना शर्त युद्धविराम को तैयार नहीं होता है तो उसके खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं।

### 1000 बंदियों की रिहाई पर सहमति

इस वार्ता का नतीजा इतना ही रहा कि दोनों देशों के बीच 1000 बंदियों की रिहाई पर सहमति बनी। रूस के प्रतिनिधि ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीजफायर के प्रस्ताव पेश करने को लेकर सहमति बनी है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि सीजफायर को लेकर वह बिल्कुल संतुष्ट नहीं है। रूस ने इस मुद्दे को लेकर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि रूस ने ऐसी शर्त रखी है जो कि स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, रूस चाहता है कि यूक्रेन बड़े हिस्से से अपनी सेना को हटा ले। यह तो एक तरह से धोखे की स्थिति है। रूस इसका फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने कहा कि रूस शांति वार्ता में भी अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है।

### आज का इतिहास

1388- बुचुर झील की लड़ाई के दौरान, जनरल लैन यू ने उत्तरी युआन के खान, तोगस तेमूर के मंगोल गिरोह को कुचलने के लिए एक चीनी सेना का नेतृत्व किया।
1703- डच और अंग्रेज सैनिकों ने जर्मनी के कोलोन शहर पर कब्जा किया।
1756- ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1756- ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1794-ट्रेकोइंग की लड़ाई- फ्रांसीसी सैनिकों ने ब्रिटिश सेना को हराया।
1803- ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस पर युद्ध शुरू कर दिया, जिसके बाद फ्रांस ने डच क्षेत्र से वापस लेने की इजाजत नहीं दी, जिसके कारन नेपोलियन से युद्ध की शुरूआत हुई।
1804- नेपोलियन को फ्रांस का सम्राट घोषित किया गया था।
1804- फ्रेंच सीनेट द्वारा नेपोलियन बोनापार्ट फ्रेंच का सम्राट घोषित किया गया।
1852-मैसाचुसेट्स का नियम है कि स्कूल के सभी बच्चों को स्कूल जाना चाहिए।

## खुद का 'बिग बॉस' लेकर आ रहे ट्रंप? अमेरिकी नागरिकता के लिए करने पड़ सकते हैं ऐसे-ऐसे काम

**वाशिंगटन।** क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अमेरिका की नागरिकता अब सिर्फ कानूनी प्रक्रियाओं से नहीं, बल्कि एक रियलिटी शो जीतकर भी हासिल की जा सकती है? जी हां, अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग एक ऐसे अनोखे टीवी शो पर विचार कर रहा है जिसमें अलग-अलग देशों से आए अप्रवासी (इमिग्रेंट्स) एक ही घर में रहेंगे और अमेरिकी परंपराओं, रीति-रिवाजों और देशभक्ति से जुड़ी टास्क में हिस्सा लेंगे। देखा जाए तो यह एक प्रकार से बिग बॉस जैसा रियलिटी शो होगा जहां आपने तरह-तरह की टास्क करनी होंगी। अंत में जो प्रतिभागी सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे अमेरिका की नागरिकता दी जाएगी।

इस प्रस्ताव को कनाडाई मूल के लेखक और रियलिटी टीवी की दुनिया के जाने-माने निर्माता रॉब वोरसॉफ ने पेश किया है, जो पहले डक डायनास्टी और मिलियनेयर मैचमेकर जैसे लोकप्रिय रियलिटी शो से जुड़े रहे हैं। इस शो का संभावित नाम द अमेरिकन रखा गया है। दिलचस्प बात यह है कि वोरसॉफ खुद एक कनाडाई अप्रवासी हैं और उन्हें यह विचार अपनी ही नागरिकता प्रक्रिया के दौरान आया।

**द अमेरिकन शो का प्रस्तावित स्वरूप**

यह प्रस्तावित शो एक ट्रेन के नाम पर आधारित है, जिसमें 12 आप्रवासी प्रतियोगी देश भर में यात्रा करेंगे और क्षेत्रीय सांस्कृतिक चुनौतियों में हिस्सा लेंगे। शो की शुरुआत न्यूयॉर्क शहर के ऐतिहासिक एलिस आइलैंड से होगी, जहां प्रतियोगी एक विशेष जहाज, 'द सिटिजन शिप', पर पहुंचेंगे। प्रत्येक एपिसोड में %हैरिटेज चैलेंज%, 'एलिमिनेशन चैलेंज', 'टाउन हॉल मीटिंग' और 'फाइनल वोट' जैसे सेगमेंट शामिल होंगे।

प्रतियोगियों को अमेरिकी परंपराओं और इतिहास से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा, जैसे सैन फ्रांसिस्को में सोने की खनन, विस्कॉन्सिन में लॉग रोलिंग, कोलोराडो में रिवर राफ्टिंग, या फ्लोरिडा में नासा के लिए रॉकेट निर्माण। अंतिम विजेता को वाशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल की सीढ़ियों पर एक शीर्ष राजनेता या जज द्वारा अमेरिकी नागरिकता की शपथ दिलाई जाएगी, जिसमें यूएस एयर फोर्स थंडरबर्ड्स के फ्लाईओवर की भव्यता भी शामिल होगी।

**प्रतियोगियों के लिए पुरस्कार और प्रक्रिया**

वोरसॉफ ने स्पष्ट किया है कि शो में हारने वाले प्रतियोगियों को उनके आप्रवासन प्रक्रिया में कोई नुकसान नहीं होगा और न ही उन्हें निर्वासित किया जाएगा। इसके बजाय, हारने वाले प्रतियोगियों को आइकॉनिकली अमेरिकन पुरस्कार दिए जाएंगे, जैसे 10 लाख अमेरिकन एयरलाइंस पॉइंट्स, 10,000 डॉलर का स्टारबक्स गिफ्ट कार्ड, या 76 गैसोलीन की आजीवन आपूर्ति। ये पुरस्कार अभी किसी ब्रांड से आधिकारिक रूप से जुड़े नहीं हैं। सभी प्रतियोगियों को पहले से ही नागरिकता प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्री-वेट किया जाएगा, जिससे उन्हें पारंपरिक प्रक्रिया में भी लाभ मिलेगा। फेसबुक पर एक पोस्ट में वोरसॉफ ने लिखा, यह शो किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं है, बल्कि यह उस भावना का उत्सव है कि अमेरिकी होना क्या होता है- खासकर ऐसे समय में जब राष्ट्रीय मनोबल सबसे नीचे है।

## किम जोंग उन ने एयर डिविजन के युद्धाभ्यास में लिया हिस्सा, क्रांतिकारी बदलाव लाने की जरूरत पर दिया बल

**सियोल, (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने इस सप्ताह वायु सेना के युद्धाभ्यास का निरीक्षण किया और सभी सैन्य इकाइयों को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया, किम योंग ने गुरुवार को दौरे के दौरान कोरियन पीपुल्स आर्मी के गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन के तहत उड़ान समूह को दिशा-निर्देश दिए और पूरी सेना की सभी इकाइयों से लगातार युद्ध के लिए तैयार रहने और क्रांतिकारी बदलाव लाने की आह्वान किया केसीएनए के अनुसार, अभ्यास का मुख्य उद्देश्य उड़ान कोर के साथ-साथ एंटी-एयर मिसाइल, रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उप-इकाइयों को दुश्मन देश की क्रूज मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोन का पता लगाने, उन्हें ट्रैक करने और नष्ट करने के मिशन से परिचित कराना था।

# गाजा में जारी युद्ध को लेकर मैं नेतन्याहू से निराश नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि गाजा में जारी संघर्ष के बीच भी वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से निराश नहीं हैं। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के ब्रेट बैयर को अबू धाबी से दिए गए साक्षात्कार में नेतन्याहू का बचाव करते हुए कहा, नहीं, देखिए, उनके सामने मुश्किल स्थिति है। आपको याद रखना होगा, 7 अक्टूबर की वह घटना थी जिसे हर कोई भूल जाता है। यह दुनिया के इतिहास में सबसे हिंसक दिनों में से एक था, मध्य पूर्व में नहीं, बल्कि दुनिया में, जब आप टेप (रिकॉर्डेड क्लिप्स) देखते हैं।

दरअसल, मध्य पूर्व की अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान ट्रंप इजरायल में नहीं रुके, और सीधे सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। सवाल इसी रवैए को लेकर पूछा गया था।

बैयर ने ट्रंप से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान के साथ संभावित परमाणु समझौता क्षेत्र के लिए बुरा है, क्योंकि प्रशासन वार्ता में लगा हुआ है। ट्रंप ने जवाब दिया, बीबी, वह एक गुस्सैल आदमी हैं, और उन्हें 7 अक्टूबर की वजह से ऐसा होना चाहिए, और वह इससे बुरी तरह आहत हुए हैं, लेकिन दूसरे तरीके देखें तो उन्हें काफी मदद भी मिली है क्योंकि मुझे लगता है कि उन्होंने कड़ी मेहनत और बहादुरी से लड़ाई लड़ी है। हालांकि ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं कि अमेरिका को गाजा अपने कब्जे में लेना चाहिए और उसकी तरक्की पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि इस क्षेत्र को स्वतंत्र क्षेत्र बनना चाहिए। ट्रंप ने कहा, गाजा एक बुरा स्थान है। यह सालों से ऐसा ही है। मुझे लगता है कि इसे एक मुक्त क्षेत्र बन जाना चाहिए, मैं इसे स्वतंत्र क्षेत्र कहता हूं। उनके पास हमास है। हर जगह हर कोई मारा जा रहा है। मेरा मतलब है, क्या आपने कभी अपराध के आंकड़ों के बारे में बात की है? यह एक बुरी जगह है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वे चाहते हैं कि गाजा की डांवाडोल स्थिति को संभालने में अमेरिका मदद करे, उन्होंने कहा कि बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं और उन्हें अगले महीने बहुत सारी अच्छी चीजों की उम्मीद है।

ट्रंप ने शुक्रवार को मध्य पूर्व की अपनी यात्रा के बाद अमेरिका लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अगले महीने बहुत सारी अच्छी चीजें होने वाली हैं, और हम देखेंगे, हमें फ़लिस्तीनियों की भी मदद करनी होगी। जब एक संवाददाता ने पूछा कि क्या वे गाजा में युद्ध की इजरायली योजनाओं का समर्थन करते हैं? तो राष्ट्रपति ने जवाब दिया आप जानते हैं, गाजा में बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं, इसलिए हमें दोनों पक्षों को देखना होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम अच्छा काम करने जा रहे हैं। शुक्रवार को तीन खाड़ी देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में संयुक्त अरब अमीरात में ट्रंप ने दोहरायाहम गाजा को देख रहे हैं, और हमें दोनों पक्षों को देखना होगा। इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं। बहुत से लोग। बहुत सी बुरी चीजें हो रही हैं। इजरायली सेना ने गुरुवार को गाजा में जबरदस्त एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 100 से ज्यादा लोग मारे गए। गाजा सिविल डिफेंस के अनुसार, उत्तरी गाजा में जबाल्या और दक्षिण में खान यूनिस में बहुत से लोग हताहत हुए। गुरुवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कतर में एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में गाजा पट्टी पर कब्जा करने की अपनी इच्छा दोहराई और कहा कि अमेरिका इसे एक स्वतंत्रता क्षेत्र बनाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या मध्य पूर्व में उनके द्वारा दौरा किए गए तीन देश समाधान का हिस्सा होंगे, ट्रंप ने कहा- मैंने उन तीनों से बात की, वे निश्चित रूप से होंगे। मेरा मतलब है, वे वास्तव में अमीर हैं और वास्तव में, वास्तव में, वास्तव में, अमीर से भी ज्यादा, वे अच्छे लोग हैं।

### सुडोकू 6916

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### वर्ग पहेली 6916

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दाये:-**

१.वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-6915

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |


युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंता** *ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर जिंदगी तलाशने में जुटे सीमावासी*

# पाक गोलाबारी ने एलओसी से सटे उड़ी को बना दिया भूतिया शहर

**जम्मू, (देशबन्धु)। अगर शब्दों में बयां करें तो अब उड़ी एक भूतिया शहर है, इसकी सड़कें परेशान और टूटी हुई हैं। जो लोग वापस आते हैं उन्हें कोई शांति नहीं मिलती, बस डर रहता है कि बम फिर गिरेंगे और जो कुछ घर बचा है उसे भी मिटा देंगे। गोलाबारी बंद होने के कई दिनों बाद भी उड़ी में युद्ध जैसी गंध।**

आ रही है। सीमावर्ती शहर झुलसा हुआ और शांत है, इसकी हवा में धुआं, बारूद और जली हुई लकड़ी की चुभन है। मलबे के बीच, कुछ निवासी वापस लौटने लगे हैं। वे शांत, सतर्क हैं और इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि उन्हें घर के खंडहरों में क्या मिलेगा। आमिर राथर कहते थे कि यहां आग और डर की गंध आ रही है, जहां कभी लगमा में उनकी दुकान हुआ करती थी। राथर बारामुल्ला से लौटे, टूटी हुई टाइलों और जले हुए साइनबोर्डों पर कदम रखते हुए, किसी भी ऐसी चीज की तलाश कर रहे थे जिसे बचाया जा सके। वे कहते थे कि हमने अपनी जिंदगी ईंट-ईंट जोड़कर बनाई है। सब कुछ खोने में कुछ मिनट लगे। 8 मई की रात को, पाकिस्तानी तोपखाने ने उड़ी पर हमला किया, जिसे कई लोग 1948 के बाद से सबसे भीषण सीमा पार हमला कहते हैं, जब यह क्षेत्र सबसे बड़े भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पहली बार गोलाबारी की चपेट में आया था। हाल ही में भड़की इस घटना में 50 से अधिक घर और इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक महिला की मौत हो गई। बच्चों सहित नौ अन्य लोग घायल हो गए। बाजार जल गए, छतें ढह गईं और रातों-रात पूरा मोहल्ला खाली हो गया।



■ भारत-पाक तनाव में 50 से अधिक घर व इमारतें हुईं क्षतिग्रस्त

अब, बचे हुए लोग धीरे-धीरे वापस आ रहे हैं, यह देखने के लिए कि अंधेरे में भागे हुए घरों का क्या बचा है।

और उनके जीवन के कौन से टुकड़े प्लास्टिक की बोरियों और कांपते हाथों में ढोए जा सकते हैं। सलामाबाद में, परिवार नंगे हाथों से मलबे से सामान उठा रहे हैं। एक टूटी हुई खाट। जंग लगा प्रेशर कुकर। एक बच्चे का स्वेटर, जिसकी आस्तीनें झुलस गई हैं। बशीरा बानो, जिनकी रसोई एक गोले से चपटी हो गई थी, कहती थीं कि हमारे पास कुछ भी नहीं बचा था। अब और भी कम बचा है। कलगई, जो कभी एलओसी के पास घरों का एक जीवंत समूह था, अब काली पड़ चुकी दीवारों और झुलसे हुए खेतों का कंकाल बन गया है। उड़ी के व्यावसायिक केंद्र, बांदी बाजार में, नुकसान पूरा हो चुका है। कई दुकानें मुड़े हुए शटर तक सिमट गई हैं।

एक गाय बेफिक्र होकर खंडहरों में भटक रही थी। उसे भगाने वाला कोई नहीं था। गिंगल की टूटी-फूटी सड़कों पर चलते हुए 85 वर्षीय हकीमुद्दीन चौधरी कहते थे कि कि इसने हमें 1948 की याद दिला दी। उस समय, पहाड़ों में भीषण आग की गूंज थी। यह फिर से हो रहा है।

# खेल जगत

## स्काई, बुमराह और अय्यर ने वानखेड़े स्टैंड सम्मान पर रोहित को बधाई दी

**मुंबई।** प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड के अनावरण के बाद, कई साथियों ने भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता को अपनी शुभकामनाएं भेजीं। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें भारतीय क्रिकेट के कई सितारों ने इस महान खिलाड़ी को अपनी शुभकामनाएं साझा कीं। रोहित के मुंबई और भारत के साथी सूर्यकुमार यादव और यशस्वी जायसवाल ने इस करिश्माई बल्लेबाज को बधाई दी, जबकि बाद वाले ने कुछ चुटकुले भी सुनाए। मैं रोहित भाई के लिए क्या कह सकता हूं? मैं वास्तव में खुश हूं। जब कोई क्रिकेटर खेल रहा होता है और उसका नाम स्टैंड पर होता है, तो मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, मुंबई रणजी ट्रॉफी सेट-अप में रोहित के साथी यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं आपके स्टैंड पर ढेर सारे छक्के लगाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।



# नीरज चोपड़ा ने पहली बार 90 मीटर की बाधा का तोड़ा

### दोहा डायमंड लीग में रजत जीता




**दोहा,** 17 मई (एजेंसियां)। भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85.34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10.92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फ्रेजर-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0.01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया।

## 'शानदार उपलब्धि' पर मोदी ने नीरज को दी बधाई

**नई दिल्ली।** 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग 2025 में जबरदस्त भाला फेंकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने को चोपड़ा की 'शानदार उपलब्धि' बताया है। प्रधानमंत्री के ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल से बधाई संदेश दिया गया है। भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर के पार भाला फेंककर इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना पर्सनल बेस्ट बनाया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 30 जून 2022 को स्टॉकहोम डायमंड लीग में फेंका था। बेस्ट थ्रो के बावजूद, नीरज चोपड़ा को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। जर्मनी के वेबर जूलियन ने 91.06 मीटर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज छह में से पांचवें थ्रो तक नंबर एक पर थे, लेकिन छठे और आखिरी थ्रो में जूलियन उनसे आगे निकल गए। 90 मीटर की दूरी केवल एक आंकड़ा नहीं थी, बल्कि नीरज चोपड़ा के लिए यह एक चुनौती बन चुकी थी। वह कई बार इस आंकड़े के बेहद करीब पहुंचे थे, लेकिन हर बार 88 या 89 मीटर तक सीमित रह गए। नीरज चोपड़ा ने जब तीसरे प्रयास में यह ऐतिहासिक थ्रो किया, तो पूरा मैदान झूम उठा। इस प्रदर्शन में उनके नए कोच जान जेलेज्नी की भूमिका भी अहम मानी जा रही है।

# तेंदुलकर के सम्मान में बीसीसीआई ऑफिस में बना बोर्ड रूम, किया उद्घाटन



■ सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है : सचिन

**मुंबई,** 17 मई (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा कि सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा कि यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता। 2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा कि 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं?

# गुजरात रिटर्न दिल्ली को हरा प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ दिल्ली को प्ले ऑफ पहुंचने के लिए बाकी तीन में दो मैच जीतने होंगे

■ सुदर्शन, शुभमन व बटलर को रोकना दिल्ली के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली,** 17 मई (देशबन्धु)। शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस के लिए पांच पांच अर्द्धशतक जड़ चुके सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन, उनके सलामी जोड़ीदार कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर मौजूदा 2025 आईपीएल में समान रूप से पांच सौ पांच सौ रन बनाने के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में शीर्ष पांच बल्लेबाजों मे हैं। गुजरात टाइटंस 11 मैचों में आठ जीत और मात्र तीन हार के साथ कुल 16 अंकों के साथ अपने बेहतर नेट रन रेट के चलते फिलहाल शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स अब फिलहाल11 मैचों में पांच जीत और एक मैच के बारिश के धुलने और पांच हार से कुल 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। गुजरात टाइटंस बटलर के बेहतरीन 97 रन की बदौलत अपने घर अहमदाबाद में मौजूदा सीजन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को चार गेंदों के बाकी रहते सात विकेट से हराया था। गुजरात टाइटंस अब मेजबान दिल्ली को रिटर्न मैच में भी रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में हरा प्ले ऑफ में स्थान पक्का करना उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहत की बात यह है कि अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से सात विकेट से हारने को छोड़ उसने उससे पिछले पांच में तीन मैच जीते है। दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीद बनाए के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार के मैच सहित अपने बाकी तीन में दो मैच जीतने जरूरी हैं। मौजूदा संस्करण में रन बनाने में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (509 रन) मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव से एक रन पीछे दूसरे स्थान पर शुभमन गिल उनसे एक रन पीछे तीसरे और बटलर (500 रन) पांचवें स्थान पर है। मिचेल स्टार्क के स्वदेश लौटने से दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम में सुदर्शन, शुभमन व बटलर को रोकना बड़ी चुनौती होगा। शीर्ष क्रम में सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और बटलर के बल्ले से तथा फिलहाल 11 मैचों में 20 विकेट चटका पर्पल कैप पर कब्जा जमाने वाले लंबे कद के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर, रंगत पाने के लिए जूझ रहे लेग स्पिनर राशिद खान के गेंद से दमदार प्रदर्शन किया है।

# प्लेऑफ की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाने उतरेंगे पंजाब किंग्स

■ आरआर और पीबीकेएस के बीच अब तक 29 आईपीएल मैच हो चुके हैं, जिसमें आरआर को 17 जबकि पीबीकेएस को 12 में जीत मिली है



**जयपुर,** 17 मई (एजेंसियां)। एक सप्ताह के विराम के बाद शनिवार से आईपीएल 2025 फिर से शुरू हो रहा है। रविवार के डबल हेडर में पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच जयपुर में खेला जाएगा। जहां पीबीकेएस की टीम 11 में से सात जीत और 14 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के बहुत करीब है, वहीं आरआर की टीम 12 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। आरआर और पीबीकेएस के बीच अब तक 29 आईपीएल मैच हो चुके हैं, जिसमें आरआर को 17 जबकि पीबीकेएस को 12 में जीत मिली है। जयपुर में भी हुए दोनों टीमों के बीच छह मुकाबलों में आरआर 5-1 से आगे है। वहीं 2022 से हुए दोनों देशों के बीच हुए छह मुकाबलों में आरआर की टीम 4-2 से आगे है। आंकड़ों के मुताबिक आरआर का पलड़ा इस मैच में भारी रह सकता है, लेकिन फॉर्म निश्चित रूप से पीबीकेएस के साथ है। आईपीएल 2025 रुकने से पहले यशस्वी जायसवाल शानदार फॉर्म में थे और इस सीजन वह पांच अर्द्धशतकों के साथ कुल 473 रन बना चुके हैं, जो कि इस सीजन को उनके करियर का दूसरा सबसे सफल आईपीएल सीजन बनाता है।

हालांकि उन्हें पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह परेशान कर सकते हैं, जिन्होंने जायसवाल को छह आईपीएल पारियों में दो बार आउट किया है। यशस्वी, अर्शदीप के खिलाफ सिर्फ 18 की औसत और 124 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। पीबीकेएस के ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस का अभी तक आईपीएल में फिर से आना तय नहीं है, लेकिन अगर वह टीम से जुड़ते हैं तो वह भी जायसवाल को परेशान कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### रोस्टन चेस वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान नियुक्त

**एंटीगुआ।** ऑलराउंडर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि जोमेल वारिकन को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। वेस्टइंडीज के कप्तान की भूमिका के लिए छह उम्मीदवारों जॉन कैंपबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, चेस और वारिकन को शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके टेस्ट अनुभव, नेतृत्व गुण और पूर्व कप्तानी के आधार पर किया गया। फिर उन्हें एक विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें नेतृत्व शैली, व्यवहार और भूमिका के लिए समग्र रूप से फिट होने के लिए साइकोमेट्रिक परीक्षण शामिल था। इसके बाद संरचित साक्षात्कार हुए। चयन प्रक्रिया के समापन पर, रोस्टन चेस को कप्तान नियुक्त किया गया जबकि जोमेल वारिकन को उप कप्तान बनाया गया।


### सिनर और अल्काराज़ इटैलियन ओपन के फाइनल में

**रोम।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं। उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया।

### दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन 7 जून से

**नई दिल्ली।** दिल्ली शतरंज संघ द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 7 से 14 जून तक नई दिल्ली के छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 1.21 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप सर्किट पर एक प्रमुख कैलेंडर इवेंट के रूप में इस टूर्नामेंट ने भारत के शतरंज सितारों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पिछले विजेता अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिदंबरम, आर. प्रज्ञानंद और विश्व चैम्पियन गुकेश डोमाराजू शामिल हैं। इन सबने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना अंतिम जीएम मानदंड यहीं अर्जित किया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित, दिल्ली जीएम ओपन भागीदारी के मामले में एशिया में सबसे बड़ा क्लासिकल-फॉर्मेट शतरंज टूर्नामेंट बन गया है।

## आरसीबी-केकेआर मैच से कोहली की 18 नंबर की जर्सी खरीदने की होड़



**बेंगलुरु,** 17 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शनिवार को आईपीएल 2025 के मुकाबले से पहले प्रशंसकों के बीच विराट कोहली की प्रतिष्ठित 18 नंबर जर्सी खरीदने की होड़ मची रही।महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद से कोहली का यह पहला मैच है और इस अवसर ने लीग मैच में भावनात्मक उत्साह भर दिया है। भारत और आरसीबी के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम वाली जर्सी पहने समर्थक शाम के मैच से कुछ घंटे पहले आधिकारिक मर्चेंडाइज काउंटरों पर कतार में खड़े देखे गए। कई प्रशंसकों ने जर्सी की खरीद को कोहली के शानदार टेस्ट करियर के लिए श्रद्धांजलि बताया, जो एक दशक से अधिक समय तक चला और जिसने उन्हें दुनिया में प्रशंसा दिलाई।

## पीकेएल की नीलामी से पहले जयदीप, असलम, सुनील सहित प्रमुख खिलाड़ी रिटेन किए गए

■ नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी



**मुंबई,** 17 मई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए 'एलीट रिटेन किए गए खिलाड़ी', 'रिटेन किए गए युवा खिलाड़ी' और 'नए युवा खिलाड़ी' की घोषणा की। नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी। जहां अधिकांश फ्रेंचाइजी ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है, वहीं वे आगामी पीकेएल सीजन 12 प्लेयर नीलामी में मजबूत इकाइयों का निर्माण करना भी चाहेंगे। अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिटेन किए गए शीर्ष खिलाड़ियों में सुनील कुमार और अमीरमोहम्मद जफरदानेश (यू मुंबा), जयदीप दहिया, सुरेंदर गिल (यूपी योद्धा) और असलम इनामदार और मोहित गोयत की पुणेरी पल्टन जोड़ी शामिल हैं।

इस बीच, तीन श्रेणियों में कुल 83 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया: एलीट रिटेन प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी में 25, रिटेन यंग प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी में 23 और न्यू यंग प्लेयर्स (एनवाईपी) श्रेणी में 35। पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के शीर्ष रेडर देवांक दलाल जैसे उल्लेखनीय भारतीय खिलाड़ियों सहित 500 से अधिक खिलाड़ी नीलामी के लिए तैयार हैं। ईरानी पावरहाउस फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शादलोई के साथ-साथ पीकेएल के दिग्गज मनिंदर सिंह और प्रदीप नरवाल भी पीकेएल 12 की नीलामी में प्रवेश करेंगे।

## चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी जूनियर टीम घोषित

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) दमोह संभाग दमोह

Email-eepwddamoh@mp.nic.in Phone 07812-221405

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/2025-26/ दमोह दिनांक-14/05/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय ( वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025-PWD RB-423250-1 | मुख्यालय उपसंभाग एवं मार्ग उपसंभाग दमोह के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर बी. टी. रिन्युवलकार्य ( 1 ) धरमपुरा रेल्वे क्रासिंग नं. 62 सी/2 से करैयाराख बाया लिधोराखुर्द मार्ग लंबाई 6.40 किमी. ( 2 ) खैजरा रेल्वे क्रासिंग से कोपरा एनीकट बाया सिमरी पहुंच मार्ग लंबाई 6.40 किमी. ( 3 ) देवडोंगरा से बाघराज बब्बा मार्ग लंबाई 6.30 किमी. | दमोह | 235.20 | 235200.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2025-PWD RB-423254-1 | लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग दमोह के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों / पुलियों के मरम्मत कार्य हेतु जोनल निविदा | दमोह | 200.00 | 200000.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2025-PWD RB-423260-1 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अन्तर्गत आवासीय भवनों में रंगाई/ पुताई/ मरम्मत /एम.ओ.डब्लू. विशेष मरम्मत का कार्य। | दमोह | 50.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2025-PWD RB-423261-1 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में रंगाई/पुताई/ मरम्मत /एम.ओ.डब्लू./विशेष मरम्मत का कार्य | दमोह | 50.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य आन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 15/05/2025 समय 10.30 बजे से दिनांक 30/05/2025 समय 5.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स)
दमोह संभाग दमोह, मो.नं 9424462327

G-12975/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## भारतीय जूनियर निशानेबाज साल के पहले वर्ल्ड कप के लिए सुहल रवाना होंगे


**नाम सुधार सूचना**

मैं मुह गुफरान पिता मुह सुल्तान निवासी मुकाम पोस्ट रांकई तहसील करेली जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं। मेरा पुत्र हासिर रजा का जन्म दिनांक 29.3.2016 को पराडकर हास्पिटल नरसिंहपुर में हुआ है जिसके जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम अदीब अदनाथ उर्फ हासिर रजा नाम दर्ज हो गया है। शपथकर्ता के पुत्र का सही नाम हासिर रजा है। पुत्र के पिता का नाम मुह गुफरान एवं माता का नाम बेबी नाजमीन है। शपथकर्ता अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में अदीब अदनाथ उर्फ हासिर रजा के स्थान पर हासिर रजा दर्ज करवाना चाहता है। हासिर रजा, अदीब अदनाथ उर्फ हासिर रजा उक्त दोनों नाम एक बालक के है। इस हेतु शपथ पत्र पेश है।

मुह गुफरान


**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। 40 भारतीय निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल शनिवार रात जर्मनी के सुहल में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए रवाना होगा। यह प्रतियोगिता जूनियर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। आधिकारिक आगमन की तारीख 19 मई है, जबकि मुकाबले 20 मई से शुरू होकर 26 मई 2025 तक चलेंगे। भारत, जिसने पिछले साल तीन में से दो आईएसएसएफ जूनियर प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल किया था, इस बार 57 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल भेज रहा है, जिनके साथ 21 अधिकारी, कोच और सहयोगी स्टाफ भी होंगे। दूसरा दल रविवार, 18 मई को रवाना होगा जिसमें 28 निशानेबाज और 10 सहयोगी स्टाफ होंगे। जर्मनी में स्थित सुहल, जिसकी आबादी लगभग 40,000 है।

# अर्थ जगत


## वित्त वर्ष 2026 में सरकार को 2.7 से 3 लाख करोड़ तक का लाभांश दे सकता है आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से वित्त वर्ष 26 में सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये से 3 लाख करोड़ रुपये तक का रिकॉर्ड अधिशेष लाभांश हस्तांतरित किए जाने की उम्मीद है। लाभांश की राशि पिछले साल की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत तक अधिक हो सकती है। सेबी-पंजीकृत एनालिस्ट फंट वेव रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई के लाभांश की राशि पिछले साल के ऐतिहासिक 2.1 लाख करोड़ रुपये के हस्तांतरण से काफी अधिक होगा।



# अब शेयर बाजार में उतरेंगे ग्रामीण बैंक

## बड़ी योजना का तैयारी में केंद्र सरकार




### लिस्टिंग के लिए तय किए गए मानदंड

- शेयर बाजार में आने से पहले आरआरबीएस को कुछ ज़रूरी शर्तें पूरी करनी होंगी
- पिछले 3 वित्तीय वर्षों में 300 करोड़ से ज्यादा की नेटवर्थ
- लगातार तीन साल तक 9 प्रतिशत से अधिक का कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो
- बीते 5 में से कम से कम 3 सालों में 10 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न ऑन इक्विटी
- बैंक किसी भी तरह की आरबीआई की सुधारात्मक कार्रवाई के तहत नहीं होने चाहिए।

*नई दिल्ली। सरकार अब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेशकों और आम जनता के भरोसे को मजबूत करने के लिए उन्हें शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य इन बैंकों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और निवेश योग्य बनाना है। केंद्र सरकार चाहती है कि वर्ष 2027 तक कम से कम पांच आरआरबीएस को शेयर बाजार में लिस्ट कराया जाए।*

ग्रामीण बैंकिंग को मजबूत करने के लिए सरकार पहले ही वन स्टेट, वन आरआरबी नीति लागू कर चुकी है। इसके तहत देशभर के कई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का आपस में विलय किया गया है। इस प्रक्रिया के बाद आरआरबीएस की संख्या 43 से घटकर 28 रह गई है। 1 मई 2025 से चौथे चरण का विलय लागू- नवीनतम विलय 1 मई 2025 से प्रभाव में आया, जिसके बाद अब 29 आरआरबीएस, भारत के 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में काम कर रहे हैं।

ये बैंक अब देशभर में 22,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से लगभग 700 जिलों में ग्रामीण जनता को सेवाएं दे रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ये बैंक सिर्फ ग्रामीण स्तर पर ही सेवाएं न दें, बल्कि पारदर्शी और भरोसेमंद वित्तीय संस्थान के रूप में विकसित होकर आम निवेशकों के लिए भी आकर्षक बनें।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि आरआरबीएस को निवेशकों और आम जनता दोनों के लिए भरोसेमंद संस्थान के रूप में प्रस्तुत किया जाए। यदि ये बैंक लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जाएगा।

# अब कम मिलेगा ब्याज, देश के सबसे बड़े बैंक ने दिया ग्राहकों को तगड़ा झटका

*नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को झटका दिया है। बैंक ने सावधि जमा (एफडी) ब्याज दरों में कटौती की है, जो 16 मई, 2025 से प्रभावी हो गई है। मतलब ये हुआ कि अब जमा पैसे पर बैंक ग्राहकों को पहले के मुकाबले कम ब्याज मिलेगा। एफडी ब्याज दर में कटौती 15 अप्रैल, 2025 को पिछली कटौती के ठीक एक महीने बाद हुई है। आइए जान लेते हैं कि एसबीआई ने किस अवधि के एफडी पर कितनी कटौती की है।*



**कितनी हुई कटौती-** बैंक की वेबसाइट के अनुसार, एसबीआई ने सभी अवधियों में एफडी दरों में 20 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई सामान्य नागरिकों के लिए 3 करोड़ रुपए से कम की राशि पर 3.30 प्रतिशत और 6.70 प्रतिशत प्रति वर्ष के बीच ब्याज दे रहा है। इससे पहले, एसबीआई ने 7 दिनों से 10 साल तक की अवधि के लिए 3.50 प्रतिशत और 6.90 प्रतिशत प्रति वर्ष के बीच ब्याज दरों की पेशकश की थी।

**अमृत वृष्टि योजना में भी कटौती-** एसबीआई ने अपनी विशेष एफडी योजना अमृत वृष्टि पर भी ब्याज दर में 20 बीपीएस की कटौती की है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार अमृत वृष्टि योजना की विशिष्ट अवधि 444 दिन है, जिसे आम जनता के लिए 7.05 प्रतिशत से संशोधित कर 6.85 प्रतिशत कर दिया गया है।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज दर-** वरिष्ठ नागरिकों को एसबीआई की विशेष एफडी योजना पर 7.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर की पेशकश की जाती है। संशोधन के बाद, सुपर सीनियर सिटीजन (80 वर्ष और उससे अधिक आयु के) को प्रति वर्ष 7.45 प्रतिशत की ब्याज दर की पेशकश की जाती है। बैंक ने वी-केयर डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दर में भी कटौती की है।

# भारत का फॉरेक्स रिजर्व 690 अरब डॉलर के पार

*नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पहुंच गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।*




इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रहा था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.52 अरब डॉलर बढ़कर 86.34 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रहा।

# वापस लौटे विदेशी निवेशक, मई के पहले 16 दिन में की 23782 करोड़ रुपए की खरीदारी

*नई दिल्ली। पिछले साल अक्तूबर के बाद से भारी बिकवाली कर रहे विदेशी निवेशक एक बार फिर भारत के बाजार में रुख कर रहे हैं। मई महीने में अब तक पहले 16 दिन में ही विदेशी निवेशकों ने 23782 करोड़ रुपए की खरीदारी की है। इस से पहले मार्च में विदेशी निवेशकों की बिकवाली रुकी थी और एफ.आई.आई. ने मार्च में 2014.8 करोड़ रुपए की खरीद की थी जबकि अप्रैल में विदेशी निवेशकों की खरीद का आंकड़ा 2735 करोड़ रुपए रहा था।*



मई महीने की शुरुआत से ही विदेशी निवेशक खरीदारी कर रहे हैं और 16 मई को विदेशी निवेशकों ने एक ही दिन में 8831 करोड़ रुपए की खरीदारी कर दी। इससे पहले दिसंबर 2023 में विदेशी निवेशकों ने एक महीने में 31959 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी। इसके बाद 17 मई महीने में विदेशी निवेश ने अधिकतर बिकवाली ही की है।

विदेशी निवेशकों ने 2024 में सिर्फ मार्च, जून, जुलाई और सितंबर के महीनों में ही खरीद की थी और अन्य 8 महीनों में विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की थी। 2024 में विदेशी निवेशकों ने कुल मिला कर 302434 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। इस से पहले 2022 में भी विदेशी निवेशक भारत से 278429 करोड़ रुपए की बिकवाली कर के गए थे। 2008 के बाद विदेशी निवेशकों की यह अब तक की सबसे बड़ी बिकवालियां रही। 2025 में भी अब तक विदेशी निवेशक 117830 करोड़ रुपए के शेयर बेच चुके हैं।

### मई महीने में विदेशी निवेशक

| महीने | रुपए करोड़ |
|---|---|
| मई 16 | +8,831.05 |
| मई 15 | +5,392.94 |
| मई 14 | +931.80 |
| मई 13 | -476.86 |
| मई 12 | +1,246.48 |
| मई 9 | 3,798.71 |
| मई 8 | +2,007.96 |
| मई 7 | +2,585.86 |
| मई 6 | +3,794.52 |
| मई 5 | +497.79 |
| मई 2 | +2,769.81 |

### मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 50 |
| एक यूरो | 95. 00 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 114. 00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 72 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 नेट प्रति किलो

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 95600 चांदी -98000

सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 95600 चांदी -98000


### दाल- चावल भाव


महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एक्स्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


### लोहा भाव


अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# देश पहले, कारोबार बाद में- रत्न उद्योग ने तुर्किये-अजरबैजान से संबंध तोड़ने का दिया संदेश

*नई दिल्ली। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने शुक्रवार को उद्योग से आग्रह किया कि तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक लेनदेन को निलंबित कर दिया जाए।*



जीजेसी ने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से समर्थन दिए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान चली गई थी।

जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, भारतीय रत्न एवं आभूषण क्षेत्र राष्ट्र के समर्थन में एकजुट है। यह जरूरी है कि हमारा उद्योग कारोबार से ज्यादा देश को प्राथमिकता देकर एक मजबूत उदाहरण पेश करे। हम हर जौहरी, विनिर्माता, व्यापारी और थोक व्यापारी से तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी लेनदेन बंद करने का आह्वान करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह सामूहिक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्रीय हितों और एकजुटता के प्रति उद्योग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रोकड़े ने कहा, कारोबार को रोककर हम एकता और संकल्प का स्पष्ट संदेश देंगे और राष्ट्रीय गौरव के स्तंभ के रूप में हमारे उद्योग की भूमिका को मजबूत करेंगे। आइए हम इन मूल्यों को बनाए रखने के लिए एक उद्योग के रूप में एकजुट हों। भारत के सम्मान और सुरक्षा के प्रति अपनी वफादारी का प्रदर्शन करें।

# अमेरिका-चीन की वजह से गिर गए सोने के दाम

**नई दिल्ली।** सोना, जो हाल ही में एक लाख प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर था, अब 92,000 के नीचे फिसल चुका है. मई 16 को एमसीएक्स पर जून गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट्स में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई. माना जा रहा है कि सोने की कीमतों में गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिका और चीन के बीच का व्यापारिक तनाव कम होना है.



दरअसल, दोनों देशों ने आपसी समझौते के तहत 90 दिनों तक एक-दूसरे के सामानों पर लगाई गई टैरिफ को कम कर दिया है. इससे निवेशकों का रुख सुरक्षित निवेश यानी सोने से हटकर जोखिम वाले एसेट्स की ओर हो गया है.

**मजबूत डॉलर ने भी गिराया सोने का भाव-** डॉलर इंडेक्स इस समय लगातार चौथे हफ्ते मजबूत हो रहा है, जिससे अन्य करेंसी धारकों के लिए सोना महंगा हो जाता है और उसकी मांग घटती है. यही कारण है कि इंटरनेशनल मार्केट में भी सोने की कीमतों में गिरावट आई है. स्पॉट गोल्ड की बात करें तो अमेरिकी बाज़ार में यह 3,210.19 डॉलर प्रति औंस तक फिसल चुका है, जो इस हफ्ते की लगभग 3 फीसदी की गिरावट को दिखाता है. नवंबर 2024 के बाद की यह सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है.

**फेडरल रिजर्व की नीति से नहीं मिली राहत-** एक्सपर्ट्स का कहना है कि स्फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती के कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं, जिससे बुलियन मार्केट (सोने की खरीदारी) में उत्साह कम हुआ है. जब ब्याज दरें नहीं घटतीं, तब सोने का आकर्षण कम हो जाता है क्योंकि इससे कैरी कॉस्ट बढ़ती है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.- 9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

प्लॉट उपलब्ध हैं

न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी

संपर्क: 6264760614

देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# अमेरिका बना भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल सप्लायर, यूएई को छोड़ा पीछे

*नई दिल्ली। भारत की तेल आपूर्ति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब कच्चे तेल की सबसे ज्यादा आपूर्ति सिर्फ मध्य-पूर्व से नहीं, बल्कि अमेरिका से भी हो रही है। अप्रैल 2025 में अमेरिका भारत का चौथा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल सप्लायर बन गया है और उसने इस सूची में संयुक्त अरब अमीरात को पीछे छोड़ दिया है।*

एनर्जी डेटा एनालिसिस फर्म वोरटिया के मुताबिक, भारत ने अमेरिका से तेल की खरीद को 0.17 मिलियन बैरल/दिन से बढ़ाकर 0.33 मिलियन बैरल/दिन कर दिया है, जो एक साल में दोगुना है।




**ट्रंप-मोदी वार्ता का असर-** यह बढ़त उस बैठक के बाद देखी गई है जो फरवरी 2025 में वॉशिंगटन डीसी में पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार असंतुलन कम करने और ऊर्जा साझेदारी मजबूत करने की बात की थी। भारत सरकार के मुताबिक, अमेरिका से ऊर्जा आयात 15 अरब डॉलर से बढ़कर 25 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

**अमेरिका की सप्लाई क्यों बढ़ी? -** यूरोप में हल्के तेल की मांग घटने और रिफाइनरियों के बंद होने के कारण अमेरिका को नए बाजार की तलाश थी। ऐसे में भारत एक बड़ा खरीदार बनकर उभरा। अकेले अप्रैल में अमेरिका के कुल तेल निर्यात का 8 प्रतिशत भारत ने खरीदा।

**सऊदी और यूएई क्यों पिछड़ रहे हैं ?-** यूएई की आपूर्ति मार्च में बढ़ी थी, जिससे अप्रैल में स्वाभाविक गिरावट आई। वहीं सऊदी अरब फिलहाल एशिया और यूरोप में हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, ओपेक + ने मई-जून में प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना बनाई है, जिससे सऊदी की सप्लाई फिर बढ़ सकती है।

### अब भारत को सबसे ज्यादा तेल कहां से मिलता है?

| | |
|---|---|
| रूस | - 37.8 प्रतिशत |
| इराक | - 19.1 प्रतिशत |
| सऊदी अरब | - 10.4 प्रतिशत |
| अमेरिका | - 7.3 प्रतिशत |
| यूएई | - 6.4 प्रतिशत (गिरावट) |

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, परेशान हो रहे विद्यार्थी

### रादुविवि से नहीं जुड़े निजी, स्वशासी महाविद्यालयों के नाम




**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपीबोर्ड एवं हालहीं में सीबीएसई के रिजल्ट जारी होने के बाद ऑनलाइन एडमीशन प्रक्रिया शहर के साथ समूचे प्रदेश में प्रारंभ हो गई। प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद इसमें विसंगति सामने आ रही हैं।

विद्यार्थियों ने बताया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) द्वारा शासकीय महाविद्यालय की प्रोफाइल लॉक कर दी है जिससे शासकीय महाविद्यालय तो प्रवेश हेतु दिखने लगे हैं और इनमें ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है लेकिन अब भी रादुविवि द्वारा अनुदान प्राप्त महाविद्यालय और निजी महाविद्यालयों की प्रोफाइल लॉक नहीं की है। जिसके चलते एडमीशन पोर्टल पर न तो निजी महाविद्यालय नजर आ रहे हैं और न हीं स्वशासी महाविद्यालय, जिसके चलते इनमें प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को निराशा का सामना करना पड़ रहा हैं।

ऐसी स्थिति में शासकीय महाविद्यालय में तो प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं परन्तु अनुदान प्राप्त और निजी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं हो पा रहे हैं। इससे अनुदान प्राप्त और निजी महाविद्यालय की प्रवेश प्रभावित हो सकते हैं। विद्यार्थियों के साथ स्वशासी और निजी कॉलेज प्रबंधकों ने छात्र हित में रादुविवि प्रबंधन से इन कॉलेजों की प्रोफाइल भी अविलम्ब लॉक करने की मांग की हैं।

#### प्रदेश में 1360 कॉलेज एप दिखा रहा 570

एडमीशन प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद प्रदेश भर के छात्र निजी एवं स्वशासी संस्थाओं का नाम न जुड़ पाने की वजह से परेशान दिखाई दिए।

एडमिशन के लिए प्रदेश के 1360 कॉलेज हैं लेकिन राजकोट की कंपनी के एप पर मध्यप्रदेश के 570 गवर्नमेंट और कुछ ऑटोनॉमस कॉलेज ही पात्र बताए जा रहे हैं। 73 ग्रांट और 568 प्राइवेट कॉलेज के नाम इस लिस्ट में शाम तक दिखाई ही नहीं दिए। यानि विद्यार्थी अभी सिर्फ गवर्नमेंट कॉलेज में ही एडमिशन ले सकेंगे।

#### प्रदेश भर में यही हाल

यह स्थिति केवल रादुविवि की नहीं उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों में ही यही हालात हैं। प्रदेश के कॉलेजों में एडमिशन का काम गुरुवार दोपहर से शुरू होना था। सुबह तक ई-प्रवेश की सुविधा सिर्फ सरकारी कॉलेज में एडमिशन के लिए ही मिल रही थी। ग्रांट और प्राइवेट कॉलेज के नाम पोर्टल पर चढ़े ही नहीं। इस बार बीबीए-बीसीए के एडमिशन उच्च शिक्षा विभाग नहीं बल्कि एआईसीटीई और डीटीई के जरिए होंगे। यह काम कब होगा, यह भी तय नहीं है। एडमिशन के लिए समग्र आईडी जरूरी कर दिया गया है, जिससे प्रदेश के बाहर के विद्यार्थियों को परेशानी होगी।

## 'अमृत' पी रहे ठेकेदार यात्रियों के लिए छोड़ रहे 'विष!'

### पमरे के इंजीनियरिंग विभाग के प्रश्रय में प्लेटफार्म निर्माण के नाम पर गड़बड़ी का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल (पमरे) के भोपाल मंडल में अमृत भारत योजना के नाम पर चल रहे कार्य में पमरे के इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर ठेकेदार तो चांदी काट रहे हैं लेकिन इस बीच प्लेटफॉर्म निर्माण के नाम योजना का मखौल उड़ाया जा रहा हैं।

यह आरोप लगाते हुए बोर्ड से जुड़े सदस्यों ने बताया कि योजना के तहत गुना, अशोक नगर, रुठियाई, राजगढ़ ब्यौरा, जावरा और शाजापुर में निर्माण के नाम पर योजना का मखौल उड़ाया जा रहा हैं। सूत्रों के अनुसार प्लेटफॉर्म निर्माण के नाम पर अत्यधिक घटिया स्तर का कार्य ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा हैं लेकिन आलम ये हैं कि इसका निरीक्षण, पर्यवेक्षण करने वाले इंजीनियरिंग और अन्य विभागों के अधिकारियों की




इन ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते न सिर्फ इंस्पेक्शन के नाम पर इन्हें क्लीनचिट दी जा रही हैं बल्कि खराब गुणवत्ता के कार्य के बावजूद इन ठेकेदारों को समय से पूर्व ही भुगतान किया जा रहा हैं। पमरे के विजिलेंस विभाग को इस संबंध में कुछ नागरिकों और रेल यात्रियों ने शिकायत का मन बना लिया हैं।

**यहां भी विजीलेंस की जाचं की मांग** ज्ञात हो कि जबलपुर मंडल के भिटौनी रेलवे स्टेशन के पास पटरी चोरी के मामले की जांच में यह बात सामने आई थी कि जिस रेलवे ट्रैक पर पुरानी पटरियां को हटाकर नई पटरियां लगाई जानी थीं, वहां पुरानी पटरियां ही जस की तस लगा दी गईं। यह काम भी इंजीनियरिंग विभाग के ठेकेदार ने ही किया। इस मामले की पमरे जोन की विजिलेंस टीम जांच कर रही है।

यह कारनामा सामने आने के बाद विजलेंस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक इन दोनों मामलों के सामने आने से इंजीनियरिंग विभाग और ठेकेदार के बीच चल रही सांठगांठ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब तलाशने में आरपीएफ और विजिलेंस दोनों जुट गई हैं। पमरे से जुड़े रेल विभाग के अधिकारियों ने दबी जुबान से स्वीकारा कि यदि अमृत भार योजना के तहत गुना, अशोक नगर, रुठियाई, राजगढ़ ब्यौरा, जावरा और शाजापुर में चल रहे निर्माण कार्य की भी पमरे की विजिलेंस और आरपीएफ की टीम स्वत- संज्ञान लेकर जांच करें तो मामले में चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

#### पमरे को ठेकेदार लगा रहे चूना

उक्त स्टेशनों पर न सिर्फ वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जा रही हैं बल्कि ठेकेदारों के गुर्गों द्वारा स्टेशन परिसर के आस-पास पड़ी सामग्री को चुराया भी जा रहा हैं। सूत्रों के अनुसार उक्त स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लगने वाली निर्माण सामग्री का कोई वाहन यहां से खाली नहीं लौटता हैं। स्टेशन के आस-पास पड़ी पुरानी पटरी चोरी के साथ अन्य सामग्री की चोरी का आरोप ठेकेदारों और उनके गुर्गों पर लगाया जा रहा हैं।

## डॉक्टर और पुलिस कर्मियों के बीच झूमा-झपटी

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले में डॉक्टर और पुलिसकर्मियों के बीच बीती रात मारपीट हो गई। इस बीच डॉक्टर पर जहां पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने का आरोप लगाया जा रहा हैं वहीं डॉक्टर का आरोप हैं कि वे नाइट ड्यूटी कर लौट रहे थे तो पुलिस ने उन्हें रोककर बेवजह मारपीट कर दी। घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जबकि मारपीट में घायल चिकित्सक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी शुक्रवार देर रात ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आईटीआई के समीप अपने निवास के पास पहुंचे, वहां रात्रि गश्त कर रही सोहागपुर पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया और देर रात बाहर रहने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा की नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। डॉक्टर का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उनके से साथ बदसलूकी कर झूमाझपटी कर मारपीट की वहीं पुलिस कर्मियों



का आरोप हैं कि डॉक्टर ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी। जिला अस्पताल में पदस्थ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी शुक्रवार देर रात ड्यूटी पूरी कर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आई टी आई के समीप अपने निवास के पास पहुंचे, वहां रात्रि गश्त कर रही सोहागपुर पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया और देर रात सड़क पर मौजूद होने का कारण पूछा।

इसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और बात बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने डॉ. द्विवेदी की पत्नी और पिता के सामने ही उन्हें बेरहमी से पीटा और फिर उन्हें थाने ले जाकर भी उनकी पिटाई की गई।

## बारातियों से भरी बस पेड़ से टकराकर पलटी, हेल्पर की मौत, 12 बाराती घायल

**मंडला, देशबन्धु।** एमपी के मंडला-निवास रोड पर बारातियों को लेकर जा रही बस पेड़ से टकराकर पलट गई. हादसे में बस के हेल्पर की दबने के कारण मौत हो गई. वहीं 12 बारातियों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए बबलिया स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया. जहां पर हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम छपरा निवास से मरावी परिवार के 50 बारातियों को लेकर बस डुलहरी गांव मेहंदवानी के लिए रवाना हुई. बस जब चकदेही घाट से आगे बढ़ रही थी। इस दौरान चालक अपना संतुलन खो बैठा और बस पेड़ से टकराकर पलट गई. बस के पलटने से हेल्पर की दबने से मौत हो गई. वहीं बस में सवार बारातियों में चीख पुकार मच गई। राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बबलिया के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां पर घायलों की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पेड़ से टकराकर पलट गई है, नहीं तो गहरी खाई में गिर जाती जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

## मंडला में भाजपा जिला महामंत्री पर दबंगई का आरोप

### विवाद के चलते दुकानदार से मारपीट

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला में भाजपा जिला महामंत्री उमेश ठाकुर और उनके बेटे हर्ष ठाकुर पर किराए को लेकर उपजे विवाद पर एक दुकानदार के साथ मारपीट का आरोप हैं।

बताते हैं पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। जिले में भाजपा के तीन बार जिला महामंत्री पद पर रहे उमेश ठाकुर और उनके बेटे हर्ष ठाकुर पर एक मोबाइल दुकान के दुकानदार अभिषेक ठाकुर से मारपीट का आरोप है। यह विवाद किराए को लेकर हुआ था। घटना 12 मई को घुटास बस स्टैंड के पास स्थित मोबाइल दुकान की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

**भाजपा जिला महामंत्री उमेश ठाकुर की राजनीतिक पृष्ठभूमि**

उमेश ठाकुर मंडला जिले में भाजपा के तीन बार जिला महामंत्री रह चुके हैं। इससे पहले वे मवई मंडल अध्यक्ष, घुटास ग्राम पंचायत सरपंच और मवई जनपद उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बम्हनी दौरे के दौरान भी उमेश ठाकुर मप्र के सीएम मोहन यादव का स्वागत करने हेलिपैड पर मौजूद थे।

#### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ मामला

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में जो बाद सामने आई हैं उसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि उमेश ठाकुर और उनका बेटा हर्ष दुकान में घुसते हैं और अभिषेक ठाकुर से गाली-गलौज करने लगते हैं। दोनों मिलकर दुकानदार को जबरदस्ती दुकान से बाहर खींचते हैं, उसकी शर्ट फाड़ देते हैं और नीचे पटक देते हैं। इसके बाद जब अभिषेक फिर से खड़ा होता है, तो पिता और बेटे ने उसे थप्पड़ मार दिए। आसपास के लोग बीच-बचाव के लिए आए लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। अभिषेक ठाकुर का आरोप हैं कि उसने उमेश ठाकुर की मोबाइल दुकान इस साल 30 मार्च को 6 महीने के लिए किराए से ली थी। एक हफ़्ते बाद ही उमेश ने उनसे दुकान खाली करने के लिए कहा। अभिषेक ने 18 अप्रैल को दुकान खाली कर दी लेकिन 12 मई को दोपहर करीब 12:30 बजे उमेश ने फोन करके किराया माँगा। अभिषेक ने बताया कि उनके 57,000 रुपए बकाया हैं, उसमें से किराया काट लिया जाए।

## डम्पर ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना पहाड़ी खेड़ा रोड पर लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है तथा आए दिन जाने जा रही हैं इसी प्रकार का मामला सामने आया है पन्ना पहाड़ी खेड़ा रोड बिलखुरा के पास एक। तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों में दो की घटनास्थल पर ही है मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जल चिकित्सालय गया, जहां से उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रामखेलावन पिता नाथू रजक उम्र 50 वर्ष निवासी ककरहटा, राजा भैया पिता श्याम लाल रजक 48 वर्ष एवं ईद उल पिता अनवर उम्र 30 वर्ष निवासी ककरहटी मोटरसाइकिल से पन्ना की ओर आ रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार डम्पर सीजी 16 सीकी यू 3212 के चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में रामखेलावन रजक निवासी ककराहटा, राजा भैया रजक निवासी नागौद की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा ईद उल गंभीर घायल हुआ, जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में होने के बाद रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है। उक्त घटना से ककरहटी क्षेत्र में शोक का माहौल है। ज्ञात कि हो पन्ना पहाड़ीखेड़ा रोड पर आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं।

#### तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत



जिले के शाह नगर थाना अंतर्गत ग्राम सुगरहा में तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार घर में शादी समारोह चल रहा था, इस दौरान दो लोग तालाब में नहाने गए थे। नहाते वक्त गहरे पानी में चले गए जिसमें राकेश कुशवाहा पिता गोविंद कुशवाहा एवं लखन कुशवाहा पिता लक्ष्मण कुशवाहा 40 वर्ष की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।


NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान



अमर शहीद स्मृति मेला
देशभक्ति | पारिवारिक मनोरंजन | खाना





रोजाना सायंकाल 5.30 से 10.30 बजे तक
महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट गोलबाजार जबलपुर


## पन्ना टाइगर रिजर्व में मादा भालू की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना टाइगर रिजर्व की गंगा यू अभ्यारण क्षेत्र की बांधी बीट में एक भालू लगभग आठ वर्ष का मृत्यु अवस्था में मिला है जिससे हड़कंप मचा हुआ है क्योंकि 2 दिन पूर्व टाइगर रिजर्व में ही एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला था इस प्रकार से टाइगर रिजर्व के बन प्राणियों के मौतों का लगातार सिलसिला जारी है जिससे टाइगर रिजर्व के अधिकारी कर्मचारी भी सकते मे नजर आ रहे हैं। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन प्राणियों को बचाने के लिए लंबा अमला लगा हुआ है तथा प्रति माह उनका संरक्षण करने के लिए करोड़ों का बजट मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा खर्च किया जा रहा है लेकिन इस प्रकार से वन जीबो की मौत का सिलसिला जारी रहा तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं इस संबंध में उप संचालक मोहित सूद ने बताया कि भालू की मौत किसी बीमारी से हो सकती है क्योंकि वह भालू वृद्ध भी हो चुका था।


देशबन्धु संस्करण को 68 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
देशबन्धु 68 वर्ष
II SHRI KRISHNA II
FAST RAIL CARGO
Head Office Jabalpur (M.P.)- 64 North Civil Line, Old Power House, Booking Office Jabalpur (M.P.)- Shop No. 6, Lema Garden, Cluster Market
SKC
Mob.: 9302788884, 9522488886, 8878288886, 9301688884
Email- fastrailcargo01@gmail.com
B.O.: Kaachi Mohalla, Nr. Alka Jyoti Talkies, Indore (M.P.)
Contact- 9522788886





J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 126 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 124 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मो.- 9039925999






देशबन्धु 68 वर्ष
देशबन्धु संस्करण को 68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं




रौनक छाबड़ा